हिन्दी दैनिक

जन-जन की वाणी...

# सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, आरा एवं रांची से प्रकाशित

कृष्ण पक्ष, आर्द्रा, विक्रम संवत् 2081

• औरंगाबाद • गुरूवार • 29 अगस्त 2024 • वर्ष 26 • अंक 259 • पृष्ठ 12

मूल्य ₹ 2.00

झारखण्ड सरकार
GOVERNMENT OF JHARKHAND

अनुबंध आधारित

## सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारी (CHO)

# नियुक्ति पत्र वितरण समारोह




आवश्यक सूचना

108 आकस्मिक स्थिति में किसी भी मरीज को एंबुलेंस द्वारा स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाने हेतु राज्य हेल्पलाईन नंबर **108 (टॉल फ्री)** पर कॉल करें

104 स्वास्थ्य संबंधी किसी भी जानकारी हेतु 24x7 नि:शुल्क राज्य हेल्पलाइन नंबर **104 (टॉल फ्री)** पर कॉल करें

मुख्य अतिथि

**श्री हेमन्त सोरेन**

माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड

गरिमामयी उपस्थिति

**श्री बन्ना गुप्ता**

माननीय मंत्री, स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग और खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग, झारखण्ड सरकार

दिनांक: 29 अगस्त 2024 | समय : अपराह्न 12:00 बजे

स्थान : प्रोजेक्ट भवन, रांची

**स्वस्थ झारखण्ड सुखी झारखण्ड**





PR No. 333501 / IPRD / 2024-25

स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, झारखण्ड सरकार

# संक्षिप्त समाचार

## प्रत्येक बूथ पर 200 सदस्यों को पार्टी से जोड़ेंगे

**टिकारी।** टिकारी भाजपा नगर मण्डल के कार्यकर्ता प्रत्येक बूथ पर दो सौ सदस्य को पार्टी से जोड़ेंगे। उक्त निर्णय मंगलवार को पार्टी की नगर मण्डल इकाई की विश्व हिंदू परिषद कार्यालय में आयोजित कार्यशाला में ली गई। कार्यशाला में पार्टी के जिला मंत्री धर्मेंद्र यादव एवं आईटी सेल के कमल कुमार उपस्थित हुए। जिला मंत्री श्री यादव द्वारा पार्टी द्वारा चलाई जा रही कार्यक्रम को विस्तार से समझाया गया। श्री यादव ने कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता को प्रत्येक बूथ पर सक्रिय होकर कार्य करना होगा। 200 के लक्ष्य को पूरा करते हुए नये जुड़े सदस्यों को पार्टी की विचारधारा से भी अवगत कराना है। बूथ स्तर पर पार्टी द्वारा निर्धारित की गई कार्यक्रम का भी आयोजन करने का निर्देश दिया गया। कार्यशाला की अध्यक्षता मण्डल अध्यक्ष पुष्पा चौरसिया ने की। कार्यशाला में नगर महामंत्री प्रभाष आनंद, सुधीर टूटू, रणजीत कुमार, अनिरुद्ध शर्मा, दीपक चौरसिया आदि थे।

## मिशन वात्सल्य के तहत डीएम ने 68 नए लाभार्थियों को दी स्वीकृति

**गया।** मिशन वात्सल्य योजना के तहत प्रायोजन एवं पालन पोषण योजना में 68 नए लाभार्थियों को डीएम डॉ. त्यागराजन एसएम ने स्वीकृति दी है। जिला प्रशासन और जिला बाल संरक्षण इकाई के प्रयासों अब तक 177 बच्चों को इस योजना से जोड़ा जा चुका है। योजना के तहत प्रत्येक लाभार्थी को उनकी देखरेख और पालन पोषण के लिए तीन साल या 18 साल पूरे होने तक 4000 रुपए मासिक प्रदान किया जाएगा। डीएम ने बताया कि भारत सरकार के मिशन वात्सल्य योजना अंतर्गत प्रायोजन एवं पालन पोषण कार्यक्रम को बढ़ावा देने के उद्देश्य से राज्य सरकार और जिला प्रशासन तत्परता से कार्य कर रहे है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को उनके सामाजिक परिवेश में रहने और पढ़ने का अवसर प्रदान करना है ताकि उनका विस्थापन रोका जा सके। मालूम हो कि प्रायोजन एवं पालन पोषण योजना के तहत कमजोर परिवारों की सहायता प्रदान की जाती है ताकि बच्चे अपने जैविक परिवार (जिसमें विस्तारित परिवार और रक्त संबंधी भी शामिल हैं) के साथ रह सकें।

## अवैध बालू लदे दो ट्रैक्टर जब्त, तीन गिरफ्तार

**मानपुर।** मुफस्सिल थाना अंतर्गत पंचदेव धाम स्थित फल्गु नदी से मंगलवार अहले सुबह दो अवैध बालू लदे ट्रैक्टर जब्त किया गया। इस दौरान तीन बालू माफिया पुलिस के गिरफ्त में फंस गए।जिनकी पहचान थाना क्षेत्र के कमालपुर निवासी सुनील कुमार,विष्णुविहार कॉलोनी निवासी संतोष कुमार और एसएस कॉलोनी निवासी अविनाश सिंह के रूप में हुई। प्राप्त जानकारी के मुताबिक फल्गु नदी से अवैध उत्खनन की सूचना मिलते ही एसआई नारायण यादव दल बल के साथ मौके पर पहुंचा। प्रत्यक्षदर्शियों कि माने तो पुलिस को देखते ही धंधेबाज भागने का प्रयास किया। लेकिन सफलता हाथ नहीं लगी। इस संबंध में एसडीपीओ सुनील कुमार पाण्डेय ने कहा कि लंबे समय से बालू तस्करी की सूचना मिल रही थी। पूछताछ के बाद पकड़ाए धंधेबाजों को न्यायिक हिरासत में भेज दिए।

## पइन में मिला मजदूर का शव, 5 पर केस

**नीमचक बथानी।** खिजरसराय थाना क्षेत्र के मूसेपुर गांव निवासी एक व्यक्ति का शव सोमवार की देर रात पुलिस ने बरामद किया। मृतक की पहचान मूसेपुर गांव निवासी साजन मांझी के रुप में हुई है। पुलिस ने शव को मूसेपुर एवं बेलदारी गांव के बीच नैली पइन से पानी में डूबे हुए बरामद कर अंत्यपरीक्षण के लिए एएनएमएमसीएच भेज दिया। मृतक साजन मांझी की पत्नी ललिता देवी ने स्थानीय थाना में मूसेपुर गांव निवासी सुबोध सिंह एवं बेलदारी गांव निवासी धनंजय चौधरी, रंजय चौधरी, नेपाली चौधरी व संजय चौधरी के विरुद्ध हत्या का मामला दर्ज कराया है।

## सीयूएसबी के प्रो. रिजवानुल हक को गठिया पर शोध के लिए मिला 30 लाख का अनुदान

**टिकारी।** सीयूएसबी के जैव प्रौद्योगिकी विभाग के प्रो. रिजवानुल हक को रुमेटॉइड गठिया पर यूनानी दवाओं के प्रभावों पर शोध के लिए 30 लाख रुपए का अनुदान मिला है। पीआरओ ने बताया कि प्रो. रिजवानुल हक को उच्च गुणवत्ता वाले शोध के लिए भारत सरकार के आयुष मंत्रालय के केंद्रीय यूनानी चिकित्सा अनुसंधान परिषद से अनुदान मिला है। प्रो. हक को तीन साल की अवधि के लिए "रुमेटॉइड गठिया के मॉड्यूलेशन में फॉक्सपी-3 एक्सप्रेसिंग रेगुलेटरी टी सेल्स पर यूनानी दवा का मूल्यांकन" नामक सहयोगी परियोजना के लिए अनुदान मिला है। सीयूएसबी के कुलपति प्रो. कामेश्वर नाथ सिंह, रजिस्ट्रार प्रो. नरेंद्र कुमार राणा और विभाग के अन्य संकाय सदस्यों ने प्रो. हक को शोध के लिए अनुदान प्राप्त करने पर बधाई दी है। शोध अनुदान प्रधान अन्वेषक प्रो. रिजवानुल हक को दिया गया है। उनके साथ सह-अन्वेषक प्रो. मोहम्मद अकरम, प्रोफेसर और विभागाध्यक्ष, यूनानी चिकित्सा शिक्षा और अनुसंधान स्कूल, जामिया हमदर्द, नई दिल्ली और डॉ. मोहम्मद मरगूब अहमद, वैज्ञानिक द्वितीय, फार्माकोलॉजी विभाग, इंदिरा गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान, पटना हैं। इस शोध में योगदान देने वाले प्रो. हक की टीम में कोमल कुमारी, नंदनी कुमारी, सीमा सिंह मराभी, विकास कुमार, नैना साक्षी और सृष्टि श्रेया शामिल हैं। इस परियोजना का मुख्य लक्ष्य ऐसे साक्ष्य जुटाना है जो रूमेटाइड अर्थराइटिस के प्रबंधन में चुने गए घटक यूनानी फॉर्मुलेशन के उपयोग का समर्थन और पुष्टि करेंगे। प्रो. हक ने बताया कि शोध के सफल परिणाम रुमेटाइड अर्थराइटिस के लिए सबसे सस्ती चिकित्सा के विकास का मार्ग प्रशस्त करेंगे।

## डेंगू के लिए जेपीएन और मगध मेडिकल में एलिजा जांच की है सुविधा : सीएस

**गया।** शहर में डेंगू के मामले सामने आने के बाद स्वास्थ्य विभाग सक्रिय है। आमजन में डेंगू से बचाव के लिए बारे में जागरुकता लाने के साथ-साथ चिकित्सकों को भी इलाज संबंधी प्रशिक्षण दिया गया है। इस क्रम में मंगलवार को शहर के जेपीएन सदर अस्पताल सभागार कक्ष में सभी सामुदायिक तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारियों तथा संस्थान के एक एमबीबीएस डॉक्टरों को डेंगू उपचार पर प्रशिक्षण दिया गया। जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी डॉ. एमई हक ने नेशनल गाइडलाइन फॉर क्लिनिकल मैनेजमेंट ऑफ डेंगू फीवर का जिक्र करते हुए बताया कि डेंगू होने पर सुरक्षात्मक उपाय अपनाना आवश्यक है। इस दौरान सिविल सर्जन डॉ. रंजन कुमार सिंह भी मौजूद रहे। प्रशिक्षण के दौरान सिविल सर्जन डॉ. सिंह ने बताया कि डेंगू रोग एडिज मच्छर के काटने से होता है। डेंगू का मच्छर साफ पानी में पनपता है और दिन में काटता है। इसलिए घर में या घर के आसपास पानी का जमाव नहीं होने दें। आठ से दस दिन में लार्वा मच्छर का रुप ले लेता है। कूलर, गमला या ऐसे जगह जहां पर पानी जमा होता है, उसकी सफाई करते रहें। डेंगू का मच्छर चार सौ मीटर की उंचाई तक उड़ सकता है। अगस्त से नवंबर तक इस बीमारी को लेकर सचेत रहने की अत्यंत आवश्यकता है। डेंगू का मच्छर 16 डिग्री से 30 डिग्री सेल्सियस तापमान के बीच अधिक निकलता है। यह तब अधिक सक्रिय होता है जब 70 फीसदी से अधिक ह्यूमिडिटी होती है। 10 हजार से कम होने पर चढ़वाएं प्लेटलेट्स डॉ. हक ने बताया कि डेंगू बुखार में प्लेटलेट्स कम हो जाता है, लेकिन इसके लिए बहुत अधिक परेशान नहीं होना है। यह जानकारी रखें कि प्लेटलेट्स दस हजार प्रति क्यूबिक मिलीलीटर से नीचे होने पर इसे चढ़ाया जाना चाहिए। बच्चे, गर्भवती महिलाएं और बूढ़े तथा दूसरी गंभीर बीमारियों से पीड़ित लोगों को सबसे अधिक बचाव के लिए ध्यान रखना है। बुखार होने पर ब्लड प्रेशर काफी नीचे जा रहा है, पेशाब नहीं हो रहा है या सामान्य से कम हो रहा है या उल्टी होने पर अस्पताल में मरीज को भर्ती कराना है। सभी प्राथमिक तथा सामुदायिक अस्पताल में दो बेड डेंगू मरीजों के लिए सुरक्षित रखा गया है। और यहां सभी चिकित्सकों को डेंगू चिकनगुनिया से बचाव के लिए प्रशिक्षित है।



# गुरु पद्मसम्भव की विरासत पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन शुरू

## नालंदा में 2 दिवसीय अंतरराष्ट्रीय बौद्ध सम्मेलन, राज्यपाल हुए शामिल

निज संवाददाता। नालंदा




प्राचीन ज्ञान की धरती नालंदा में एक बार फिर वैश्विक बौद्ध समुदाय का केंद्र बनने जा रही है। 28 और 29 अगस्त को नव नालंदा महाविहार में एक महत्वपूर्ण अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया गया है, जिसमें दुनिया भर के बौद्ध विद्वान और धर्म गुरु शिरकत कर रहें हैं। गुरु पद्मसम्भव की विरासत पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन शुरू हो गया है। इसमें राज्यपाल भी शामिल हुए है। इंटरनेशनल बुद्धिस्ट कन्फेडरेशन और नव नालंदा महा विहार के संयुक्त देखरेख में आयोजित इस दो दिवसीय सम्मेलन का शीर्षक "गुरु पद्म सम्भव के जीवन और जीवंत विरासत की खोज" है। बिहार के राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर मुख्य मेहमान के रूप में इस कार्यक्रम में शामिल हुए।

**गहन चिंतन का अवसर देगा सम्मेलनः** नव नालंदा महा विहार के कुलपति प्रो. राजेश रंजन ने बताया, "यह सम्मेलन गुरु पद्म सम्भव के जीवन और शिक्षा पर गहन चिंतन का अवसर प्रदान करेगा। पद्म सम्भव, जो 8वीं शताब्दी में नालंदा महा विहार के प्रख्यात आचार्य थे, तिब्बत, नेपाल, भूटान और भारत के हिमालय क्षेत्रों में बौद्ध धर्म के प्रसार में अभूतपूर्व योगदान दिया। अद्वितीय आयोजन में भूटान, नेपाल, रूस, श्रीलंका और म्यांमार सहित विभिन्न देशों से लगभग 54 प्रतिष्ठित विद्वान और धर्म गुरु भाग लें रहें हैं। यह न केवल बौद्ध अध्ययन के क्षेत्र में एक मील का पत्थर साबित होगा, बल्कि नालंदा की पुराना शैक्षणिक परंपरा को पुनर्जीवित करने की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण कदम होगा।

**बुद्ध के संदेश को नए सिरे से समझने में मिलेगी मददः** राज्यपाल आर्लेकर ने अपने संबोधन में कहा कि गुरु पद्म संभव के जीवन पर आधारित यह दो दिवसीय सेमिनार है। ये न केवल उनके व्यक्तित्व को समझने का अवसर देगी, बल्कि भगवान बुद्ध के संदेश को भी नए सिरे से समझने में मदद करेगी। प्रो. रंजन ने आगे बताया, "बुद्ध ने स्वयं पद्म सम्भव के आगमन की भविष्यवाणी की थी, जिन्हें गुरु रिनपोछे के नाम से भी जाना जाता है। यह सम्मेलन उनके जीवन और शिक्षा के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डालेगा। सम्मेलन नालंदा की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्ता को पुनः रेखांकित करने के साथ-साथ, वैश्विक बौद्ध समुदाय के बीच संवाद और समझ को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। विशेषज्ञों का मानना है कि इस दो दिवसीय फिर से आयोजन से न केवल बौद्ध अध्ययन को बल मिलेगा, बल्कि भारत की सांस्कृतिक कूटनीति को भी मजबूती मिलने की उम्मीद है।

## मांझी झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री चंपई का दे रहे साथ

# बोले-कांग्रेस पाकिस्तान परस्त, सोरेन ने सही निर्णय लिया

निज संवाददाता। गया



गया में केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन के पक्ष में मजबूती से खड़ा नजर आ रहे हैं। चंपई सोरेन को सही करार दे रहे हैं। जीतनराम मांझी कहना है कि चंपई सही कर रहे हैं। बीते दिनों जो उनके साथ हुआ वह नहीं होना चाहिए था। वहीं, वे कांग्रेस की खिंचाई करने में जुटे हैं। कांग्रेस को वे पाकिस्तान परस्त बता रहे हैं। केंद्रीय मंत्री गया के गोदावरी मोहल्ले में स्थित अपने आवास पर मीडिया कर्मियों से बातचीत में कहा कि चंपई सोरेन का निर्णय सही है। उन्हें सार्वजनिक रूप से अपमानित किया गया है। वे मुख्यमंत्री थे और अच्छा कार्य कर रहे थे। लेकिन उनके द्वारा दिए गए सारे आदेश निर्देश को रद्द कर दिया गया। सारे कार्यों को रोक दिए गए। सम्मान जनक प्रक्रिया पूरा किए बगैर ही उन्हें मुख्यमंत्री पद से हटा दिया गया। उनसे मशविरा तक नहीं लिया गया। ऐसा किया जाना कहीं से सही नहीं है। जीतनराम मांझी ने कहा कि उन्हें नहीं चाहने वाले लोग चंपई के मुख्यमंत्री रहते ही अपना नेता चुन लिया। सारा घटनाक्रम अचरज तरीके से समाप्त होने, इसके बाद उन्होंने तीन निर्णय लेने की बात कही थी। इसमें उन्होंने अपनी पार्टी बनाने की भी बात कही थी। दूसरे दल में भी शामिल होने की बात कही थी। उन्होंने जो निर्णय लिया है, वह सही है। उनके फैसले का स्वागत किया जाना चाहिए था। इस मौके पर जीतनराम मांझी ने कांग्रेस पार्टी और उनके नेताओं पर भी तंज कसा। कांग्रेस पर तंज कसते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस के लोग पाकिस्तान परस्ती की बात करते हैं। वे धारा 370 हटाना चाहते हैं। उमर अब्दुल्ला हो, चाहे कश्मीर के और कोई नेता हो, वे लोग कश्मीर को पाकिस्तान में मिलना चाहते हैं। अब कांग्रेस साथ है तो उन्हीं की भाषा में उनके गठबंधन से जुड़ी पार्टियां भी बोल रही हैं। यही वजह थी कि हमने ट्वीट कर कहा था कि कांग्रेस के लोग आपमें देश की नहीं पाकिस्तान परस्ती की बात कर रहे हैं।

# पानी आया तो धंसी 8 साल पहले बनी पुलिया

निज संवाददाता। गया



यह पुलिया आठ साल पहले ग्रामीण कार्य विभाग के शेरघाटी कार्य प्रमंडल-2 ने बनाई थी। तब इसके निर्माण पर 15 लाख खर्च हुआ था। जब पुलिया बन रही थी तभी दिवनियां के ग्रामीणों ने इसकी उपयोगिता पर सवाल उठाए थे। कहा था- 100 फीट चौड़ी पानी की धारा इतनी संकरी पुलिया से गुजरेगी तो एक न एक दिन यह टूटेगी। और हुआ भी वही। यहां बता दें कि पुलिया बनने के कुछ ही दिन बाद क्षतिग्रस्त भी हो गई थी। लोगों ने लोक शिकायत में आवेदन दिया तो संवेदक ने इसकी मरम्मत कराई थी। पुलिया के धंस जाने से दिवनियां गांव की लगभग 15 हजार की आबादी का जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। लोगों बाजार जाने एवं स्कूली वाहनों का आवागमन पूरी तरह से ठप हो गया है। तत्काल अगर कोई व्यवस्था नहीं हुई तो इलाके का जीवन ठहर सा जाएगा। गुल सकरी नदी पर पुलिया से काम नहीं चलेगा। बड़े पुल का निर्माण होना चाहिए। नदी में जब पानी आता है तो धारा तीव्र होती है। पास के पइन का पानी भी इस नदी में आता है। उसके लिए इसी नदी में अलग पुलिया बनी है। ग्रामीणों ने पुल धंसने की जानकारी जन प्रतिनिधियों व पदाधिकारियों को दी है। तत्काल आपदा प्रबंधन के तहत वैकल्पिक व्यवस्था की मांग की है। जिस इलाके में पुल धंसा है वहां के स्थानीय सांसद जीतन राम मांझी केंद्र में कैबिनेट मंत्री हैं उनकी समधन ज्योति देवी स्थानीय विधायक हैं।

# इंडिविजुअल गेम का बढ़ा आकर्षण, बच्चों में आर्चरी का क्रेज

निज संवाददाता। गया



गया के बच्चे बीते कुछ वर्षों से आर्चरी खेल के दीवाने हो गए हैं। उनकी दीवानगी भी रंग ला रही है। नन्हें बच्चे अभी से स्टेट व नेशनल लेवल पर अपना जौहर दिखा रहे है। मेडल जीत रहे हैं। इंडिविजुअल गेम के प्रति आकर्षण बढ़ा है। बच्चों में आर्चरी का क्रेज बढ़ा है। ये हर दिन प्रैक्टिस कर रहे हैं। इनका लक्ष्य ओलिंपिक है। हर साल गया के बच्चे स्टेट और नेशनल लेबल पर अपनी प्रतिभा का झंडा गाड़ रहे हैं। बीते दिनों 6 से 8 अगस्त तक चले महाराज कर्ण राज्य स्तरीय आर्चरी प्रतियोगिता में गया के नन्हें खिलाड़ियों ने 27 मेडल जीते थे, जिसमें गोल्ड, सिल्वर और ब्रांच शामिल थे। इस उपलब्धि से उनका कोच भी काफी खुश है।

**बच्चों के साथ साथ अभिभावकों में भी स्पोर्ट्स स्पिरिटः** गया कॉलेज खेल परिसर में धनुरधरों को आर्चरी के गुर सिखाए जाते हैं। यहां 3 साल से लेकर 15 साल से अधिक उम्र के बच्चे भी इस खेल को सिख रहे हैं। छोटे-छोटे बच्चों को उनके पेरेंट्स अपने साथ लेकर हर दिन खेल परिसर पहुंचते हैं। करीब ढाई घंटे तक बच्चे प्रैक्टिस करते हैं और उनके पेरेंट्स घास पर बैठ कर उनका इंतजार करते हैं। कई बच्चे शहर के दूर छोर से आते हैं। उनके साथ भी उनके पेरेंट्स होते हैं। अभिभावकों का कहना है कि बच्चे यदि बेहतर करेंगे, तो हम अपना सब कुछ दाव पर लगा देंगे। उनके बच्चों का भी कहना है कि नेशनल और ओलिंपिक में खेलना है और गोल्ड मेडल जितना मेरा लक्ष्य है।

**100 से अधिक बच्चे खेल रहे गेमः** कोच जय प्रकाश का कहना है कि साल 2018 मैंने बच्चों को आर्चरी सिखाना शुरू किया था। उस समय दो ही बच्चे थे। उन दोनों बेहतर प्रदर्शन किया, तो धीरे धीरे आज 100 से अधिक बच्चे इस गेम को खेल रहे हैं। इस गेम के प्रति गया के बच्चों के बढ़ते आकर्षण के पीछे का कारण पहला यह है कि यह एक इंडिविजुअल गेम है। यह दूसरे गेम की तरह कलेक्टिव गेम नहीं हैं। कलेक्टिव गेम के लिए गया में ग्राउंड नहीं है। एक ग्राउंड है, उसमें मारा मारी है। उस ग्राउंड में कोई फुटबॉल खेल रहा है, तो कोई क्रिकेट, तो कोई दौड़ रहा है। ऐसे में बच्चे को खेलने के लिए आर्चरी सही है। दूसरा यह कि इस खेल में कांस्ट्रेशन अधिक चाहिए होता है। यही वजह है कि पढ़ाई लिखाई में इसका खास फायदा भी मिलता है। दूसरा खुद को निखारने का इसमें समय मिलता है। यही वजह है कि पेरेंट्स भी इस खेल को पसंद कर रहे हैं और उन्हें रिजल्ट भी अच्छा मिल रहा है।

◆ गया के खिलाड़ियों का लक्ष्य ओलंपिक, हर दिन कर रहे प्रैक्टिस

**भारत सरकार दे रही खिलाड़ी का खर्चः** कोच ने बताया कि गया जिला आर्चरी एसोसिएशन से कई नेशनल लेबल के प्लेयर निकले हैं। एक लड़की साईं के लिए सलेक्ट हुई है। उसका सारा खर्चा भारत सरकार दे रही है। उसकी तैयारी जोर शोर से चल रही है। आगे भी कई बच्चे कतार में हैं।

**ओलिंपिक में खेल कर गोल्ड जीतना है लक्ष्यः** क्लास थ्री में पढ़ने वाली दिया कुमारी का कहना है कि हाल ही मैने गोल्ड जीता है। मुझे नेशनल और ओलिंपिक में खेलना है और गोल्ड जितना है। वहीं, क्लास टू में पढ़ने वाले 6 साल के सक्षम पांडे का कहना है कि मैंने भी मेडल जीता है। मुझे आगे चल कर नेशनल और ओलिंपिक में खेल कर गोल्ड जितना है। सक्षम की मां संगीता पांडे का कहना है कि उनके दो बच्चे हैं । दोनों आर्चरी खेल रहे हैं। हमारे बच्चे अभी अच्छा कर रहे हैं। आगे भी अच्छा किया, तो हम सब अपने बच्चों के लिए सब कुछ दाव पर लगा देंगे।

# नव नालंदा महाविहार नालंदा में गुरु पद्मसंभव पर दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन हुआ शुरू

निज संवाददाता। पटना

बिहार के राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने किया उदघाटन
कई देश के बौद्ध विचारक हुए शामिल







नव नालंदा महाविहार, नालंदा में गुरु पद्मसंभव के जीवन और जीवंत विरासत की खोज पर दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन, अंतर्राष्ट्रीय बौद्ध परिसंघ (आईबीसी), नई दिल्ली द्वारा नव नालंदा महाविहार, नालंदा के सहयोग से नालंदा में बुधवार (28अगस्त,2024) को शुरू हुआ। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बिहार के राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने डीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मौक़े पर लुम्बिनी विकास ट्रस्ट के उपाध्यक्ष आदरणीय खेंपो चिमेड और भूटान के केंद्रीय मठ निकाय के रॉयल भूटान मंदिर के सचिव/मुख्य भिक्षु परम आदरणीय खेंपो उग्येन नामग्याल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।

मौके पर राज्यपाल ने प्रोफेसर उमाशंकर व्यास द्वारा संपादित हिंदी-पाली शब्दकोश के आधिकारिक विमोचन की अध्यक्षता की।

इस अवसर पर राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने बौद्ध धर्म के प्रसार में गुरु रिनपोछे के योगदान और वर्तमान समय में उनकी प्रासंगिकता पर प्रकाश डालते हुए सम्मेलन को महत्वपूर्ण बताया।उन्होंने कहा कि बुद्ध के बाद यह गुरु रिनपोछे ही हैं जिन्होंने बुद्ध धम्म के प्रचार-प्रसार में सबसे बड़ा योगदान दिया। उन्होंने कहा कि उन्होंने हमें जो दिया है, उसे हमें आगे ले जाना चाहिए। अहिंसा और शांति का संदेश पूरे विश्व में फैलाया जाना चाहिए और उनके सिद्धांतों का हमें प्रचार करना चाहिए। राज्यपाल ने यह भी उल्लेख किया कि बुद्ध और गुरु रिनपोछे दोनों ने निस्वार्थ तरीके से दूसरों के कल्याण के लिए सेवा की और हमें भी दूसरों की सेवा करने की इच्छा के साथ जीवन में ऐसा ही दृष्टिकोण रखना चाहिए।

महासचिव, आईबीसी ने स्वागत भाषण दिया, जिसके बाद महानिदेशक आईबीसी और मुख्य अतिथियों ने अपने विचार व्यक्त किए। आईबीसी द्वारा पवित्र अवशेषों की थाईलैंड यात्रा को प्रदर्शित करते हुए एक लघु फिल्म प्रस्तुत की गई, जिसमें राज्यपाल ने भी भाग लिया था। वहीं,आईबीसी के महासचिव ने वज्रयान परंपरा की स्थापना में गुरु रिनपोछे के योगदान की ओर ध्यान दिलाया।आईबीसी के महानिदेशक अभिजीत हलदर ने इस बात पर जोर दिया कि गुरु रिनपोछे करुणा, ज्ञान और परिवर्तनकारी शक्ति के व्यक्ति थे और "उन्होंने मानव मन को सर्वोत्तम संभव तरीके से समझा"। वर्तमान समय में गुरु के बारे में बहुत कम जानकारी है और सम्मेलन ने एक दुर्लभ अवसर प्रस्तुत किया है जहां गुरु के जीवन और विरासत को मीडिया द्वारा कवर किया जाएगा, आईबीसी के महानिदेशक ने निष्कर्ष निकाला।

कार्यालय नगर पंचायत, हुसैनाबाद (पलामू)
Email: - nphussainabad@gmail.com

ज्ञापांक ................/ दिनांक ......................

अति अल्प दर आमंत्रण सूचना 2024–25

कार्यालय में अति आवश्यक कार्य हेतु लैपटॉप 14"/15.6" DELL/HP/ACER core I5 10TH /11TH/12TH Gen, windows 11 pro/business+ MS office 8 GB/16GB Ram. 1tb ssd/hdd की आवश्यकता है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता/दुकानदार/संस्था जो नगर पंचायत कार्यालय में लैपटॉप आपूर्ति करना चाहते हों वे बन्द लिफाफे में अपना दर आमंत्रण कर सकते हैं। आपूर्ति की जाने वाली लैपटॉप की संख्या लगभग 4–5 है। आपूर्तिकर्ता/दुकानदार/संस्था की अहर्ता निम्नवत् हैः–

1.दुकानदार के पास वैध जी0 एस0 टी0 होना अति अनिवार्य है।
2.यदि किसी निकाय में आपूर्ति किये हो तो उसका कार्यादेश की प्रति।
3.आयकर रिटर्न (अद्यतन)
4.आधार कार्ड/पैन कार्ड
5.स्थानीय विक्रेता को प्राथमिक्ता दी जायेगी।

अतः इच्छुक आपूर्तिकर्ता/दुकानदार/संस्था जो नगर पंचायत हुसैनाबाद कार्यालय में लैपटॉप आपूर्ति करना चाहते हों वे दिनांक–05.09.2024 को 03: बजे अपराहन को बन्द लिफाफे में अपना दर आमंत्रित कर सकते हैं।

प्रशासक,
नगर पंचायत हुसैनाबाद

PR 333946 (District)24-25*D

पूर्व रेलवे

**एकल ई–निविदा सूचना सं. एफ–डीवाई–सीएमई–प्रोड–ओएफएफ–सीएएमसी–10922, दिनांक 27.08.2024,** उप मुख्य यांत्रिक अभियंता (उत्पादन), पूर्व रेलवे वर्कशॉप, पूर्व रेलवे, जमालपुर, जिलाः मुंगेर, बिहार, पिनः811214 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए एकल पैकेट प्रणाली के आधार पर ख्यातिप्राप्त फर्म (ओईएम) से भारतीय रेल के पोर्टल **www.ireps.gov.in** के माध्यम एकल ई–निविदा आमंत्रित की जाती है। **कार्य का नाम :** अपेक्षित एजेंसी (अर्थात बिहार सरकार के संबंधित विभाग) द्वारा स्टैटिक इलेक्ट्रॉनिक रेल वे ब्रिज, क्षमता–100 एमटी (प्लांट संख्या 10922/एनएसवाई) का व्यापक वार्षिक रखरखाव अनुबंध (सीएएमसी) के साथ ''मशीन का कैलिब्रेशन (अंशाकन) और वजन की स्टैम्पिंग एवं उनका प्रमाणन''। **कार्य स्थलः** पूर्व रेलवे वर्कशॉप, जमालपुर, मुंगेर (बिहार), पिन–811214, **निविदा मूल्यः** रु. 16,77,889.20 (जीएसटी @18% सहित)। **बोली प्रतिभूति/बयाना राशिः** 33,600/–, **समापन अवधिः** मशीन का सीएएमसी कार्य भौतिक रूप से शुरू होने की तिथि से 05 वर्ष (साठ माह)। **निविदा की अंतिम तिथि और समयः** दिनांक 18.09.2024 को 15.00 बजे। **प्रस्ताव की वैधताः** निविदा के खुलने की तिथि से 60 दिन। **निविदा का माध्यमः** एकल ई–निविदा। **वेबसाइट का विवरण एवं सूचना पट का स्थान जहाँ से निविदा का संपूर्ण विवरण आदि देखा जा सकता हैः www.er.indianrailways.gov.in** के साथ हाइपरलिंक्ड **www.ireps.gov.in** एवं उप मुख्य यांत्रिक अभियंता (उत्पादन), पूर्व रेलवे, लोकोमोटिव वर्कशॉप, जमालपुर के कार्यालय से किसी भी कार्यदिवस को। **पात्रता मानदंडः** ओरिजिनल इक्विपमेंट मैन्युफैक्चरर (ओईएम) वाले फर्म के मामले में लागू नहीं। **टिप्पणीः** तत्काल संदर्भ के लिए, जीसीसी, अप्रैल–2022 को रेल मंत्रालय (रेलवे बोर्ड)–भारतीय रेल की वेबसाइट से डाउनलोड किया जा सकता है। अन्य सभी नियम और शर्तें जो निविदा कागजात में उपलब्ध नहीं हैं, उनका पालन अनुबंध की सामान्य शर्त, अप्रैल–2022 के अनुसार नवीनतम तिथि तक की सभी संशोधन पर्ची के साथ किया जाएगा।

MISC-155/2024-25

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter



Page 11

खेल

जन-जन की वाणी...

हिन्दी दैनिक

# सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, आरा एवं रांची से प्रकाशित



Page 10

देश

**बुमराह की सलाह से बदलेगा शिवम मावी का करियर, 25 साल की उम्र में फ्रेक्चर**

**प्रवासी कार्यकर्ताओं का अनुभव हरियाणा में भाजपा की तीसरी बार सरकार बनने...**

कृष्ण पक्ष, आर्द्रा, विक्रम संवत् 2081 • औरंगाबाद • गुरुवार • 29 अगस्त 2024 • वर्ष 26 • अंक 259 • पृष्ठ 12

मूल्य ₹ 2.00


## सोना चांदी

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 10 ग्राम 22 कैरेट | 1 किलो चांदी |
|  |  |
| ₹ 67,150 | ₹88,500 |

## आज का इतिहास

- **1844 :** मोंट्रियल में पहला श्वेत-भारतीय लैक्रोस गेम में भारतीयों ने जीत हासिल की।
- **1949 :** भारत के शीर्ष वैज्ञानिकों में से एक के. राधाकृष्णन का जन्म हुआ।

## न्यूज बाइट्स

### बिहार के 2 शिक्षकों को मिलेगा राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार

**पटना (नि.सं.)।** शिक्षा दिवस के मौके पर बिहार के दो शिक्षकों को राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। राष्ट्रपति शिक्षकों को शिक्षक दिवस यानी 5 सितंबर को सम्मानित करेंगी। केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने इसकी घोषणा की है। केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार के लिए राज्य की दो शिक्षकों डॉ. मीनाक्षी कुमारी और सिकंदर कुमार सुमन का चयन किया है। इस बार देश भर के 50 शिक्षकों को सम्मानित किया जाएगा। चयनित शिक्षक डॉ. मीनाक्षी कुमारी मधुबनी जिले के शिवगंगा गर्ल्स प्लस टू हाई स्कूल में सहायक शिक्षक हैं, जबकि सिकंदर कुमार सुमन कैमूर जिले के तरहनी के न्यू प्राइमरी स्कूल के हेडमास्टर हैं। राष्ट्रपति पांच सितंबर को नई दिल्ली के विज्ञान भवन में दोनों को पुरस्कृत करेंगी।

### चंपई सोरेन रांची लौटे, घर पहुंचते ही भेजा इस्तीफा

**रांची (नि.सं.)।** पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन बुधवार को नई दिल्ली से सीधे राजधानी रांची लौट आए हैं। इसके साथ ही संशय का दौर समाप्त हो गया है, जिसके तहत लोग अटकलें लगा रहे थे कि उनकी आगे की रणनीति क्या होगी। उन्होंने आते ही पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि शुक्रवार, 30 अगस्त को वो विधिवत भाजपा में शामिल हो जाएंगे। रांची में अपने आवास पर पहुंचने के बाद उन्होंने पहला काम यही किया और इस्तीफा भेज दिया। जानकारी के अनुसार, उन्होंने झारखंड मुक्ति मोर्चा की सदस्यता और राज्य कैबिनेट से एक साथ इस्तीफा भेज दिया है। ज्ञात हो कि गुरुवार को राज्य कैबिनेट की बैठक है, जिसमें चंपई मौजूद नहीं रहेंगे। दूसरी ओर, झामुमो महासचिव विनोद पांडेय ने मंगलवार को चंपई से पुनर्विचार का आग्रह कर सबको चौंका दिया था।

### पुल-पुलियों का नियमित होगा रखरखाव

**पटना (नि.सं.)।** सीबीआई की टीम ने पटना के सिविल कोर्ट में सीबीआई के स्पेशल जज अविनाश कुमार के कोर्ट में आयकर विभाग के प्रधान आयकर आयुक्त संतोष कुमार, गुरुपाल सिंह, राजीव कुमार, अशोक चौरासिया सहित पांच आरोपियों को पेश किया गया। अदालत ने सभी आरोपियों को पांच दिनों के लिए सीबीआई की रिमांड पर भेज दिया है। पेशी को लेकर कोर्ट कैंपस में सुरक्षा के कड़े इंतजाम थे। पांच दिनों के रिमांड अवधि समाप्त होने बाद सोमवार को दोपहर बाद सीबीआई कोर्ट में सीबीआई की टीम पेश करेगी। जानकारी के अनुसार पांचों से सीबीआई कोर्ट ने पूछा है कि प्रस्तुत किए गए साक्ष्य में कितनी सच्चाई है। इसके बाद पांचों ने आरोपों को निराधार बताया है। एक घंटे तक कोर्ट में सभी से सवाल पूछे गए।

---

सूचना भवन के संवाद कक्ष में आयोजित प्रेस वार्ता में श्रम मंत्री ने विभागीय उपलब्धियां की साझा, कहा

# टाटा टेक के सहयोग से 60 आईटीआई किए गए विकसित, उद्घाटन जल्द



निज संवाददाता | पटना

श्रम संसाधन मंत्री संतोष कुमार सिंह ने कहा है कि टाटा टेक के सहयोग से राज्य के 60 औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) को विकसित किया जा चुका है। दूसरे चरण में 89 आईटीआई विकसित किए जाएंगे। जल्द ही इसका उद्घाटन मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा कराया जाएगा। सूचना भवन के संवाद कक्ष में बुधवार को आयोजित प्रेस वार्ता में श्रम मंत्री ने विभागीय उपलब्धियां साझा कीं। उन्होंने कहा कि विकसित आईटीआई में रोबोटिक्स, बैट्री इलेक्ट्रिक वाहन, उन्नत ऑटोमोबाइल तकनीक, उन्नत मशीनिंग, आईओटी डिजाइन इंजीनियरिंग, थ्रीडी प्रिंटिंग तकनीक सहित 23 विषयों का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। 2970 प्रशिक्षणार्थी प्रशिक्षण किए जा चुके हैं। वर्तमान में 3600 प्रशिक्षणार्थी प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। प्रशिक्षण ले चुके 2450 प्रशिक्षणार्थियों का प्लेसमेंट भी हो चुका है। उन्होंने कहा कि बिहार से बाहर या विदेशों में असंगठित क्षेत्र के कामगारों की दुर्घटना में हुई मौत पर आश्रितों को अब एक लाख के बदले दो लाख, जबकि अपंगता की स्थिति में 75 हजार के बदले एक लाख दिये जा रहे हैं। बिहार शताब्दी असंगठित कार्यक्षेत्र कामगार एवं शिल्पकार सामाजिक सुरक्षा योजना के तहत इस वर्ष 2215 लाभुकों को 11 करोड़ 27 लाख 25 हजार की सहायता दी गई है।

मंत्री ने कहा कि बाल श्रमिकों की विमुक्ति प्रक्रिया पर निगरानी को धावा दल एप बना है। बिहार कौशल विकास मिशन द्वारा लगभग 22.5 लाख का सफल प्रमाणीकरण किया जा चुका है। राज्य के 10 चयनित जिलों एवं देश के चुनिंदा 10 औद्योगिक शहरों में प्रवासी परामर्श सह पंजीकरण केन्द्रों की स्थापना की जा रही है। पटना, गया, मुजफ्फरपुर, दरभंगा एवं बेतिया में विदेश में रोजगार के लिए प्रस्थान करने वाले अभ्यर्थियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। कर्मचारी राज्य बीमा योजना में आवश्यकतानुसार चिकित्सा पदाधिकारी एवं पारा मेडिकल कर्मियों की बहाली संविदा पर की जाएगी। मौके पर विभाग के प्रधान सचिव डॉ. बी राजेन्दर, विशेष सचिव आलोक कुमार व राजीव रंजन, श्रमायुक्त रंजीता आदि मौजूद रहीं। मंत्री ने कहा कि सरकारी/निजी निर्माण प्रतिष्ठानों से बोर्ड को प्राप्त उपकर (सेस) राशि का व्यय कल्याणकारी योजनाओं पर होता है। सेस वसूली के लिए जीआईएस का सहारा लिया जा रहा है।

### मजदूरों के लिए सहायता

असंगठित क्षेत्र के कामगारों की दुर्घटना में हुई मृत्यु पर आश्रितों को दो लाख रुपये और अपंगता की स्थिति में एक लाख रुपये की सहायता दी जा रही है। इस योजना के तहत इस वर्ष 2215 लाभुकों को 11 करोड़ 27 लाख 25 हजार रुपये की सहायता दी गई है।

### 10 लाख से ज्यादा का घर बनाने पर सेस वसूलेगी सरकार

राजधानी पटना में 10 लाख रुपये से अधिक का घर बनाने पर अब सेस वसूला जाएगा। राज्य के श्रम संसाधन मंत्री ने एक प्रेस वार्ता में कहा है कि पटना समेत तीन जिलों में 10 लाख से ज्यादा का घर बनाने पर सेस वसूला जाएगा और इसके लिए जी.आई.एस मैपिंग करवाई जाएगी। श्रम संसाधन मंत्री संतोष कुमार सिंह ने सूचना भवन के संवाद कक्ष में कहा कि 10 लाख से अधिक का निजी निर्माण करने पर एक फीसदी सेस वसूलने के लिए जी आई एस मैपिंग की सहायता ली जाएगी। पटना, गया और मुजफ्फरपुर में इसको लागू किया गया है। जीआईएसनाम से ही साफ है कि यह भौगोलिक सूचना प्राप्त करने का एक सिस्टम है। यह एक ऐसा सिस्टम होता है जिसमें सभी प्रकार के स्थानीय या भौगोलिक डेटा को कैप्चर करने, स्टोर करने, मैनेज करे या प्रदर्शित करने के लिए इस्तेमाल किया जाता है। जीआईएस का इस्तेमाल नक्शा बनाने के लिए किया जाता है और यह नक्शा बनाने की आधुनिक तकनीक भी है। जीआईएस मैपिंग का इस्तेमाल अर्थसाइंस, खेती, डिफेंस, टाउन प्लानर, मैपिंग समेत अन्य क्षेत्रों में हो रहा है। इसके जरिए प्राप्त डेटा का विश्लेषण कर किसी निष्कर्ष के बारे में पहुंचने में मदद मिलती है। इससे किसी खास क्षेत्र, जमीन या घर की सटीक मैपिंग की जाती है। सेस को उपकर भी कहा जाता है। आम तौर पर यह मुख्य टैक्स के ऊपर लगने वाला एक अतिरिक्त कर होता है। केंद्र सरकार 10 लाख से ज्यादा के निजी निर्माण पर सेस लगाती है जिसका पालन राज्य सरकार करती है।

---

कैबिनेट ने लगाई मुहर

# 10 राज्यों में 28 हजार करोड़ की स्कीम मंजूर, 40 लाख मिलेंगी नौकरियां

एजेंसी | नई दिल्ली



बुधवार को दिल्ली में कैबिनेट और सीसीईए की बैठक हुई थी। इस बैठक की अध्यक्षता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कर रहे थे। इस बैठक में कई अहम फैसले लिए गए हैं। कैबिनेट में लिए गए फैसलों की जानकारी रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने दी। कैबिनेट ने मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा देने के लिए स्मार्ट इंडस्ट्रियल सिटी बनाने के लिए अप्रूवल दे दिया है। इसके अलावा 3 नए रेलवे प्रोजेक्ट और 234 नए शहरों के लिए प्राइवेट एफएम प्रोजेक्ट पर भी मुहर लग गई। कैबिनेट ने नेशनल इंडस्ट्रियल कॉरिडोर डेवलपमेंट प्रोग्राम के तहत 12 इंडस्ट्रियल स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट को मंजूरी दी है। कैबिनेट ने प्रोजेक्ट के लिए 28602 करोड़ रुपये आवंटित किये हैं। उम्मीद की जा रही है कि प्रोजेक्ट के पूरे होने के बाद इसमें करीब 1.5 लाख करोड़ रुपये का निवेश होगा। भारत की ग्लोबल वैल्यू चेन की स्थिति को मजबूत करने के लिए सरकार स्मॉर्ट इंडस्ट्रियल सिटी या इंडस्ट्रियल नोड्स की तैयार जमीन निवेशकों को ऑफर करेगी। यह सभी सिटी पीएम गतिशक्ति नेशनल मास्टर प्लान के दिशा के हिसाब से तैयार किया जाएगा। इन सिटी में मल्टी मोडल कनेक्टिविटी इंफ्रास्ट्रक्चर स्थापित होगा। यह स्मार्ट सिटी प्लग एंड प्ले और वॉक टू वर्क कॉनसेप्ट को ध्यान में रखकर बनाया जाएगा। इस प्रोजेक्ट को इस तरह तैयार किया जाएगा जिससे निवेशकों को इन सिटीज में काम शुरू करने के लिए ज्यादा इंतजार नहीं करना पड़ेगा।

### कहां बनेंगे स्मार्ट इंडस्ट्रियल सिटी

उत्तराखंड में स्थित खुरपिया, पंजाब में स्थित राजपुरा पटियाला, महाराष्ट्र में दिघी, केरल में पलक्कड़, उत्तर प्रदेश में आगरा और प्रयागराज, बिहार में गया, तेलंगाना में जहीराबाद, आंध्र प्रदेश में ओरवक्कल और कोपारत्थी, राजस्थान में जोधपुर पाली

### दो नई रेल लाइनों के निर्माण को मिली मंजूरी

रेल मंत्रालय के एक बयान में कहा गया है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की कैबिनेट समिति ने 6,456 करोड़ रुपये की कुल अनुमानित लागत वाली तीन रेलवे परियोजनाओं को मंजूरी दी है। मंत्रालय के अनुसार, स्वीकृत परियोजनाएं असंबद्ध क्षेत्रों को जोड़कर रसद दक्षता (लॉजिस्टिकल एफिशिएंसी) में सुधार करेंगी, मौजूदा लाइन क्षमता को बढ़ाएंगी और परिवहन नेटवर्क को बढ़ाएंगी, जिसके परिणामस्वरूप सुव्यवस्थित सप्लाई चेन और त्वरित आर्थिक विकास होगा। मंत्रालय ने कहा कि नई लाइन के प्रस्ताव सीधे संपर्क प्रदान करेंगे और गतिशीलता में सुधार करेंगे, जिससे भारतीय रेलवे के लिए बढ़ी हुई एफिशियंसी और सेवा विश्वसनीयता मिलेगी। मल्टी-ट्रैकिंग प्रस्ताव परिचालन को आसान बनाएगा और भीड़भाड़ को कम करेगा, जिससे भारतीय रेलवे के सबसे व्यस्त खंडों पर आवश्यक बुनियादी ढांचा विकास होगा। ये परियोजनाएं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नए भारत के दृष्टिकोण के अनुरूप हैं, जो क्षेत्र में व्यापक विकास के माध्यम से क्षेत्र के लोगों को 'आत्मनिर्भर' बनाएगी जिससे उनके रोजगार/स्वरोजगार के अवसर बढ़ेंगे। मंत्रालय के अनुसार, ये परियोजनाएं मल्टी-मॉडल कनेक्टिविटी के लिए पीएम-गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान का परिणाम हैं।

---

# सतीश कुमार रेलवे बोर्ड के नये अध्यक्ष एवं सीईओ नियुक्त

एजेंसी | नयी दिल्ली



रेलवे बोर्ड में सदस्य (ट्रेक्शन रोलिंग स्टॉक) सतीश कुमार को बोर्ड का नया अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) नियुक्त किया गया है। सरकार के नियुक्ति संबंधी आदेश के अनुसार भारतीय रेलवे प्रबंधन सेवा के अधिकारी सतीश कुमार जया वर्मा सिन्हा का स्थान लेंगे जो 31 अगस्त को सेवानिवृत्त होंगी। सतीश कुमार एक सितंबर को कार्यभार संभालेंगे। सूत्रों के अनुसार सतीश कुमार रेलवे बोर्ड के ऐसे पहले अध्यक्ष एवं सीईओ होंगे जो अनुसूचित जाति वर्ग के हैं।

सतीश कुमार ने 05 जनवरी, 2024 को रेल मंत्रालय में रेलवे बोर्ड में सदस्य (ट्रैक्शन एवं रोलिंग स्टॉक) का कार्यभार संभाला था। भारतीय रेलवे मैकेनिकल इंजीनियर्स सेवा के 1986 बैच के अधिकारी श्री कुमार मार्च, 1988 में भारतीय रेलवे की सेवा में औपचारिक रूप से शामिल हुए और उनके पास 34 वर्षों का समृद्ध अनुभव है। इससे पहले वह उत्तर मध्य रेलवे, प्रयागराज में महाप्रबंधक के रूप में काम कर चुके हैं।

---

# शिक्षकों के आंदोलन से पहले राज्यपाल ने बुलाई वीसी की बैठक, यूनिवर्सिटी एग्जाम का मांगा ब्योरा

निज संवाददाता | पटना



राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर ने 30 अगस्त को सभी विश्वविद्यालयों के कुलपति (वीसी) की बैठक बुलाई है। इसमें यूनिवर्सिटी से परीक्षा, एकेडमिक कैलेंडर समेत अन्य चीजों का ब्योरा मांगा गया है। राजभवन ने इस संबंध में सभी वीसी को पत्र भी भेजा है। यह बैठक ऐसे समय में बुलाई गई है, जब यूनिवर्सिटी शिक्षकों ने वेतन के मुद्दे पर आंदोलन की चेतावनी दी है। शिक्षकों की प्रस्तावित हड़ताल 31 अगस्त से शुरू होगी।

राज्यपाल की विश्वविद्यालयों के वीसी के साथ 12 जून के बाद यह पहली बैठक होगी। पिछली मीटिंग में शिक्षा विभाग और विश्वविद्यालयों के बीच चले लंबे टकराव को खत्म किया गया था। उसमें राज्यपाल आर्लेकर के अलावा शिक्षा मंत्री ने भी हिस्सा लिया था। इसके बाद शिक्षा विभाग ने पटना हाई कोर्ट के निर्देशानुसार विश्वविद्यालयों के बैंक खातों पर लगी रोक को हटा दिया था।

बिहार राजभवन के प्रधान सचिव रॉबर्ट एल चोंगथू द्वारा सभी वीसी को भेजे गए पत्र में उन्हें शुक्रवार को राज्यपाल के साथ प्रस्तावित बैठक में सभी आवश्यक रिपोर्ट के साथ उपस्थित होने को कहा गया है। इन रिपोर्ट्स में यूजी और पीजी कोर्स के एकेडमिक कैलेंडर की स्थिति, लंबित परीक्षाओं का ब्योरा और शिक्षक एवं गैर शैक्षणिक कर्मचारियों के भुगतान संबंधी जानकारी शामिल है।

दूसरी ओर, फेडरेशन ऑफ यूनिवर्सिटी टीचर्स एसोसिएशन और फेडरेशन ऑफ यूनिवर्सिटी सर्विस टीचर्स एसोसिएशन की राज्यवापी हड़ताल की घोषणा की है। ऐसे में राज्यपाल की वीसी के साथ बैठक अहम मानी जा रही है। यूनिवर्सिटी शिक्षकों की हड़ताल 31 अगस्त को आयोजित की गई है। इसके जरिए शिक्षक अपने वेतन, पेंशन और महंगाई भत्ते के लंबित भुगतान की मांग करेंगे।

---

स्वास्थ्य विभाग ने जिलों को भेजा निर्देश

# डीएम को अपने जिलों के टेस्ट लैब की देनी होगी जानकारी

निज संवाददाता | पटना

सभी जिलाधिकारी सरकार को अपने जिले के जांच लैब की रिपोर्ट देंगे। जिलाधिकारियों को बताना होगा कि उनके जिले में पैथोलोजी लैब के साथ ही एक्स-रे, अल्ट्रा साउंड, सीटी स्कैन और एमआरआइ के कितने लैब हैं। यह लैब मानकों के अनुरूप हैं अथवा नहीं। दरअसल सरकार ने यह जानकारी सर्वोच्च न्यायालय के एक निर्देश के बाद तलब की है।

स्वास्थ्य विभाग के विशेष सचिव शशांक शेखर सिन्हा ने सभी जिलाधिकारियों को इस संबंध में पत्र भेजा है जिसमें कहा गया है कि सर्वोच्च न्यायालय से जुड़े एक मामले में कोर्ट को यह जानकारी देनी है कि जिलों में कितने मानक स्वास्थ्य जांच घर हैं। इसके तहत पैथोलोजी लैब के साथ ही एक्स-रे, अल्ट्रा साउंड, सीटी स्कैन और एमआरआइ लैब हैं जहां जांच होती है।

### सुप्रीम कोर्ट का दिया हवाला

विशेष सचिव ने अपने निर्देश में कहा है कि जिलाधिकारी अपने जिले के जिला एवं सत्र न्यायाधीश और सिविल सर्जन के साथ समन्वय कर आवश्यक सुविधाओं के साथ मानक जांच घरों को सूचीबद्ध करते हुए सरकार को जांच घरों की जानकारी भेजे ताकि कोर्ट को इस संबंध में जानकारी दी जा सके।

---

# महिला ने अपने तीन बच्चों के साथ तालाब में लगाई छलांग, सुबह पानी में तैरते मिले चारों के शव

निज संवाददाता | सीतामढ़ी



बिहार के सीतामढ़ी जिले में भारत-नेपाल सीमा स्थित बेला थाना क्षेत्र के श्रीरामपुर गांव (तेलियाही) में एक महिला और उसके तीन बच्चों का शव तालाब से बरामद किया गया है। गांव के लोगों का कहना है कि महिला ने अपने तीनों बच्चों के संग तालाब में कूदकर जान दी है। महिला अपने घर पर इन्हीं तीनों बच्चों के साथ अकेले रहा करती थी। उसका पति लुधियाना में सिलाई करता है। घटना का कारण पति-पत्नी में अनबन की चर्चा है। महिला की पहचान गांव के संजीव कुमार की 32 वर्षीय पत्नी मंजू देवी के रूप में की गई है। तीनों बच्चों में 6 वर्षीय आर्यन, 4 वर्षीय सुशांत और डेढ़ वर्षीय हिमांशु नाम शामिल हैं। सुबह-सुबह चारों के शव तालाब में देखे गए। इसके बाद पूरे इलाके में कोहराम मचा हुआ है। पुलिस घटना स्थल पर पहुंच गई है। शवों को अपने कब्जे में लेकर छानबीन में जुट गई है।

### महिला के घर में आगजनी

महिला के घर में आगजनी होने की भी जानकारी सामने आई है। बंद पक्के मकान के अंदर आग से काफी सारा सामान जलकर राख हो गया है। लोगों का कहना है कि घर से धुआं उठता हुआ देखकर जब दौड़े तो मकान में ताला लटका हुआ था। घर के अंदर से आग की लपटें उठ रही थीं। यह देखकर सभी और घबरा गए उन्हें लगने लगा की ऐसा न हो कि चारों अंदर ही जल गए हो। अंदर चेक करने पर कोई भी ना था। इसके बाद गांव में लगे जन्माष्टमी मेले में लगे माइक से लोगों ने अनाउंस करवाया।

---

# बिहार के डीजीपी दलजीत सिंह चौधरी को बीएसएफ की कमान



**पटना (नि.सं.)।** बिहार के डीजीपी के पद पर सेवारत आईपीएस राजविंदर सिंह भाटी (आरएस भाटी) को केंद्र सरकार ने नई जिम्मेदारी दे दी है। केंद्र ने उन्हें केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) के महानिदेशक (डीजी) के पद पर नियुक्ति दी है। इसके अलावा केंद्र सरकार ने आईपीएस अधिकारी दलजीत सिंह चौधरी को सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के महानिदेशक पद पर नियुक्त किया गया है। चौधरी अभी एसएसबी के महानिदेशक के रूप में कार्यरत थे।

---

# 25 आईएएस अधिकारियों का तबादला

निज संवाददाता | पटना





बिहार की नीतीश सरकार ने बड़े पैमाने पर प्रशासनिक फेरबदल किया है। भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के 25 अधिकारियों का तबादला कर दिया गया है। सामान्य प्रशासन विभाग ने बुधवार को इस संबंध में अधिसूचना जारी की। भागलपुर समेत कुछ शहरों के सिटी कमिश्नर बदले गए हैं। 11 आईएएस अफसरों का तबादला किया गया है। बुधवार को जारी आईएएस ट्रांसफर लिस्ट के अनुसार सारण के नगर आयुक्त सुमित कुमार को पश्चिम चंपारण का उपविकास आयुक्त बनाया गया है। इनके साथ ही 14 आईएएस अफसरों को नई जिम्मेदारी दी गई है। वहीं, 11 अधिकारियों को वर्तमान पद से मुक्त कर पदस्थापना की प्रतीक्षा में रखा गया है। वहीं भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के अधिकारी और बिहार खेल प्राधिकरण के सचिव पंकज कुमार राज की सेवा वापस गृह विभाग को सौंप दी गई है। छपरा के सिटी कमिश्नर सुमित कुमार को बेतिया का उप विकास आयुक्त बनाया गया है। खगड़िया की उप विकास आयुक्त प्रीति को बतौर भागलपुर सिटी कमिश्नर तैनात किया गया है। मुजफ्फरपुर नगर आयुक्त नवीन कुमार को गया में उप विकास आयुक्त बनाकर भेजा गया है। सासाराम नगर आयुक्त यतेंद्र कुमार पाल को छपरा का उप विकास आयुक्त नियुक्त किया गया है। इसी तरह, छपरा की उप विकास आयुक्त प्रियंका रानी को स्थानांतरित करते हुए नवादा का उप विकास आयुक्त बनाया गया है। दीपक कुमार मिश्रा को नवादा उप विकास आयुक्त से नालंदा का सिटी कमिश्नर तैनात किया गया है। मोतिहारी सदर के अनुमंडल अधिकारी श्रेष्ठ अनुपम को मुजफ्फरपुर का उप विकास आयुक्त बनाकर भेजा गया है। बिहारशरीफ के अनुमंडल पदाधिकारी अभिषेक पलासिया को खगड़िया का उप विकास आयुक्त बनाया गया है। बगहा की अनुमंडल पदाधिकारी अनुपमा सिंह का तबादला आरा कर दिया गया है, जहां वह उप विकास आयुक्त का पदभार देखेंगी। वैशाली जिले के महुआ की अनुमंडल पदाधिकारी चंद्रिमा अत्री को पूर्णिया का उप विकास आयुक्त नियुक्त किया गया है। दानापुर (पटना) के अनुमंडल पदाधिकारी प्रदीप सिंह को भागलपुर में उप विकास आयुक्त बनाकर भेजा गया है। सोनपुर (सारण) के अनुमंडल पदाधिकारी कुमार निशांत विवेक को उप विकास आयुक्त, गोपालगंज तैनात किया गया है।

---

सरकार ने की घर से बाहर महिलाओं की सुरक्षा के लिए हेल्पलाइन नंबर 112 पर सुरक्षित सफर सुविधा की शुरुआत

# सफर के दौरान महिलाओं की सुरक्षा करेगी बिहार पुलिस, 15 सितंबर से पूरे बिहार में लागू

निज संवाददाता | पटना

बिहार में नीतीश कुमार की सरकार ने घर से बाहर महिलाओं की सुरक्षित यात्रा के लिए इमरजेंसी हेल्पलाइन नंबर 112 पर सुरक्षित सफर सुविधा नाम से एक बड़ी पहल की है। राज्य में ट्रेवल के दौरान महिलाएं अगर कोई खतरा या असुरक्षा महसूस कर रही हैं तो इस नंबर पर फोन करके पुलिस से सुविधा मांग सकती है। पुलिस महिला की सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करेगी। इमरजेंसी नंबर 112 की सेवा का संचालन केंद्र सरकार के निर्भया फंड से होता है जिसके तहत औरतों और बच्चों के सामने सुरक्षा के लिए मदद मांगने के कई तरह के विकल्प होते हैं।

बिहार पुलिस की सुरक्षित सफर सुविधा को 5 सितंबर से पहले छह जिलों में और 15 सितंबर से राज्य भर में लागू किया जाएगा। 5 सितंबर से महिलाओं के लिए यह सुविधा पटना, गया, नालंदा, मुजफ्फरपुर, बेगूसराय और भागलपुर में शुरू हो जाएगी। बुधवार को बिहार पुलिस के मुख्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में एडीजी निर्मल आजाद ने इसकी जानकारी दी। प्रेस कॉन्फ्रेंस में आईजी अनिल कुमार भी मौजूद थे। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि बिहार में कहीं भी, कोई भी महिला अगर यात्रा के दौरान असुरक्षित महसूस कर रही हैं तो डायल 112 पर फोन करके सुविधा ले सकती हैं। इमरजेंसी हेल्पलाइन नंबर डायल 112 पर फोन से सीधे 112 नंबर डायल करके संपर्क किया जा सकता है। अगर आपके पास स्मार्टफोन है तो उसे बंद या चालू करने वाले बटन (पावर बटन) को लगातार तीन बार दबाने पर भी 112 नंबर पर फोन लग जाता है। अगर मोबाइल फोन साधारण है तो उसके 5 या 9 नंबर के बटन को लगातार दबाए रखने पर भी फोन 112 नंबर पर लग जाता है। 112 इंडिया मोबाइल ऐप को डाउनलोड कर रखे हों तो सॉउट बटन दबा सकते हैं।

### महिलाओं के खिलाफ अपराध का देश और बिहार में क्या है हाल ?





राष्ट्रीय महिला आयोग को महिलाओं के खिलाफ अपराध की वर्ष 2023 में 28811 शिकायतें मिली थीं जिनमें बिहार 1312 मामलों के साथ बिहार चौथे नंबर पर था। 16109 केस के साथ उत्तर प्रदेश एक नंबर पर रहा था। इस साल के जून तक आयोग को मिली 12649 शिकायतों में 6492 केस के साथ यूपी फिर नंबर एक पर है जबकि 586 मामलों के साथ बिहार लगातार चौथे नंबर पर है। बीच में दिल्ली और महाराष्ट्र क्रमशः तीसरे और चौथे नंबर पर लगातार दोनों साल हैं।

---

# पीएम ने जन धन योजना के 10 वर्ष पूरे होने पर बधाई दी

एजेंसी | नयी दिल्ली



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जन धन योजना के 10 वर्ष पूरे होने पर लाभार्थियों और योजना को सफल बनाने में योगदान करने वालों को बधाई और शुभकामनाएं दी।

श्री मोदी ने एक्स पर बुधवार को कहा कि आज, हम एक महत्वपूर्ण अवसर को चिह्नित कर रहे हैं- जन धन योजना के 10 वर्ष। सभी लाभार्थियों को बधाई और उन सभी को बधाई जिन्होंने इस योजना को सफल बनाने की दिशा में काम किया। जन धन योजना वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने और करोड़ों लोगों, विशेषकर महिलाओं, युवाओं और हाशिए के समुदायों को सम्मान देने में सर्वोपरि रही है।

# पुलिस की कार्यशैली से नाराज महादलितों ने थाना परिसर में किया हंगामा

**निज संवाददाता** | हिसुआ (नवादा)



थाना क्षेत्र के अरियन गावं के जयप्रकाश नगर टोला से तीन महिलाओं को दबंगों के द्वारा घर से उठाकर अपने साथ ले जाने के बाद परिजनों ने हिसुआ थाना में लिखित आवेदन देकर बरामदगी का मांग करते हुए कानूनी कारवाई करने की मांग किया है। अपहरण के 48 घंटे बाद भी महिलाओं का बरामदगी नहीं होने पर परिजनों का गुस्सा चरम पर है। बुधवार को नवादा भीम आर्मी संगठन ने घटना को लेकर पुलिस -प्रशासन के खिलाफ नारे-बाजी करते हुए शहर भ्रमण किया तथा हिसुआ थाने का घेराव किया। **क्या है मामला** : अरियन ग्राम के जयप्रकाश नगर टोला निवासी राजेश मांझी उम्र 35 वर्ष पिता रामभजु मांझी ने कहा कि 25 अगस्त की सुबह 08 बजे उनकी मां मंजू देवी उम्र करीब 55 वर्ष अरियन मजदूरी करने गई थी। जब वह गांव के बाहर संजू सिंह के घर के पास थी कि अचानक टुन्नी सिंह उर्फ अरविंद कुमार पिता नवल सिंह, गोपाल कुमार, सुदामा कुमार, अंकित कुमार तीनों पिता टुनी सिंह उर्फ अरविंद कुमार सभी ग्राम अरियन आए और जबरदस्ती मेरी मां का बाल पकड़ कर घसीटते हुए अपना काले रंग के स्कॉर्पियो में बैठाकर कहीं चला गया। हिसुआ रोड मुसहरी के पास आने के बाद बोला कि साला मुसहर यदि तुम केस में तसबिया नहीं करोगे तो तुम्हारी मां को नहीं छोड़ूंगा। पहले नवादा चलकर तसबिया कर लो तब इसे छोड़ दूंगा। गाड़ी में बैठा कर जबरन मेरी मां को लेकर चला गया। दोपहर करीब 02 बजे मैं अपनी पत्नी सुगी देवी एवं भभू बबिता देवी के साथ में केस करने के लिये अनुसूचित जाति थाना जा रहा था। तभी रास्ते में सिराज नगर के पास अचानक उक्त सभी लोगों ने मिलकर घेर लिया एवं गंदा-गंदा गाली गलौज करते हुए मेरी पत्नी सुगी देवी एवं भभू बबिता देवी को पकड़ लिया। जब मैं विरोध किया, तो मेरे साथ फैट एवं मुक्का से मारपीट करने लगा एवं दोनों महिला को पकड़ कर गाड़ी में बैठा कर नवादा की तरफ चला गया। इस घटना से मैं काफी घबरा गया, इस बीच पता करने का पूरा प्रयास किया किंतु अभी तक पता नहीं चल सका। उन्होंने कहा मुझे डर बना हुआ है कि मेरी मां, पत्नी एवं भभु के साथ गंदा हरकत कर सकता है एवं कोई भी अनहोनी कार्य कर सकता है। यह लोग काफी दबंग एवं अपराधी प्रवृत्ति का है कई केस इन लोगों के विरुद्ध थाना में दर्ज है। केस में तसबिया करने से इनकार करने की बात को लेकर यह घटना घटित हुई है। इस संदर्भ में कुछ लोगों ने कहा कि यह मामला ईंट भठ्ठा पर जाने को लेकर है। ईंट भठ्ठा पर जाने को लेकर पहले से काफी रूपए ले चुका है। लेकिन जाने के वक्त बवाल खड़ा किया गया है। भीम आर्मी जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र राजवंशी ने कहा हिसुआ पुलिस मामले को गंभीरता से नहीं ले रही है। पीड़ित परिवार काफी परेशान और भयभीत है। घटना के 48 घंटा बीत जाने के बावजूद पुलिस द्वारा अभी तक महिलाओं की बरामदगी नहीं की गई है। डीएसपी सुनील कुमार और प्रभारी थानाध्यक्ष प्रशिक्षु डीएसपी कामिनी कौशल सिर्फ आश्वासन दे रही है।उन्होंने कहा की महादलित परिवारों के साथ दबंगों द्वारा किसी भी प्रकार की घटना का अंजाम देने पर भीम आर्मी कभी बर्दाश्त नहीं करेगा। पुलिस प्रशासन के खिलाफ आज सैकड़ों महिलाएं एवं पुरुष द्वारा हिसुआ थाना का घेराव किया गया और अविलंब बरामदगी की मांग की गई है। सुनील कुमार, डीएसपी 02 ने कहा की घटना रविवार को हुआ है, तब थाने में सोमवार को पीड़ित के पुत्र द्वारा दिए आवेदन पर कांड संख्या 511/24 दर्ज कर लिया गया है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। पुलिस ने आरोपी टुन्नी सिंह के एक पुत्र अंकित कुमार को गिरफ्तार किया है और अन्य की गिरफ्तारी और महिलाओं की बरामदगी के लिए छापेमारी की जा रही है। पुलिस अग्रेतर कार्रवाई में जुटी है। जानकारी के अनुसार हिसुआ पुलिस द्वारा आरोपी पर दबाव बनाने को लेकर टुन्नी सिंह की पत्नी एवं नामजद पुत्र अंकित कुमार को उठा कर थाना लाया गया है। पुलिस के द्वारा की गयी कार्रवाई से लोगों में आक्रोश व्याप्त है। उक्त लोगों का कहना है कि पुलिस अपने दायित्व का निर्वहन नहीं कर पाने पर, अपनी नाकामी को छुपाने के लिए घर के महिलाओं को उठाकर थाना लाकर दबाव बनाया जाता हैं।

## न्यूज बाइट्स

### उपेंद्र व मनन के राज्यसभा सदस्य के रूप में निर्विरोध निर्वाचित होने पर बधाई

**बिक्रमगंज (रोहतास) (नि.सं.)**। राष्ट्रीय लोक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा व मनन कुमार मिश्र के निर्विरोध राज्यसभा सदस्य चुने जाने के बाद एनडीए कार्यकर्ताओं ने उन्हें बधाई दी है। भाजपा शिक्षक प्रकोष्ठ प्रदेश महामंत्री डॉ. मनीष रंजन ने उन्हें माला पहना बधाई दी। बताया कि एनडीए पार्टी कार्यकर्ता के लिए यह बड़ी उपलब्धि हैं। खास तौर पर आने वाले 2025 के विधानसभा चुनाव में पार्टी को इससे काफी मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा एनडीए विधानसभा चुनाव में बेहतर प्रदर्शन करेगी और हर कार्यकर्ता अपनी पूरी ताकत से इस चुनाव में अपनी भूमिका निभाएंगे। जिस विधानसभा चुनाव में पुन: एक बार बिहार में एनडीए गठबंधन के नेतृत्व में विकास पुरुष नीतीश कुमार को बिहार की जनता विकास के नाम पर वोट कर उन्हें मुख्यमंत्री चुनेंगी।

### बीएड कॉलेज में शिक्षक अभिभावक ने बैठक कर किया विचार विमर्श

**कोचस (रोहतास) (नि.सं.)**। बुधवार को बीएड कॉलेज मे विधि व्यवस्था तथा उपस्थित को लेकर शिक्षक एव अभिभावक ने संगोष्ठी आयोजित की। बैठक की अध्यक्षता राम इकबाल तिवारी ने किया। इस दौरान महाविद्यालय के निर्देशानुसार नामांकित प्रशिक्षुओ का किसी भी हाल में 75 फीसदी उपस्थित विद्यालय का साफ सफाई सरकार के नियमों का सत प्रतिशत लागू शिक्षण कार्य के साथ अन्य विषयों पर गहनता के साथ विचार विमर्श की गई। बैठक में महाविद्यालय के सचिव सह संचालक डॉक्टर उमाशंकर द्विवेदी ने कहा कि विश्वविद्यालय के निर्देशा अनुसार जिन छात्रों की उपस्थिति 75 फ़ीसदी नही होगी वो छात्र परीक्षा से बिल्कुल वंचित रहेंगे । इस बैठक में उपस्थित अभिभावक शिक्षक डॉ विनोद मिश्रा, सुधा सिंह, डॉक्टर गोविंद पाठक, रामचंद्र सिंह, सुनील कुमार, कुंती कुमारी, बृजेश सिंह, वीरेंसचंद्र पटेल, उपेंद्र सिंह सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### आमने सामने बाईक के टक्कर में तीन लोग हुए घायल

**राजपुर (रोहतास) (नि.सं.)**। राजपुर नासरिगंज पथ स्थित पेट्रल पंप के नजदीक बुधवार दोपहर को दो बाईक के आमने-सामने की टक्कर में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी जख्मी को उठाकर पीएचसी लाया, जहां चिकित्सकों ने घायलों का प्राथमिक उपचार केबाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल सासाराम रेफर कर दिया। घायलों में 37 वर्षीय अरूण कुमार, 35 वर्षीय कृषणा कांत कुमार तिवारी राजपुर थाना क्षेत्र के बिशेनी कला गांव के निवासी हैं। वहीं मंजू देवी 30 वर्ष खैराडिह गांव की निवासी बताई जाती है।बाइक चला रहे मंजू देवी के पति ने बताया कि वे बाईक में तेल लेने के लिए अभी पेट्रल पंप पर घुमे हीं थे कि नासरिगंज की तरफ से अनियंत्रित गति से आ रहे अरूण कुमार द्वारा हमारे बाईक में जोरदार टक्कर मार दिया गया। दुर्घटना से बचाव करने में वे खुद भी गिर कर बुरी तरह जख्मी हो गए। थाना अध्यक्ष शशिभूषण कुमार ने बताया कि पेट्रोल पंप के नजदीक सड़क दुर्घटना की सुचना पुलिस को मिली.तत्काल गश्ति गाडी भेज घायलों को ईलाज के लिए पीएचसी ले जाया गया है।

### दो माह पूर्व घर से फरार युवती को पुलिस ने किया बरामद

**दिनारा (रोहतास) (नि.सं.)**। स्थानीय थाना पुलिस ने घर से फरार एक युवती को दिनारा बाजार से बुधवार को बरामद कर लिया है। जहां इस मामले में युवती के पिता के बयान पर थाना में अपहरण का मामला दर्ज कराया गया था। थानाध्यक्ष विनय कुमार ने बताया कि कांड संख्या 304/24 दिनांक 10 जुलाई को युवती के पिता के बयान पर अपहरण कि मामला दर्ज कराया गया था। जिसमें कहा गया था कि मेरी पुत्री अचानक घर से भाग गई या फरार हो गई। इस मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस ने इस मामले को संज्ञान में लिया और पुलिस के द्वारा उक्त महिला को दिनारा बाजार से बरामद कर लिया। प्रशासन द्वारा उक्त युवती को न्यायालय में 164 का बयान दर्ज कराया जाएगा।

### राष्ट्रीय लोक अदालत के सफलता हेतु जिले के थाना प्रभारियों के साथ किया गया बैठक

**नवादा (नि.सं.)**। नालसा एवं बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, पटना के मार्गदर्शन में आशुतोष कुमार झा, जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा के निर्देश के आलोक में दिनांक 14.09.2024 को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत के आयोजन के सफलता हेतु सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा कुमारी सरोज कीर्ति के प्रकोष्ठ में आज जिले के थाना अध्यक्षों/थाना प्रभारियों के साथ बैठक किया गया। बैठक में उपस्थित थाना अध्यक्षों द्वारा प्रस्तुत किये गये तामिला प्रतिवेदन का अधोहस्ताक्षरी के द्वारा समीक्षा की गयी। समीक्षा के दौरान जिस थाना से कम नोटिसों का तामिला प्राप्त हुआ है उस थाना के थाना प्रभारियों को सख्त हिदायत देते हुए शत प्रतिशत तामिला कराने का निर्देश दिया गया। अधोहस्ताक्षरी के द्वारा उपस्थित थाना अध्यक्ष को निर्देश दिया कि अधिक से अधिक नोटिसों का तामिला करवायें एवं पक्षकारों को उपस्थित होने के लिए पंचायत एवं ग्राम स्तर पर पहल किया जाए क्योंकि निर्गत नोटिसों के तामिला के आधार पर ही लोक अदालत की सफलता निर्भर करती है। इसलिए निर्गत नोटिसों के शत्-प्रतिशत तामिला पर बल दें। बैठक के क्रम में संबंधित थानों में तामिला हेतु भेजे गए नोटिसों के अधिक से अधिक तामिला करवाने एवं तामिला प्रतिवेदन कार्यालय को उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया गया, ताकि अधिक से अधिक सुलहनीय योग्य वादों का निष्पादन सुलह समझौते के आधार पर किया जा सके। बैठक में राष्ट्रीय लोक अदालत के सफलता हेतु सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा कुमारी सरोज कीर्ति के अतिरिक्त नवादा जिले के विभिन्न थाना यथाः नगर थाना, नवादा नारदीगंज, रजौली, नरहट, अकबरपुर, काशीचक, मेसकौर, वारिसलीगंज, रोह, गोविन्दपुर, परनाडाबर, कादिरगंज, नेमदारगंज, रूपौ, धमौल, शाहपुर, बुंदेलखंड के थाना के थाना अध्यक्ष/थाना प्रभारी एवं राकेश कुमार लिपिक जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा उपस्थित थे।

### भाजपा छोड़ जन सुराज में शामिल



**डेहरी आन-सोन (रोहतास) (नि.सं.)**। स्थानीय पाली रोड में डेहरी विधानसभा के पूर्व विधायक प्रत्याशी सह जन सुराज के नेता समीर कुमार की अध्यक्षता में भाजपा के वरिष्ठ नेता जिसमे मुख्य रूप से विजय शंकर तिवारी अनुज पांडेय गणेश पांडेय मो० नियाज मो० कैफ श्रवण कुमार गणेश पांडेय डॉक्टर अजय सिंह काशी प्रजापति ने जन सुराज का दामन थामा भाजपा नेताओं को जन सुराज की सदस्यता ग्रहण करवाने के उपरांत समीर कुमार ने बताया कि बिहार में सत्ता परिवर्तन तो कई बार हुआ लेकिन अबकी बार व्यवस्था परिवर्तन के लिए लोग जन सुराज से लोग जुड़ रहे हैं। बिहार की जनता अब नेताओ के चेहरे को नही अपने बच्चे के चेहरे को देख कर वोट देगी और बिहार में जनता का सुंदर राज स्थापित होगा।

## बिजली की शॉर्टसर्किट के कारण आभूषण की दुकान में लगी आग

**निज संवाददाता** | चेनारी (रोहतास)

हरिओम आभूषण एवं बर्तन की दुकान में बिजली की शार्ट सर्किट के कारण आग लग गई, जिसके कारण दुकान में रखे गए सामग्री पूरी तरह से जलकर राख हो गई। घटना के बाद दुकान मालीक ओमप्रकाश सोनी ने बताया कि मंगलवार की रात्रि लगभग नौ बजे के करीब दुकान को बंद कर दिया गया था।वहीं डेढ़ बजे के आस पास दूरभाष से सूचना प्राप्त हुई कि दुकान में आग लगी हुई है। जब दुकान के पास आकर देखा गया तो आग ने विकराल रूप धारण कर लिया था। आग पर काबू पाना बहुत ही मुश्किल था। उन्होंने बताया कि घटना की सूचना स्थानीय थाने को दी गई। जिसके बाद वज्र वाहन की मदद से आग पर किसी तरह काबू पाया गया। तब तक दुकान में रखे गए सामग्री जल गई थी। उन्होंने बताया कि एक लाख से ऊपर का नुकसान हुआ है। वहीं घटना के बाद थाने में आवेदन दे दी गई है। इस संबंध में पूछे जाने पर थानाध्यक्ष रंजन कुमार ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही घटनास्थल पर वज्र वाहन को भेज दिया गया था वही घटनास्थल पर पुलिस भी मौजूद थी।

## विद्युत ऊर्जा चोरी पर सख्त कार्रवाईः 57 उपभोक्ताओं पर दर्ज हुई प्राथमिकी, लाखों का लगा जुर्माना

**निज संवाददाता** | बिक्रमगंज (रोहतास)

गुप्त सूचना के आधार पर कनीय विद्युत अभियंता संझौली प्रमुदित रक्त पटेल के नेतृत्व मे एक जांच दल का गठन किया गया। जांच दल द्वारा अवैध रूप से विद्युत ऊर्जा चोरी को लेकर चार पर प्राथमिकी दर्ज कराई है। बताते चले कि बकायेदार उपभोक्ताओं का विद्युत विपत्र की राशि बकाया रहने के कारण विभाग द्वारा विशेष अभियान चलाकर विद्युत कनेक्शन काट रही है परंतु कुछ उपभोक्ताओं द्वारा बिना बकाया राशि एवं रिकनेक्शन शुल्क जमा किये अवैध रूप से तार जोड़कर विद्युत ऊर्जा की चोरी करने लग रहे हैं। इसी बीच ग्राम-उदयपुर के उपभोक्ता का बकाया पर विद्युत कनेक्शन कटने के पश्चात अवैध रूप से तार जोड़कर जलाने को लेकर प्रहलाद चौधरी पर 33961, राजेश कुमार पर 63876 रूपये दंडित राशि लगायी गयी है। आगे बताते चलें की मीटर बाईपास कर अवैध रूप से विद्युत ऊर्जा चोरी करने को लेकर पूनम देवी पर 2147 तथा रूपये राजस्व की क्षति लगायी गयी है। उक्त उपभोक्ता के द्वारा मीटर बाईपास करने के कारण वास्तविक पठन अवरुद्ध हो रहा था तथा विभाग के राजव की क्षति हो रही थी। बिना कोई विद्युत कनेक्शन लिए अवैध रूप से विद्युत ऊर्जा चोरी करने को लेकर राहुल पटेल पर 9255 रूपये जुर्माना लगाया गया है। कनीय विद्युत अभियंता, संझौली प्रमुदित रक्त पटेल के द्वारा सभी उपभोक्ताओं से आग्रह किया गया है कि जिनका बकाया पर लाइन कटा हुआ है वो अपना बकाया राशि एवं रिकनेक्शन शुल्क जमा करने के पश्चात ही विद्युत ऊर्जा का उपभोग करें एवं अनावश्यक होने वाली परेशानियों से बचें। सहायक विद्युत अभियंता बिक्रमगंज राज कुमार के द्वारा बताया गया की जो उपभोक्ता मीटर बाईपास कर विद्युत ऊर्जा की चोरी कर रहे हैं वह दुरुस्त कर लें तथा जो व्यक्ति बिजली का कनेक्शन नहीं लिए हैं वह कनेक्शन ले लें अन्यथा पकड़े जाने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। विद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल बिक्रमगंज अंतर्गत चालू माह मे 57 लोगो पर विद्युत ऊर्जा की चोरी को लेकर प्राथमिकी दर्ज कराई गयी है, जिसमे कुल जुर्माने की राशि 1756799 अधिरोपित है।

## छात्र इंडक्शन कार्यक्रम का उद्घाटन समारोह संपन्न

**निज संवाददाता** | सासाराम (रोहतास)



गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय, जमुहार के अंतर्गत संचालित नारायण फार्मेसी संस्थान में छात्र इंडक्शन कार्यक्रम 2024 का उद्घाटन समारोह आज भव्य रूप से आयोजित किया गया। इस अवसर पर कई गणमान्य अतिथियों और नवप्रवेशित छात्रों की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम में गोपाल नारायण सिंह, कुलाधिपति, गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय, जमुहार ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने अपने प्रेरणादायक भाषण में फार्मेसी के क्षेत्र में समर्पण, मेहनत और नवाचार के महत्व पर जोर दिया। डॉक्टर कुमार आलोक प्रताप, परीक्षा नियंत्रक, गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय ने शैक्षणिक उत्कृष्टता और परीक्षा की तैयारी पर अपने विचार साझा किए। मिथिलेश सिंह, सहायक रजिस्ट्रार, गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय ने विश्वविद्यालय के नियमों और छात्र सेवाओं पर जानकारी दी। सुदीप कुमार सिंह, शैक्षणिक निदेशक, गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय, बिहार ने छात्रों को अपने शैक्षणिक सफर के दौरान समग्र विकास के महत्व पर प्रेरित किया। प्रो. डॉ.धर्मेंद्र कुमार, डीन-कम-प्राचार्य, नारायण फार्मेसी संस्थान, बिहार ने सभी गणमान्य अतिथियों और नवप्रवेशित छात्रों का गर्मजोशी से स्वागत किया। भुनेश्वर दत्त त्रिपाठी, उप-प्राचार्य, नारायण फार्मेसी संस्थान, बिहार ने सभा को संबोधित करते हुए आगामी शैक्षणिक वर्ष की अपनी दृष्टि साझा की।प्रो. डॉ.ललितेश्वर प्रताप सिंह, प्रोफेसर, नारायण फार्मेसी संस्थान, बिहार ने छात्रों का स्वागत करते हुए उन्हें संस्थान में अपने समय का अधिकतम लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन वेदांत कुमार प्रजापति, सहायक प्रोफेसर, नारायण फार्मेसी संस्थान द्वारा किया गया जबकि धन्यवाद ज्ञापन शंकुल कुमार ने किया। इस कार्यक्रम में डी.फार्म, बी.फार्म, फार्म डी, फार्म डी (पीबी), और एम.फार्म के सभी संकाय सदस्यों और नवप्रवेशित छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, जो नए छात्रों के लिए एक रोमांचक और सार्थक शैक्षणिक यात्रा की शुरुआत का प्रतीक था। इस अवसर पर शशिरंजन सिंह, ओमसत्यम, आयुष कात्यायन, संदीप चटर्जी, सृष्टि तिवारी, रानी कुमारी, कुमर निगार, रंजीत कुमार, ऋषि पोद्दार, विनोद सिंह, सिद्धांत कृष्णा, राज राजेश्वर, पवन गोस्वामी, विकाश कुमार, अतुल शुक्ला आदि उपस्थित थे।

## 3 से शुरू होगा जिला स्तरीय विद्यालय खेल प्रतियोगिता

**निज संवाददाता** | सासाराम (रोहतास)

जिला स्तरीय विद्यालय खेल प्रतियोगिता 2024 का आयोजन 3 से 7 सितंबर तक न्यू स्टेडियम फजलगंज, खेल भवन, व्यायामशाला, मल्टीपर्पस हॉल, बास्केटबॉल कोर्ट, वॉलीबॉल कोर्ट एवं चितौली स्थित हाई स्कूल, चौखंडा के मैदान में किया जाएगा। जिला स्तरीय विद्यालय खेल प्रतियोगिता, 2024 का उद्घाटन दिनांक 3.9.2024 को पूर्वाह्न 10:30 बजे न्यू स्टेडियम, फजलगंज में किया जाएगा। पूर्व में खेल प्रतियोगिता का आयोजन 1 से 5 सितंबर को होना संभावित था, जिसे छात्र-छात्राओं की परीक्षाओं के मद्देनजर तिथि में बदलाव किया गया है। इन खेल प्रतियोगिताओं में तीन आयु वर्ग- अंडर 14, अंडर 17 तथा अंडर 19 के बालक-बालिका शामिल होंगी। जिला स्तरीय विद्यालय खेल प्रतियोगिता 2024 में कुल 18 खेल विधाएं शामिल हैं। इनमें एथलेटिक्स, फुटबॉल, कबड्डी, खो-खो, हैंडबॉल, वॉलीबॉल, बैडमिंटन, कुश्ती, भारोत्तोलन, ताइक्वांडो, रग्बी, बास्केटबॉल, शतरंज, हॉकी बॉक्सिंग, योगा, वुशु एवं क्रिकेट शामिल हैं। प्रतियोगिता में प्रतिभागियों हेतु योग्यता प्रमाण पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 27.8.2024 की संध्या 5:00 बजे तक उपाधीक्षक शारीरिक शिक्षा, रोहतास के कार्यालय, खेल भवन सह व्यायामशाला, न्यू स्टेडियम, फजलगंज में निर्धारित की गई है।

## भाकपा माले का रोषपूर्ण प्रदर्शन

**निज संवाददाता** | अकोढ़ीगोला (रोहतास)

भाकपा माले के राज्यव्यापी आहवान पर कार्यकर्ताओं ने बुधवार को प्रखंड कार्यालय पर रोषपूर्ण प्रदर्शन व धरना दिया। कार्यकर्त्ता का० कामता प्रसाद यादव के नेतृत्व में भूमिहीन को भूमी दो, गरीब परिवार को दो लाख मुआवजा दो, आवासीय जमीन व पक्का मकान की गारंटी दो, पेंशनधारियों के रुके हुए पेंशन को अविलंब भुगतान कराओ, अंचल कार्यालय मे व्याप्त भ्रष्टाचार पर रोक लगाव व बेरोजगारों को बेरोजगारी भत्ता सुनिश्चित करो व हक दो वादा निभाओ आदि मांगों को लेकर हाथो मे झंडा ,बैनर व तख्ती के साथ जुलूस निकाला बाजार कि भ्रमण किया। और भ्रमण करते हुए दर्जनों महिला कार्यकर्ता के साथ प्रखंड कार्यालय पहुंचे। प्रखंड कार्यालय कि मेन गेट पर कार्यकर्ताओं ने रोषपूर्ण प्रदर्शन किया। और प्रखंड कार्यालय कि मुख्यद्वार पर धरना पर बैठ गए। धरनार्थियों को सम्बोधित करते हुए काव अशोक कुमार सिंह ने केन्द्र व राज्य सरकार को आड़े हाथो लेते हुए कहा कि केन्द्र सरकार सभी मोर्चों पर विफल साबित हो रही है। दुसरी ओर बिहार सरकार पर भी निशाना साधते हुए कहा कि राज्य मे लूट, हत्या, अपहरण व दुष्कर्म की घटनाएं लगतार बढ रही है।

## जिलाधिकारी द्वारा दिए गए आवश्यक निर्देश

**निज संवाददाता** | नवादा

जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता में अधिक से अधिक विद्यालयों की सहभागिता हेतु जिला शिक्षा पदाधिकारी को निर्देश दिया गया है कि रोहतास जिला के सभी प्रधानाध्यापक/प्राचार्य (मध्य, उच्च, माध्यमिक) तथा मान्यता प्राप्त सीबीएसई/आईसीएसई (केंद्रीय विद्यालय संगठन एवं नवोदय विद्यालय को छोड़कर) विद्यालयों को दिनांक 27.8.2024 तक निबंधन, उपाध्यक्ष शारीरिक शिक्षा रोहतास के कार्यालय में करवाना सुनिश्चित करेंगे। जिला शिक्षा पदाधिकारी को निर्देश दिया गया है कि अपने स्तर से सभी प्रधानाध्यापक/शारीरिक शिक्षा शिक्षक/अनुदेशकों के साथ बैठक कर जिला स्तरीय विद्यालय खेल में अधिक से अधिक विद्यालयों की सहभागिता सुनिश्चित करें। साथ ही इसके प्रचार-प्रसार हेतु विद्यालय में पोस्टर/बैनर लगाने का भी निर्देश दिया गया है। जिलाधिकारी के द्वारा यह भी कहा गया है कि जिस विद्यालय के शारीरिक शिक्षा शिक्षक व अनुदेशक के द्वारा टीम लाया जाएगा। तथा खिलाड़ियों के द्वारा अच्छा प्रदर्शन कर यदि राज्य स्तर पर मेडल लाया जाता है तो वैसे विद्यालय के प्रधानाध्यापक/शारीरिक शिक्षा शिक्षक/अनुदेशक के साथ खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया जाएगा। जिला स्तरीय खेल विद्यालय खेल प्रतियोगिता, 2024 के सभी आयोजन स्थलों पर प्रतियोगिता के दौरान विधि व्यवस्था बनाए रखने हेतु अनुमंडल पदाधिकारी तथा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी विभिन्न आयोजन तिथियों को चिन्हित स्थल पर पर्याप्त मात्रा में महिला/पुरुष दंडाधिकारी एवं पुरुष/महिला आरक्षी बल की प्रतिनियुक्ति सुनिश्चित करेंगे। सभी आयोजन स्थलों पर प्रतियोगिता अवधि में प्रतिभागियों के लिए शुद्ध पेयजल आपूर्ति एवं साफ सफाई की व्यवस्था नगर आयुक्त नगर निगम के द्वारा करने तथा कार्यपालक अभियंता लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण को अस्थाई शौचालय लगाने एवं पानी एटीएम लगाने का निर्देश दिया गया है। आयोजन स्थल पर प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों के चोटिल होने पर प्राथमिक उपचार किए जाने हेतु पर्याप्त संख्या में डॉक्टर, नर्स की प्रतिनियुक्ति, दो एंबुलेंस एवं उपचार संबंधी औषधि की उपलब्धता के साथ न्यू स्टेडियम, फजलगंज में स्वास्थ्य शिविर लगाने की व्यवस्था असैनिक शल्य चिकित्सा सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी सुनिश्चित करेंगे।

## कलानौर में बेसहारा गोवंश को लेकर नगरपालिका की करवाईः आवारा पशुओं को पकड़कर गौशाला में छोड़ा

» बुधवार को 9 गोवंशों को पंचायती गौशाला कलानौर में छोड़ा गया। उन्होंने बताया कि नगर पालिका द्वारा शहर में लगातार एक सप्ताह तक बेसहारा गोवंश को लेकर अभियान चलाया जाएगा।

**निज संवाददाता** | सासाराम (रोहतास)



रोहतास जिले के कलानौर में बेसहारा गोवंशों को लेकर आज नगरपालिका ने एक अभियान चलाया गया। जिसके तहत कुल 9 गोवंशों को शहर से एकत्रित कर पंचायती गौशाला में छोड़ा गया। यह गोवंश मुख्य सड़क पर बैठे व भ्रमण करते हुए पाए गए। कलानौर में इन दिनों बेसहारा गोवंश को लेकर तांता लगा हुआ है। बैसहारा गोवंश निगाणा रोड, गुढान रोड, नया बस स्टैंड, पुराना बस स्टैंड सहित कई स्थानों पर बैठे व भ्रमण करते रहते हैं। जो लगातार सड़क हादसों को बढ़ावा देते हैं। रात्रि के समय में खतरा और भी अधिक बढ़ जाता है। ऐसे में लोगों को बेसहारा गोवंश के चलते उत्पन्न होने वाली समस्याओं से निजात दिलाने हेतु नगर पालिका कलानौर द्वारा आज शहर में अभियान चलाया गया, जो लगातार एक सप्ताह तक जारी रहेगा। नगर पालिका सचिव प्रदीप जैन ने बताया कि बेसहारा गोवंश को लेकर शहर में नगर पालिका की ओर से लगातार अभियान चलाया जा रहा है। बुधवार को 9 गोवंशों को पंचायती गौशाला कलानौर में छोड़ा गया। उन्होंने बताया कि नगर पालिका द्वारा शहर में लगातार एक सप्ताह तक बेसहारा गोवंश को लेकर अभियान चलाया जाएगा। इसके अलावा पंचायती गौशाला में छोड़े गए सभी गोवंश के टैग लगाए जाएंगे। अगर कोई भी गौशाला टैग लगाए हुए गोवंश को दोबारा बाहर छोड़ती है, तो संबंधित गौशाला के खिलाफ भी कार्रवाई विभाग द्वारा अमल में लाई जाएगी।

## बंदरों के आतंक से नगर वासी परेशान, नहीं हो पा रहा समाधान

**निज संवाददाता** | नवादा

जिले के नगर परिषद हिसुआ में बंदरों के आतंक निरंतर बढ़ने से लोग परेशान हैं। नगर परिषद और जिला प्रशासन से बार-बार लोग बंदरों से छुटकारा दिलाने की मांग करते रहे हैं, लेकिन समाधान नहीं हो पा रहा है। निरंतर कस्बे में बढ़ रही बंदरों की संख्या के कारण लोग घरों में कैद होने को मजबूर हो गए है। बंदरों से बचने के लिए लोग हजारों रुपए खर्च करके लोहे के जाल लगवा रहे हैं। बंदर हर रोज वार्डों में बच्चों, बुजुर्गों, राहगीरों महिलाओं को काटने के लिए दौड़ रहे हैं। वार्डो के बताया कि नगर परिषद प्रशासन और वन पदाधिकारी को चाहिए कि वह बंदरों को पकड़वा कर इनके आतंक से छुटकारा दिलाए। गलियों में निकलना हुआ मुश्किल :-बंदरोंकी बढ़ रही संख्या के चलते गलियों में लोगों का निकला मुश्किल हो गया है। बंदरों की टोलियां घरों में घुस कर घर में रखा सामान उठा कर ले जाती हैं। बंदरों के डर से गलियों में, छतों पर बच्चे नहीं खेलते हैं। महिलाएं भी छतों पर कपड़े सुखाने के बाद उनकी रखवाली करती हैं। बंदर छतों पर सूखने वाले कपड़े ले जाते हैं। घरों के आगे बंदरों के आतंक से बचने के लिए जाल हजारों रुपए खर्च करके लोग लगवा रहे हैं। दिलवाएंगे छुटकारा इस बावत नगर परिषद कार्यपालक पदाधिकारी आतिश रंजन का कहना है कि कस्बे के लोगों को बंदरों के आतंक से जल्द से जल्द छुटकारा दिलाया जाएगा।

# शिक्षा विभाग के सिविल वर्क की समीक्षा बैठकः जिलाधिकारी ने दिए आवश्यक निर्देश

निज संवाददाता | नवादा



जिला पदाधिकारी, नवादा आशुतोष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में सिविल वर्क शिक्षा विभाग की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। उन्होंने समीक्षा बैठक में उपस्थित अधिकारियों को कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिले के सरकारी विद्यालयों (प्राथमिक, मध्य, माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक) में वृहत पैमाने पर निर्धारित मानक के अनुरूप भौतिक सुविधाओं को विकसित किया जाना है, जिसके लिए समिति का गठन किया गया है। भौतिक सुविधाओं की परिपूर्णता हेतु आवश्यकता की गणना निम्नलिखित सुविधाओं के लिए की गयी हैः- शौचालयों की मरम्मति, शौचाय की सुविधा, पेयजल की सुविधा, रसोईघर का निर्माण (पारंपरिक विद्यालयों में) विद्युतीकरण, बेंच-डेस्क की सुविधा, वृहत् मरम्मति/जीर्णोद्धार का कार्य, अतिरिक्त वर्गकक्ष, कार्यालय एवं प्रयोगशाला के उपयोग की सामग्री, नया विद्यालय भवन, चहारदीवारी का निर्माण आदि। उक्त प्रस्तावित योजना से संबंधी प्रखंडवार विस्तृत समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी विद्यालयों में खेल का मैदान अति आवश्यक है। उन्होंने बच्चों का पोजिटिव माइंड सेट के लिए खेल-कूद अति आवश्यक है, इससे बच्चों का पठन-पाठन में काफी महत्वपूर्ण रखता है। बच्चों में खेल-कूद एवं मनोरंजन के साथ पढ़न-पाठन में रूची बढ़ती है। बैठक में उप विकास आयुक्त नवादा दीपक कुमार मिश्रा, गोपनीय प्रभारी राजीव कुमार, जिला पंचायती राज पदाधिकारी नवीन कुमार पाण्डेय, जिला शिक्षा पदाधिकारी, डीपीओ शिक्षा, प्रखंड विकास पदाधिकारी, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी के साथ-साथ संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

## दिवंगत पत्रकार अशोक सिंह की मनाई गई तीसरी पुण्यतिथि

निज संवाददाता | हिसुआ (नवादा)

जिले के जाने-माने पत्रकार एवं नवादा जिला पत्रकार संगठन के संस्थापक सदस्य करीब तीन दशकों तक अपने कलम से लोगों के दिलों पर अपना अमिट छाप छोड़ने वाले हिंदी दैनिक अखबार दैनिक जागरण के दिवंगत पत्रकार स्वर्गीय अशोक सिंह की तीसरी पुण्यतिथि पर हिसुआ के पत्रकारों ने उन्हें भावविनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उन्हें याद किया तथा उनके कृत्यों पर प्रकाश डाला। अशोक स्मृति संस्थान हिसुआ द्वारा आयोजित किए गए कार्यक्रम की अध्यक्षता दैनिक भास्कर के पत्रकार जितेंद्र राज आर्यन नें किया। इस अवसर पर उन्हें स्मरण करते हुए जितेंद्र आर्यन



ने कहा कि स्वर्गीय अशोक सिंह आज भले हीं हम सबों के बीच नहीं है। लेकिन उनकी स्मृतियां हम पत्रकारों को अपने कर्तव्यों के प्रति सदैव स्मरण कराती है। आयोजित कार्यक्रम में हिसुआ प्रखंड के पत्रकारों ने उनके तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनका स्मरण किया। मौके पर पत्रकार ओंकार शर्मा, सहित भाजपा नेता तथा पूर्व वार्ड पार्षद अशोक कुमार उर्फ बिल्टू चौधरी, मुंन्द्रिका सिंह सहित दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

## डीएम ने सिपाही भर्ती परीक्षा केन्द्रों का किया औचक निरीक्षण

» जिले में कुल 22 परीक्षा केन्द्र बनाये गए हैं, जिसमें कुल परीक्षार्थियों की संख्या 10092 थी।

निज संवाददाता | (नवादा)

केन्द्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती) बिहार पुलिस में सिपाही पद की रिक्तियों पर चयन के लिये आयोजित लिखित परीक्षा आज जिलान्तर्गत कुल-22 परीक्षा केन्द्रों पर एकल पाली (12.00 बजे मध्याह्न से 02.00 बजे अपराह्न तक) में आयोजित की गई। जिलाधिकारी, आशुतोष कुमार वर्मा एवं पुलिस अधीक्षक, अम्बरीश राहुल द्वारा आज परीक्षा केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में गॉधी इंटर विद्यालय नवादा, कन्या इंटर विद्यालय नवादा, प्रोजेक्ट कन्या इंटर विद्यालय नवादा, ज्ञान भारती स्कूल सहित अन्य परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया गया तथा प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी, केन्द्राधीक्षक एवं वीक्षक को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। इस क्रम में सीटिंग प्लान, फ्रिस्किंग स्थल, सीसीटीवी कैमरा, जैमर, वीडियोग्राफी एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं आदि का जायजा लिया गया। सभी परीक्षा केन्द्रों पर सभी व्यवस्थाएं दुरूस्त पायी गयी। परीक्षा का संचालन स्वच्छ, शांतिपूर्ण एवं कदाचारमुक्त पाया गया। निरीक्षण के क्रम में जिलाधिकारी द्वारा परीक्षा कार्य में संलग्न सभी केन्द्राधीक्षकों, दंडाधिकारियों, पुलिस बल के जवानों आदि को केन्द्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती) द्वारा दिये गये दिशा-निर्देशों का अशरक्षः अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कि हर हाल में शांतिपूर्ण एवं कदाचारमुक्त परीक्षा का संचालन किया जाय। जिले में कुल 22 परीक्षा केन्द्र बनाये गए हैं, जिसमें कुल परीक्षार्थियों की संख्या 10092 थी। आज केन्द्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती) परीक्षा के छठे चरण में कुल 10092 परीक्षार्थियों में से 7653. परीक्षार्थी उपस्थित हुए, अनुपस्थित छात्रों की संख्या 2439 रही। आज सिपाही भर्ती परीक्षा में कदाचार के आरोप में एक भी परीक्षार्थी नहीं निष्कासित किए गए। परीक्षा शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई।

## बरनवाल सेवा समिति धमौल की नई कमिटी गठित, सामाजिक कार्यों पर दिया गया बल

निज संवाददाता | पकरीबरावां (नवादा)



पकरीबरावां प्रखंड के धमौल बाजार स्थित आर्य समाज मंदिर के प्रांगण में मंगलवार को बरनवाल सेवा समिति धमौल की बैठक हुई। बैठक में पिछले पांच वर्षों के कार्यकाल का लेखा- जोखा सचिव अजीत भारती द्वारा प्रस्तुत किया गया। इस बीच नए कार्यकाल के लिए नई कमिटी का गठन किया गया। बरनवाल सेवा समिति के सदस्यों ने सर्वसम्मति से वरीय सदस्य मनोज आर्य को अध्यक्ष मनोनीत किया। इसके अलावे सचिव, उपाध्यक्ष, कोषाध्यक्ष, सह कोषाध्यक्ष, मीडिया प्रभारी व संरक्षक के चयन के साथ ही ग्यारह सदस्यों वाली कार्यकारिणी का गठन किया गया। निवर्तमान सचिव अजीत भारती को पुनः सचिव पद पर मनोनीत किया गया। मनोज कुमार को उपाध्यक्ष, मुरारी बरनवाल को कोषाध्यक्ष, मंटू बरनवाल को सह कोषाध्यक्ष एवं विश्वनाथ कुमार को मीडिया प्रभारी मनोनीत किया गया। दिनेश आर्य को संरक्षक का पद दिया गया। वहीं, कार्यकारिणी में नवीन बरनवाल, धीरज कुमार, विनय लाल, श्रवण कुमार, अनिल बरनवाल, मिठू कुमार आदि को शामिल किया गया। कमिटी गठन के बाद बरनवाल बंधुओं ने सभी मनोनीत सदस्यों को बधाई दी। कमिटी ने आपसी एकजुटता एवं सामाजिक उत्थान पर बल दिया। सचिव ने कहा कि बरनवाल समाज के नीचे तबके के लोगों को समाज से जोड़ कर ऊंचाइयों तक ले जाना ही कमिटी की प्राथमिकता होगी। उन्होंने जिले के बरनवाल बंधुओं से सामाजिक उत्थान की दिशा में पहल करने का आग्रह किया है। बता दें कि बरनवाल सेवा समिति धमौल विगत कई वर्षों से समाज को एकजुट रखने का कार्य के साथ ही अन्य सामाजिक कार्यों में भागीदारी निभा रहा है।

## उत्पाद विभाग की टीम ने 21 शराबियों को पकड़ा

**रजौली (नवादा) (नि.सं.)।** थाना क्षेत्र के चितरकोली पंचायत अंतर्गत समेकित जांच चौकी पर उत्पाद विभाग की टीम ने शराब के नशे में सफर करने वाले 21 लोगों को पकड़ा। इनमें एक शराबी को दुबारा पकड़ा गया है। समेकित जांच चौकी पर जांच का नेतृत्व कर रहे उत्पाद विभाग के एसआई सन्नी कुमार ने बताया कि बिहार मद्दनिषेध के तहत शराब व शराबियों की टोह में नवादा जिला उत्पाद अधीक्षक के निर्देश पर तीन शिफ्टों में प्रत्येक दिन वाहनों की सघन जांच की जाती है। उसी क्रम में मंगलवार की शाम से बुधवार की सुबह तक कुल 21 शराबियों को विभिन्न वाहनों से पकड़ा गया। जिसमें एक शराबी बिनोद कुमार दुबारा पकड़ में आया है। जिसे मद्दनिषेध के नियमों के अनुसार जेल भेज दिया गया है। साथ ही अन्य 20 शराबियों को दंडाधिकारी के समक्ष पेश किया गया। जहां से लगाई गई नियमानुकूल जुर्माना वसूल करने के बाद मुक्त कर दिया गया।

## पर्यटक स्थल बनने का रास्ता जोह रहा प्रकृति के गोद में बैठा फुलवरिया डैम

निज संवाददाता | रजौली (नवादा)

रजौली प्रखण्ड क्षेत्र के हरदिया पंचायत अंतर्गत प्रकृति के गोद में बैठा फुलवरिया डैम पर्यटक स्थल बनने को लेकर रास्ता जोह रहा है। झारखंड की सीमा से सटे बिहार के नवादा जिले के रजौली में अवस्थित फुलवरिया डैम प्राकृतिक सौंदर्य का अनूठा संगम स्थल है। छोटी-छोटी पहाड़ियों से घिरा डैम सुबह और शाम में अद्भुत छटा बिखेरता है। यह लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र है। नवादा से करीब 30 किमी दक्षिण अवस्थित फुलवरिया इलाका में सुबह और शाम मेघालय जैसी खुबसूरती देखने को मिलती है। इसे लोग बिहार का मेघालय भी कहते हैं। इसमें नौका विहार का लुत्फ उठाया जा सकता है। हालांकि यह ग्रामीणों के लिए



चलता है, लेकिन वहां पहुंचने वालों के लिए नौका विहार काफी रोमांचित करता है। फुलवरिया डैम के बीच कई टापू हैं, जो पिकनिक के दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण हैं। फुलवरिया को पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित करने के लिए जिला प्रशासन ने प्रस्ताव भेजा था, लेकिन अभी साकार रूप नहीं ले सका है। 1979 में फुलवरिया डैम का निर्माण कार्य शुरु हुआ था, 30 जून 1985 को पूरा हुआ। वहीं बीते वर्षों से मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा वाटर ट्रीटमेंट प्लांट की शुरुआत की गई थी, जिससे 90 गांवों के ग्रामीणों को डैम का पानी शुद्धिकरण कर आवंटन किया जाता है। बीते कई वर्षों से कई नेतागण एवं पदाधिकारीगण आये और फुलवरिया डैम को पर्यटक स्थल बनाये जाने को लेकर कई वादे कियें, किन्तु अबतक फुलवरिया डैम ज्यों का त्यों है। यदि ककोलत के तर्ज पर फुलवरिया डैम का विस्तार होगा, तब आसपास के हजारों लोगों के लिए रोजगार का सृजन हो सकता है। वहीं सूबे के पर्यावरण वन एवं जलवायु मंत्री सह नवादा जिला प्रभारी डॉ. प्रेम कुमार बीते माह 14 जुलाई को रजौली पहुंचे थे। साथ ही हरदिया पंचायत अंतर्गत फुलवरिया डैम का निरीक्षण किया था। फुलवरिया डैम के प्राकृतिक सौंदर्य को देख वो मोहित हो गए थे और कहा कि जल्द ही पर्यटन विभाग द्वारा ककोलत जल प्रपात एवं झारखण्ड के तिलैया डैम की तर्ज पर फुलवरिया डैम को भी पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जाएगा।

## राधे कृष्ण की पूजा करते हुए ब्रह्मलीन हुए पुजारी

निज संवाददाता | नारदीगंज (नवादा)



थाना क्षेत्र के नंदपुर गांव स्थित राधा कृष्ण ठाकुरबाड़ी के पुजारी 77 वर्षीय सीताराम दास जी राधे कृष्ण की पूजा करते समय बेहोश होकर भूमि पर गिर पड़े और तत्काल ठाकुरबाड़ी परिसर में ही ब्रह्मलीन हो गये। घटना बुधवार की सुबह सात बजे होने की बात कही जा रही है। इस दौरान पूजा में शामिल ग्रामीणों ने पुजारी जी को भूमि पर गिरते देख उठाया और तत्काल इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नारदीगंज लेकर गए, जहां कार्यरत चिकित्सक ने उन्हें जांचोपरांत मृत घोषित कर दिया। उनके ब्रह्मलीन होने की खबर सुनकर ग्रामीण आवक रह गए, किसी भी ग्रामीणों को असामयिक निधन पर विश्वास नहीं हो रहा था, लोग उनके अंतिम दर्शन के लिए ठाकुरबाड़ी पहुंच गए। उसके बाद इस घटना की सूचना महंथ रंगनाथाचार्य को दिया। सूचना मिलते ही महंथ रंगनाथाचार्य नंदपुर ठाकुरबाड़ी पहुंचे और शोक संवेदना व्यक्त की। उसके बाद अंतिम संस्कार के लिए उनके शव को लेकर सती स्थान बाढ़ चले गए। जहां विधिवत उनकी अंत्येष्टि की गई। कहा गया इस ठाकुरबाड़ी के पुजारी सीताराम दास नंदपुर निवासी स्व0 कैलाश सिंह के पुत्र थे। वे 50 वर्ष की उम्र में गृह त्याग कर वैष्णव सिद्ध पीठ नरहट ठाकुरबाड़ी चले गए, जहां तत्कालीन महंथ श्री श्री 108 श्री पदुम दास के शिष्य बन गए। वहां पदुम दास के ब्रह्मलीन होने के बाद नरहट ठाकुरबाड़ी के महंथ की गद्दी पर श्री रंगनाथाचार्य को आसीन किया गया। तब रंगनाथाचार्य के महंथ बनने के बाद सीताराम दास को नरहट ठाकुरबाड़ी का शाखा नंदपुर ठाकुरबाड़ी का पुजारी नियुक्त किया गया था। वे लगभग 15 वर्षों से नंदपुर ठाकुरबाड़ी में ठाकुर जी की सेवा कर रहे थे। उनके वैकुण्ठ धाम चले जाने के बाद गांव में शोक की लहर दौड़ पड़ी।

## पेपर लीक पर प्रशांत किशोर का तीखा हमला

**पटना (नि.सं.)।** जन सुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर ने युवाओं के बड़े मुद्दे पेपर लीक पर अपनी बात रखते हुए कहा कि पिछले कई सालों में जो भी पेपर हुए है उनमें किसी ना किसी स्तर पर धांधली की ख़बरे हैं। इसलिए पेपर लीक होना कोई ख़बर नहीं है, ख़बर तब बनेगी जब सरकार एक भी पेपर पूरी पारदर्शिता के साथ करा पाये। उन्होंने यह भी कहा कि जब अनपढ़ लोगों को नेता बनाएंगे, जब पेपर लीक करने वाले माफिया ही खुद शिक्षा मंत्री होंगे तो पेपर लीक को कैसे रोका जा सकता हैं यही नहीं उन्होंने यह भी कहा कि कई नेताओं के खुद के कोचिंग संस्थान है तो फिर इस तरह की व्यवस्था में पेपर लीक कैसे नहीं होगें।

## केवाली के सरपंच प्रतिनिधि का निधन, लोगों में शोक की लहर

निज संवाददाता | कौआकोल (नवादा)

कौआकोल प्रखण्ड के केवाली पंचायत के सरपंच राधा देवी के पति व सरपंच प्रतिनिधि समाजसेवी मनोज सिंह का बुधवार की सुबह आकस्मिक निधन हो गया। वे लगभग 52 वर्ष के थे। पारिवारिक सदस्यों से प्राप्त जानकारी के अनुसार बुधवार की सुबह अचानक उनकी तबीयत खराब हो गई। आनन-फानन में उन्हें अस्पताल ले जाया जाने लगा, परंतु रास्ते में ही उनकी मृत्यु हो गई। मृतक सरपंच प्रतिनिधि मनोज सिंह डायबिटीज रोग से पीड़ित थे। समाजसेवी व सरपंच प्रतिनिधि मनोज सिंह के आकस्मिक निधन की सूचना के बाद प्रखण्ड पंच सरपंच संघ की कौआकोल इकाईं के अध्यक्ष मोहम्मद अराफात आलम के नेतृत्व में सरपंच अर्जुन साव,धनेश्वर प्रसाद, सुनील कुमार, सरपंच प्रतिनिधि शैलेष कुमार आर्य, छोटन साव आदि ने मृतक के घर जाकर उनके स्वजनों से मिल ढांढस बंधाया एवं मृतक की आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना किया। इधर जदयू के प्रखण्ड अध्यक्ष रामाश्रय सिंह, प्रखण्ड प्रमुख सह स्थानीय पंचायत समिति सदस्य रीना राय,



जदयू नेता संजय यादव, पूर्व जिला पार्षद नारायण स्वामी मोहन, पैक्स अध्यक्ष नरेंद्र सिंह आदि ने सरपंच प्रतिनिधि मनोज सिंह के निधन पर गहरी संवेदना प्रकट किया है।

## इंटर विद्यालय डुमरावां से एलईडी टीवी एवं इनवर्टर समेत लाखो का सामान चोरी

निज संवाददाता

**पकरीबरावां (नवादा)।** पकरीबरावां थाना क्षेत्र अंतर्गत डुमरावां गांव स्थित जगदंब रामफल इंटर विद्यालय से मंगलवार की रात अज्ञात चोरों ने विद्यालय से एलईडी टीवी, इनवर्टर एवं बैटरी की चोरी कर ली है। इस बाबत विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक चंद्रशेखर प्रसाद ने पकरीबरावां थाना में आवेदन देकर चोरी की अज्ञात पर प्राथमिकी दर्ज कराई है। थाना को दिए आवेदन में उन्होंने बताया कि बुधवार की सुबह करीब 5 बजे नाइट गार्ड सोनू कुमार फ्रेश होने के लिए गया था। वापस आया तो सामान की चोरी होने का पता चला। जबकि विद्यालय खुलने का समय 9:00 बजे तक प्रधानाध्यापक को स्कूल में चोरी होने की सूचना तथा जानकारी नहीं थी। विद्यालय समय पर आने के बाद शिक्षक तथा विद्यालय परिवार को विद्यालय मैं चोरी होने की जानकारी मिली।

## आत्महत्या का दर्ज हुआ मामला

**नारदीगंज (नवादा) (नि.सं.)।** थाना क्षेत्र के सहजपुरा नवासी दशरथ सिंह का पुत्र सिंटू कुमार का शव मंगलवार को लोदीपुर ज़फ़रा गांव के बधार में पेड़ से लटका हुआ पुलिस ने बरामद किया था। इस मामले में प्राथमिकी दर्ज किया गया है। राजगृह प्रसाद ने बताया कि इस कांड में मृतक के पत्नी खुशबू कुमारी के द्वारा आवेदन दिया गया है।

## अनुमंडलीय अस्पताल में रोगी कल्याण समिति का हुआ गठन

निज संवाददाता | रजौली (नवादा)

मुख्यालय स्थित 75 सैय्या अनुमंडलीय अस्पताल में बुधवार को एसडीओ आदित्य कुमार पीयूष के नेतृत्व में रोगी कल्याण समिति की बैठक सम्पन्न हुई। इस दौरान अस्पताल के प्रभारी डीएस डॉ. दिलीप कुमार, अस्पताल प्रबंधक विकास कुमार, पीएचसी मैनेजर इरशाद अहमद, भाजपा मंडल अध्यक्ष गौरव शांडिल्य गगन, वार्ड संख्या 6 की वार्ड पार्षद सुशीला देवी एवं एनजीओ हैंड इन हैंड के डॉ. अभय कुमार मौजूद रहे।बैठक के दौरान सरकार के निर्देशानुसार पूर्व से संचालित रोगी कल्याण समिति को भंग किया गया। साथ ही नए रूप से रोगी कल्याण समिति का गठन किया गया। नवनिर्मित समिति के अध्यक्ष के रूप में एसडीओ आदित्य कुमार पीयूष एवं उपाध्यक्ष एलआरडीसी प्रमोद कुमार



के अलावे सदस्य के रूप में प्रभारी डीएस डॉ. दिलीप कुमार, सामाजिक कार्यकर्ता गौरव शांडिल्य गगन, एनजीओ से डॉ. अभय कुमार, नगर पंचायत से सुशीला देवी, बीईओ, सीडीपीओ एवं बीडब्लूओ शामिल हैं। नवगठित समिति ने अस्पताल में व्याप्त कुव्यवस्थाओं के बारे विस्तारपूर्वक चर्चा किया गया एवं उसके निदान हेतु चर्चा किया गया। जिसमें अस्पताल आनेवाले रोगियों के समुचित व्यवस्था, ओपीडी में ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन के दौरान लगने वाले अधिक भीड़ को देखते हुए, मरीजों को बैठने के लिए कुर्सी की व्यवस्था करना, अस्पताल में खिड़की-दरवाजे की मरम्मती व पानी निकास की व्यवस्था, प्रधानमंत्री मातृत्व शिविर योजना में जिले से कीट नहीं आ रहा उसे मंगवाना, अस्पताल में मौजूदा 30 केवी के जगह पर 70 केवी के जेनरेटर की व्यवस्था करना, अस्पताल में मौजूद लगभग 10 गार्डों को नियमित रूप से कार्य करने को निर्देश देना अन्यथा उन्हें निष्काषित करना, ट्रामा सेंटर को सुदृढ़ करना एवं लेबर रूम में म्यूकस, एपरण आदि की उपलब्धता पर चर्चा किया गया। एसडीओ ने सभी लोगों को आश्वस्त किया कि अस्पताल में आने वाले रोगियों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होगी एवं अस्पताल में व्याप्त कमियों को दूर किया जाएगा। साथ ही बताया कि अस्पताल सफाई करने एवं मरीजों व मरीज के साथ रहने वाले एक परिजन को खाना देने की जिम्मेदारी आगामी 1 सितंबर से जीविका दीदी की होगी। उन्होंने ने कहा कि दीदी की रसोई से सभी लोगों को गुणवत्तापूर्ण भोजन अस्पताल में उपलब्ध होगा।

## ग्रामीण महिलाओं को सशक्त बनाने की पहल कौशल प्रशिक्षण कार्यशाला का समापन

निज संवाददाता | रजौली (नवादा)



प्रखंड क्षेत्र के जोगियामारण पंचायत अन्तर्गत एकम्बा ग्राम में हैंड इन हैंड इंडिया एवं जॉकनिक फाउंडेशन के सौजन्य से ग्रामीण महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए चलाए जा रहे पांच दिवसीय चूड़ी एवं बाला बनाने की कौशल प्रशिक्षण कार्यशाला का समापन किया गया। इस कार्यशाला मे 40 स्थानीय ग्रामीण महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यशाला में ग्रामीण महिलाओं ने विभिन्न प्रकार के चूड़ी एवं बाला बनाकर अपनी कला का प्रदर्शन की। साथ हीं साथ वित्तीय साक्षरता एवं बाजार जुड़ाव से सम्बन्धित जरूरी प्रशिक्षण सत्र से जानकारियां भी अर्जित की। इस अवसर पर स्थानिय वार्ड सदस्य सुनैना देवी एवं संस्था के परियोजना प्रबंधक निलेश कुमार द्वारा परिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। परियोजना प्रबंधक ने बताया कि महिलाओं को सशक्त बनाकर पूरे समाज को सशक्त किया जा सकता है।उद्योगों को बढ़ाने से ही देश की अर्थव्यवस्था मजबूत होगी एवं ग्रामीण महिलाएं स्वरोजगार स्थापित कर आत्मनिर्भर बन सकेंगी। प्रशिक्षण समाप्ति के बाद आजिविका समन्वयक सुमंत कुमार ने बताया की संस्था विगत कई वर्षों से नवादा, गया एवं नालंदा के पिछड़े क्षेत्रो मे बाल मैत्रीपूर्ण और एकीकृत समुदाय को बढ़ावा एवं महिला सशक्तिकरण की पहल करती आ रही है। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों द्वारा कार्यशाला मे अपने पांच दिनों के अनुभव को साझा करने के उपरांत संस्था को कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए आयोजनकर्ताओं को धन्यवाद दिया। मौके पर प्रशिक्षक आसिफ रजा, प्रशिक्षण समन्वयक अरुण कुमार, परियोजना कर्मी रितेश कुमार, अभय कुमार, क्षेत्रिय कर्मी मिंटू कुमारी, शिक्षिका दिव्या पूजा एवं सोनम कुमारी मौजुद रहें।

## शराब के नशे में युवक धराया, जेल

**पकरीबरावां (नवादा) (नि.सं.)।** शराब पीकर हंगामा करने के मामले में धमौल थाना की पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। उसे धमौल इमामबाड़ा के पास से गिरफ्तार किया गया। युवक धमौल बाजार के मो. अलाउद्दीन उर्फ महतो के पुत्र तरेंगना मलिक है। पुलिस को सूचना मिली कि एक युवक शराब के नशे में हंगामा कर रहा है।

## 27 फरार अपराधियों की हुई गिरफ्तारी : एसपी

निज संवाददाता | नवादा

अम्बरीष राहुल पुलिस अधीक्षक, नवादा ने बताया कि 27 अगस्त 2024 को नवादा जिला में पुलिस द्वारा विभिन्न गिरफ्तारियां की गयी है, साईबर क्राईम में 02, मद्य निषेध में 06 एवं अन्य गिरफ्तारी 19 कुल 27 गिरफ्तारियां हुई। शराब की बरामदगी अन्तर्गत 309 लीटर महुआ शराब बरामद किया गया। वाहन जॉच के क्रम में कुल 462 वाहनों की जॉच की गयी है एवं फाईन की कुल राशि 63 हजार रूपया वसूला गया है। अन्य गिरफ्तारी अन्तर्गत मोटरसाईकिल 02, टैक्टर 01, महुआ घोल विनष्ट 2000 लीटर, भट्टी विनष्ट 05, मोबाईल 16, डाटा सीट-04 पेज, आधार कार्ड 04, वोटर कार्ड 04, पैन कार्ड 02 एवं एटीएम कार्ड 04 बरामद किया गया। पुलिस अधीक्षक नवादा ने बताया कि नवादा पुलिस इस तरह के क्रुर एवं जघन्य अपराध करने वाले अपराधियों को गिरफ्तार करने एवं सजा दिलाने के लिए लगातार संकल्पित है। अपराध को अंजाम देने के बाद अन्यत्र जगह छुपकर रहने वाले अपराधियों के विरूद्ध नवादा पुलिस लगातार आसूचना संकलन कर रही है तथा कार्रवाई के लिए प्रयासरत है। नवादा पुलिस के लिए यह बड़ी सफलता है।

## संक्षिप्त समाचार

### वीकेएसयू में आठ अधिकारी एक से अधिक पदों पर कार्यरत

**आरा।** वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय में एक अधिकारी एक पद का नियम लागू नहीं है। विश्वविद्यालय में एक अधिकारी एक ही समय में अन्य पदों पर भी कार्यरत हैं। विश्वविद्यालय के पूर्व सीनेटर अजय कुमार तिवारी मुनमुन के सूचना के अधिकार के जवाब में कुलसचिव ने उनको एक अधिकारी के दूसरे पदों पर भी कार्यरत रहने का जानकारी उपलब्ध कराया है। श्री अजय ने बताया कि सूचना के जबाब अनुसार प्रोफेसर शंभू शरण शर्मा दर्शनशास्त्र स्नाकोत्तर विभाग के विभागाध्यक्ष एवं कला एवं वाणिज्य विभाग के महाविद्यालय निरीक्षक हैं। प्रोफेसर प्रसून्नजय कुमार सिन्हा विधि पदाधिकारी और महाविद्यालय विकास परिषद के समन्वयक हैं। प्रोफेसर कृष्णकांत सिंह छात्र कल्याण के अध्यक्ष और शिक्षा विभाग (बीएड) के निदेशक हैं। प्रोफेसर अनुज राजक के स्नातकोत्तर संस्कृत विभाग के विभागाध्यक्ष और लोक सूचना पदाधिकारी हैं। प्रोफेसर संजय कुमार सिंह वाणिज्य विभाग के स्नातकोत्तर के विभागाध्यक्ष और एमबीए विभाग के निदेशक हैं। डॉक्टर ओमप्रकाश दुबे जेम के नोडल पदाधिकारी और डिजिटलाइजेशन के नोडल पदाधिकारी हैं। प्रोफेसर अनवर इमाम परीक्षा नियंत्रक के साथ प्राक प्रशिक्षण के निदेशक और प्रोफेसर दूधनाथ चौधरी प्राकृत विभाग के स्नातकोत्तर विभागाध्यक्ष सह प्राक प्रशिक्षण (एसटीएसटी) के निर्देशक हैं। इस बारे में कुलसचिव प्रोफेसर रणविजय कुमार ने बताया कि अजय कुमार तिवारी ने सूचना के अधिकार के तहत यह जानकारी मांगा था।

### बेटे ने 1.60 लाख देकर करा दी पिता की हत्या

**बक्सर।** बक्सर जिले कोइरीपुरवा में 5 अगस्त को गोली मार हुई हरे राम सिंह उर्फ मलाई सिंह की हत्या उसके बेटे ने ही संपत्ति के लिए सुपारी देकर कराई थी। पुलिस ने अंधे कत्ल की गुत्थी सुलझा ली है। बक्सर एसपी मनीष कुमार ने इस हत्या में कुल पांच लोगों के शामिल होने की जानकारी दिया है। पुलिस तीन लोगों की गिरफ्तारी कर आगे करवाई कर रही है। अन्य दो लोगों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है। मामले को लेकर बताया गया है कि सगे बेटे ने पिता की हत्या कराने के लिए बिहार और यूपी के शूटरों को एक लाख साठ हजार रूपया दिया था। 5 अगस्त की रात 10 बजे के करीब में नगर थाना क्षेत्र के कोइरपुरवा निवासी हरेराम सिंह उर्फ मलाई सिंह 52 वर्ष लाइट कटने के कारण घर के बाहर टहल रहे थे। इसी दौरान बाइक सवार पहुंचे। कुछ अज्ञात अपराधियों के द्वारा उनको गोली मार दी गई। गोली सीने में लगने से मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना पर मौके पर सदर डीएसपी समेत अन्य अधिकारी पहुंच कर मामले की जांच में जुट गए। सबसे पहला अभियुक्त नगर थाना क्षेत्र के नेहरू नगर निवासी संजय राउत को तकनीकी साक्ष्य( टावर डंप)के आधार पर पकड़ा गया। अभियुक्त ने इस हत्या में शामिल होने की बात स्वीकार करते हुए पूरी कहानी पुलिस को बता दी। बेटे के कहने पर ही उन्होंने यूपी के दो शूटरों को हायर किया था। हालांकि हत्या में प्रयुक्त हथियार पुलिस को अभी बरामद नही हुआ था। पिता की हत्या के बाद बेटा संजय सिंह ने अज्ञात के खिलाफ नगर थाना में एफआईआर दर्ज कराया था। जिसके बाद से पुलिस घटना की जांच में जुट गई। बताया गया कि घर में संपत्ति को लेकर विवाद चल रहा था। विवाद की वजह से बेटा, बाप और मां तीनों अलग अलग रहते थे। मृतक हरेराम सिंह उर्फ मलाई सिंह की किसी दूसरे औरत के साथ भी संबंध था। संपत्ति को लेकर घर में हमेशा झगड़े की बात सामने आई है।

### राजस्व समन्वय समिति समेत दूसरे विभागों की डीएम ने की समीक्षा, अधिकारियों को दिए निर्देश

**बक्सर।** मंगलवार को डीएम अंशुल अग्रवाल ने राजस्व समन्वय समिति, आपदा प्रबंधन, आंतरिक संसाधन,विशेष सर्वेक्षण एवं नीलाम पत्र वाद की समीक्षा की गई। खनन की समीक्षा के क्रम में पाया गया कि 5 महीने बीत जाने के बाद भी वसूली में कोई खास प्रगति नहीं हुआ है। डीएम ने निर्देश दिया कार्य योजना बनाकर वसूली करें। नगर परिषद डुमरांव की समीक्षा के क्रम में वसूली के बिदुं पर इओ ने संतोषजनक जबाव नहीं दिया। ईओ ने बताया कि 16 वार्ड में होर्डिंग टैक्स का निर्धारण नहीं किया गया है। इसके लिए आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। वाणिज्य कर की समीक्षा के दौरान वाणिज्य कर के उपायुक्त बैठक से गायब रहे। वसूली भी काफी कम है। डीएम ने उपायुक्त वाणिज्यकर से स्पष्टीकरण मांगा है। अवर निबंधन कार्यालय डुमरांव एवं जिला निबंधन कार्यालय बक्सर की वसूली भी कम है। वहीं विद्युत विभाग की समीक्षा के क्रम में पाया गया कि वसूली सामान्यतः कम है। वसूली में तेजी लाने का निर्देश दिया गया। सभी पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया कि निर्धारित वार्षिक लक्ष्य के विरूद्ध इस वित्तीय वर्ष में 5 माह बीत जाने के बाद भी औसतन वसूली काफी कम है। जो खेदजनक है। सभी पदाधिकारी वसूली में तेजी लाएं। निर्धारित लक्ष्य पूरा करें।

### सभी अंचल में 30 व 31 को पर्चा के लिए लगेगा कैंप

**बक्सर।** डीएम ने बैठक कर अभियान बसेरा 2 की समीक्षा की। जिसमें कुल सर्वेक्षित परिवारों की संख्या एवं पात्र परिवारों की संख्या में काफी असमान्यता पाया । पर्चा वितरण में प्रगति धीमी देख डीएम ने निर्देश दिया कि पात्र लाभुकों को पर्चा वितरित करते हुए दखल भी दिलाएं। बैठक में बताया गया कि सभी अंचल में 30 एवं 31 अगस्त को पर्चा वितरण हेतु कैम्प का आयोजन किया जाएगा। जिसमें जिला स्तर के वरीय पदाधिकारियों की उपस्थिति में पर्चा का वितरण किया जाएगा। यह पर्चा केवल ऑनलाइन वितरण होगा। साथ ही निर्देश दिया गया कि साप्ताहिक रूप से एक तिथि जैसे मंगलवार को पर्चा वितरण हेतु अंचल स्तर पर 11 बजे से तिथि का निर्धारण करें।

### श्री आदर्श गौशाला में मनाई गई जन्माष्टमी

**बक्सर।** स्टेशन रोड स्थित श्री आदर्श गौशाला में मंगलवार को श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। इस मौके पर गौशाला और राधा-कृष्ण के मंदिर को आकर्षक ढंग से सजाया गया था। मौके पर पुजारी मंगरू पंडित जी ने विधि-विधान के साथ भगवान श्री कृष्ण और गौ पूजन कराया। इस दौरान वैदिक मंत्रों से गौशाला परिसर गूंज उठा। वहीं भक्तों ने घंटों भजन-कीर्तन किया। मौके पर श्री आदर्श गौशाला के उपाध्यक्ष रोहतास गोयल और सचिव अनिल मानसिंहका ने बताया कि पूजा और आरती संपन्न होने के बाद सभी भक्तों के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। इस दौरान गौशाला का परिसर राधा-कृष्ण के जयघोष से गूंज उठा। मौके पर श्री आदर्श गौशाला के सह सचिव सुरेश राय, कोषाध्यक्ष दीपक अग्रवाल, मैनेजर राम सुरेश मिश्रा, अगम पांडेय आदि मौजूद थे।

### विजय जुलूस में निकलेंगी विभिन्न झांकियां

**रघुनाथपुर।** आदर्श ग्राम नरहन में आदर्श मंच के बैनर तले महत्वपूर्ण बैठक की गई। जिसमें नई समिति का गठन किया गया और आगामी कार्यक्रम की रूपरेखा पर चर्चा की गई। आदर्श मंच, जो शरद पूर्णिमा के दिन उत्तर बिहार का सबसे बड़ा दशहरा जुलूस और विजय जुलूस आयोजित करता है, इस बार भी भव्य आयोजन की योजना बनाई है। नवगठित समिति ने बताया कि इस बार भी कार्यक्रम में अनेक आकर्षण होंगे। जुलूस में हाथी, घोड़ा, बाजा और विभिन्न प्रकार की झांकियां शामिल होंगी। शरद पूर्णिमा पर आयोजित इस विजय जुलूस में हजारों की संख्या में लोग रघुनाथपुर बाजार में एकत्र होंगे। कार्यक्रम की भव्यता को देखते हुए प्रकांड विद्वानों द्वारा पूजन कराए जाने की योजना बनाई गई है। नई समिति में अध्यक्ष नवीन कुमार सिंह, उपाध्यक्ष मुनव्वर आलम, सचिव अभिषेक कुमार सिंह गोलू, कोषाध्यक्ष राकेश राज सिंह, और व्यवस्थापक नेहाल सिंह व पप्पू सिंह को नियुक्त किया गया। इसके अतिरिक्त उप सचिव राहुल सिंह भैरव, संयोजक राणा प्रताप सिंह, पूजा व्यवस्थापक मनोज कुमार सिंह, मुन्ना सिंह उर्फ भक्त जी, निर्देशक समसुद्दीन अंसारी, उप निर्देशक राकेश कुमार सिंह, और सलाहकार विक्रांत कुमार सिंह भी समिति में शामिल किए गए हैं।

# हत्या के मामले में 2 आरोपी अरेस्ट पैसों के लेन देन में हुआ था विवाद

निज संवाददाता। आरा

भोजपुर के जगदीशपुर थाना क्षेत्र अन्तर्गत दुल्हिनगंज-घाघा पथ स्थित दुल्हिनगंज के समीप रेलकर्मी के बेटे अंकित आदित्य की हत्या हुई थी। मर्डर के बाद बदमाश झाड़ी में शव छोड़ कर चले गए थे। इस मामले में पुलिस ने दो आरोपी को गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार पैसों के लेन देन में विवाद हुआ था। मंगलवार को जगदीशपुर डीएसपी राजीव चन्द्र सिंह ने जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि गजराजगंज ओपी के पकड़ियाबर गांव निवासी नरेन्द्र सिंह उर्फ फंटुस महतो व नवादा थाना के अनाईठ निवासी प्रकाश कुमार को गिरफ्तार किया गया है।



**कांड में शामिल अन्य बदमाशों की तलाश जारीः** कांड में इस्तेमाल की गई तीन बाइक जब्त हुई है। कांड में शामिल अन्य बदमाशों की तलाश जारी है। शुरूआती पूछताछ में पैसे के लेन-देने को लेकर उपजे विवाद की बात सामने आ रही है। गिरफ्तार आरोपितों का बयान लेकर आगे की कार्रवाई की जा रही है। मूल रूप से गजराजगंज ओपी के विशुनपुरा गांव निवासी रेलकर्मी कवि तिवारी के बेटा अंकित आदित्य आरा के न्यू पुलिस लाइन से सटे कश्यप नगर मोहल्ला में अपने चाचा समेत परिवार के सदस्यों के साथ रहते थे।

**किसी के बुलाने पर गए थे अंकित आदित्यः** बीते 24 अगस्त को अंकित आदित्य किसी के बुलाने पर कही चले गए थे। इस बीच 25 अगस्त की सुबह शव दुल्हिनगंज-घाघा रोड किनारे से झाड़ी से मिला था। गर्दन पर जख्म के साथ नाक व मुंह के पास खून लगा जख्म पाया गया था। इसे लेकर मृतक के चाचा अनिल तिवारी ने जगदीशपुर थाना में चार नामजद समेत अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी कराई थी। एसपी प्रमोद कुमार यादव के आदेश पर जगदीशपुर डीएसपी के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया था।

**आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारीः** टीम ने तकनीकी सूत्र के आधार पर पहले गजराजगंज ओपी के पकड़ियाबर गांव से एक आरोपित नरेन्द्र उर्फ फंटुस महतो को पकड़ा था। बाद में उसकी निशानदेही पर आरा के अनाईठ से प्रकाश कुमार को गिरफ्तार किया गया। इसके अलावा कांड में इस्तेमाल की बाइक को भी जब्त कर लिया गया। टीम में जगदीशपुर थानाध्यक्ष बिगाउ राम समेत अन्य पदाधिकारी शामिल थे। पुलिस अन्य आरोपितों की गिरफ्तारी को लेकर भी छापेमारी कर रही है। पकड़े गए आरोपितों के खिलाफ पहले के आपराधिक इतिहास का पता लगाया जा रहा है।

# सड़क दुर्घटना में घायल बुजुर्ग की मौत

निज संवाददाता। आरा

आरा-सासाराम स्टेट हाईवे पर पीरो थाना क्षेत्र के पीरो चौक पर मंगलवार की देर शाम बाइक सवार ने मंदिर से वापस घर लौट रहे एक बुजुर्ग को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में उनकी मौत हो गई। इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाने के दौरान उन्होंने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। घटना के बाद चालक बाइक लेकर मौके से फरार हो गया। जानकारी के अनुसार मृतक पीरो थाना क्षेत्र के दुसाधी बाजार निवासी स्व. लाल मुनी सिंह के बेटे इंद्रमणि सिंह (60) है। वह पेशे से किसान थे। इधर, मृतक के भतीजे शिलाजीत यादव ने बताया कि जन्माष्टमी को लेकर पीरो बाजार स्थित बहरी महादेव मंदिर में पूजा का आयोजन चल रहा था। जिसे देखने के लिए इंद्रमणि गए थे। वहां से प्रसाद खाने के बाद जब वापस घर लौट रहे थे। पीरो चौक पर बाइक सवार ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी।

**बाइक की टक्कर से घायल हुए थे बुजुर्गः** बुजुर्ग बाइक की टक्कर से गंभीर रूप से जख्मी हो गए। इसके बाद वहां के स्थानीय लोग उन्हें इलाज के लिए पीरो अनुमंडलीय अस्पताल लेकर पहुंचे। इसके बाद स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना उनके परिजनों को दी। सूचना पाकर परिजन पीरो अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचे। जहां से प्राथमिक उपचार करने के बाद उनकी हालत को चिंताजनक देखते हुए आरा सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। परिजन उन्हें इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल ले आए।

**सदर अस्पताल में डॉक्टर ने किया मृत घोषितः** सदर अस्पताल में डॉक्टर ने देख उन्हें मृत घोषित कर दिया। इसके बाद परिजन ने इसकी सूचना सदर अस्पताल में पदस्थापित पुलिस पदाधिकारी को दी। सूचना पाकर पुलिस सदर पहुंची और शव का पोस्टमार्टम करवाया। बताया जाता है कि मृतक अपने दो भाई व एक बहन में छोटे थे। उन्होंने शादी नहीं की थी और वह अपने भाई व भतीजे के साथ ही रहते थे। घटना के बाद मृतक के परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## जन्माष्टमी पर स्कूल में नृत्य- संगीत और रूप सज्जा प्रतियोगिता हुई

निज संवाददाता। आरा



आरा श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर प्रताप इंटरनेशनल स्कूल गोढना रोड़ में, रूप सज्जा एवं नृत्य प्रतियोगिता हुआ। उद्घाटन पूर्व मेयर नह विद्यालय के संस्थापक सुनील कुमार व अध्यक्ष विश्वकर्मा कुमार ने किया। सुनील कुमार ने प्रतिभावान प्रतिभागियों को पुरस्कृत भी किया, उन्होंने कहा कि श्री कृष्ण और राधा की भेष भूषा में इन बच्चों ने हम सभी का मन मोह लिया है। इनमें प्रतिभा अकल्पनीय है। विद्यालय के अध्यक्ष विश्वकर्मा ने कहा कि सांस्कृतिक कार्यक्रम व इस तरह की गतिविधियों से बच्चों का सर्वांगिण विकास होता है, इसलिए विद्यालय परिवार समय-समय पर ऐसे कार्यक्रम करता रहता है। मौके पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक शैलेश कुमार, सैमरीना राय,रिया प्रसाद, आशुतोष कुमार, आशुतोष आनंद अविनाश कुमार, गौतम कुमार समेत कई लोग मौजूद थे। मानसरोवर कॉलोनी सावित्री श्याम संगीत महाविद्यालय में "श्री कृष्ण जन्माष्टमी" पर भजन, श्री कृष्ण जी की झांकी व नृत्य की प्रस्तुति हुई। ऋषिका एवं पीहू ने श्री कृष्ण गोविंद हरे मुरारी भजन प्रस्तुत किया। श्रेया, वंदना, अनुराधा, राजनंदिनी ने यशोमति मैया से बोले नंदलाला की प्रस्तुति दी। इशिका, सृष्टि, ऋषिका, कृषा, पीहू ने बड़ा नटखट है रे एवं आना सुंदर श्याम, मनिहारी का भेष बनाया। केंद्राधीक्षक कावेरी मोहन ने तुम बिन हमरी कौन खबर ले एवं नृत्य शिक्षक शैलेन्द्र कुमार सिंह ने भाव नृत्य की प्रस्तुति दी।

# कंटेनर की चपेट में आने से युवक की मौत आरा-अरवल मुख्य मार्ग पर सड़क हादसा

निज संवाददाता। आरा

**पत्नी से मिलने जा रहा था ससुराल**



आरा-अरवल मुख्य मार्ग पर सहार थाना क्षेत्र के इनरूखी गांव के समीप मंगलवार को कंटेनर ने बाइक सवार एक लिट्टी दुकानदार को रौंद दिया। हादसे में उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। वहीं, घटना के बाद चालक कंटेनर लेकर मौके से फरार हो गया। युवक अपने ससुराल पत्नी से मिलने जा रहा था, तभी हादसे का शिकार हो गया। जानकारी के अनुसार मृतक पवना थाना क्षेत्र के पवना गांव वार्ड नंबर-9 निवासी कृष्ण प्रसाद का बेटा राहुल कुमार (28) है। वह पेशे से दुकानदार था। पवना बाजार पर लिट्टी-समोसा की दुकान चलाता था। इधर, मृतक के भाई मंजीत कुमार उर्फ धन्नू ने बताया कि उनकी पत्नी व बच्चे पिछले चार महीनों से सहार थाना क्षेत्र के खैरा गांव अपने मायके रह रही थी। दुकान बंद कर राहुल बाइक से पत्नी से मुलाकात करने के लिए अपने ससुराल खैरा गांव जा रहे थे।

**घटनास्थल पर ही युवक की हुई मौतः** इनरूखी गांव के समीप विपरीत दिशा से आ रही बेलगाम कंटेनर ने युवक को रौंद दिया। जिससे उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। इसके बाद आसपास के स्थानीय ग्रामीणों ने फोन कर परिजनों को सूचना दी। सूचना पाकर परिजन घटनास्थल पर पहुंचे। परिजन ने इसकी सूचना सहार थाना पुलिस को दी। सूचना पाकर पुलिस फौरन घटनास्थल पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम सदर अस्पताल में करवाया। बताया जाता है कि मृतक अपने तीन भाई व दो बहन में बड़ा था। उसके परिवार में देवांती देवी, पत्नी नेहा देवी एक बेटा पुसानी और एक बेटी अनुष्का है। इस घटना के बाद मृतक की मां देवांती देवी, पत्नी नेहा देवी और परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

**52 लाख की लागत से कवलदाह पार्क का जीर्णोद्धार**

# पार्क में लोगों के लिए उच्चस्तरीय सुविधाएं उपलब्ध, जल्द ले सकेंगे नौका बिहार का आनंद

निज संवाददाता। बक्सर

बक्सर शहर के बीचों बीच स्थित कवलदह पार्क को वन विभाग इको टूरिज्म के नक्शे पर लाने के लिए काम चल रहा है। कुछ माह पहले ही सरोवर के जीर्णोद्धार का काम पूरा करके आम जनता के लिए खोला गया है। उच्चस्तरीय सुविधाओं से सुसज्जित बनाए गए पार्क में लोगों के लिए ओपेन जिम और बच्चों के लिए झूला की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है। इसके साथ अब जल्द ही लोग अपने परिवार के साथ नौका बिहार का आनंद ले सकते हैं। कवलदह सरोवर पार्क में रंग-बिरंगी लाइट्स और पार्क के चार दीवारों पर तरह-तरह का सेल्फी प्वाइंट भी बनाया गया है। जिले का यह पहला पार्क होगा, जिसमें घूमने के लिए वन विभाग को 10 रुपए का शुल्क देना होगा। मुख्य गेट के पास ही गार्ड रूम बनाकर गार्ड की तैनाती की गई है। पार्क में बच्चों के मनोरंजन के साथ-साथ युवा और बुजुर्गों का खास ख्याल रखा गया है। आगे और भी इसको बेहतर और लोगों के मनोरंजन के साधन बढ़ाने के दिशा में कार्य किया जा रहा है। साथ ही पार्क का खुलने और बंद होने का समय भी निर्धारित किया गया है। जानकारी देते हुए वन विभाग रेंजर सुरेश कुमार ने बताया की कवलदह पार्क का निर्माण एक साल पहले से चला आ रहा है।



चारों तरफ की बाउंडरी वॉल को ऊंचा करने के साथ मेन गेट को आकर्षक बनाया गया है। साल 2024 के खत्म होने से पहले कवलदह पार्क में नौका बिहार का आनंद भी लिया जा सकेगा। पोखर को वन विभाग को ट्रांसफर करने के लिये मत्स्य विभाग को लेटर दिया गया है, जिसका अप्रूवल मिला है। पार्क के बीच में जो बड़ा पोखर है, उसमें नौका बिहार के साथ फव्वारा आदि का निर्माण कर और आकर्षक बनाया जाएगा।

# भोजपुर में युवाओं के लिए सुनहरा अवसर

निज संवाददाता। आरा




भोजपुर के बेरोजगार युवाओं के लिए अच्छी खबर है। जिला नियोजनालय कार्यालय परिसर कृषि भवन कैंपस में जॉब कैंप लगेगा। यहां निजी क्षेत्र की कंपनी ऑन द स्पॉट कैंपस में चयन करेंगी। यह कैंप 28 अगस्त दिन बुधवार की सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक लगेगा। यह जानकारी जिला नियोजन पदाधिकारी नूर अहसन ने दी है। जॉब कैंप में बेरोजगार युवाओं को रोजगार मिलेगा। जॉब कैंप जिला नियोजनालय की तरफ से लगाया जा रहा है। इस कैंप में निजी क्षेत्र की कंपनी Masu Brakes Pvt.Ltd.दिल्ली में अभ्यर्थियों के योग्यतानुसार कैंपस में चयन करेगी। जॉब कैंप में भाग लेने वाले आवेदकों से अनुरोध किया गया है की वे NCS पोर्टल (www.ncs.gov.in) पर अवश्य निबंधित हो लें। कंपनी की ओर से आयोजित इस कैंप में सम्पूर्ण भोजपुर के लिए बहाली की जाएगी। कैंपस चयन के बाद कंपनी द्वारा इस कैंप में 18 साल से 40 साल तक के पुरुष-महिला बेराजगारों को हेल्पर पद के लिए लिया जाएगा। इसमें भाग लेने वाले अभ्यर्थियों को निबंधन प्रमाण पत्र, पासपोर्ट साइज का फोटो, बायोडाटा(रिज्यूम) और सभी पत्र की मूल कॉपी जरूरी है।

# आरा में अत्याधुनिक ब्लड बैंक का उद्घाटन

निज संवाददाता। आरा

आरा शहर के बाबू बाजार स्थित शांति मेमोरियल हॉस्पिटल में एक अत्याधुनिक ब्लड बैंक खुला है। इसका उद्घाटन भोजपुर के सिविल सर्जन शिवेंद्र कुमार सिन्हा ने किया। इस ब्लड बैंक में होल ह्यूमन ब्लड, प्लेटलेट्स, कॉम्पोनेंट्स, एफएफपी की व्यवस्था की गई है। यह मरीजों के लिए 24 घंटे खुला रहेगा। वहीं, सिविल सर्जन शिवेंद्र कुमार सिन्हा ने कहा कि यहां के लोगों को ब्लड बैंक की काफी जरूरत थी। जो ब्लड बैंक था, उससे जरूरतमंद लोगों को मदद नहीं मिल पाती थी। ऐसे में मरीजों को ऑपरेशन करने की स्थिति में पटना रेफर कर दिया जाता है। इस ब्लड बैंक के खुल जाने से सीरियस मरीजों को काफी मदद मिलेगी। शांति मेमोरियल हॉस्पिटल के संस्थापक



डॉ. विकास ने बताया कि मेरे 10 साल के अनुभव में यही देखने को मिला कि कम खून वाले मरीजों की सर्जरी करने में काफी परेशानी होती है। खून नहीं मिलने के कारण उन्हें पटना रेफर करना पड़ता है। उस वक्त लगता था कि सब कुछ रहने के बावजूद भी कुछ अधूरा है। उस अधूरेपन को पूरा करने का मैंने प्रयास किया है। इस उद्घाटन में शहर के प्रसिद्ध डॉक्टर पी सिंह, जितेंद्र कुमार सिंह, बी के शुक्ला, राजीव रंजन सिन्हा, कन्हैया सिंह, विजय सिंह समेत कई डॉक्टर्स मौजूद थे।

# ईओ ने मजदूर संघ के अध्यक्ष को वार्ता के लिए दिया था समय

निज संवाददाता। बक्सर

शहरवासियों के लिए राहत वाली खबर है। चार दिनों से जारी नगर परिषद के सफाई कर्मियों की हड़ताल मंगलवार को दोपहर में खत्म हो गई। हड़ताल खत्म होने के साथ ही सफाई कर्मी काम पर लौट गये। शहर की सड़कों से कूड़-कचरा का उठाव शुरू हो गया। बता दें कि अपनी मांगों के समर्थन में सफाई कर्मियों ने कामकाज ठप कर हड़ताल पर चले गये थे। सुबह में नगर परिषद सफाई कर्मचारी मजदूर संघ के अध्यक्ष बृज किशोर उपाध्याय उर्फ मोहन उपाध्याय, उपाध्यक्ष इंद्रजीत चौबे के नेतृत्व में सफाई कर्मियों ने नप कार्यालय के गेट पर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने अपनी मांगों को जायज बताते हुए हड़ताल जारी रखने पर अड़े रहे। विरोध प्रदर्शन के दौरान नगर परिषद के ईओ आशुतोष कुमार गुप्ता ने मोबाइल पर संघ के अध्यक्ष से बात की और वार्ता के लिए दो बजे दिन में समय दिया। उन्होंने कहा कि अपनी समस्याओं को लिखित रूप में दें, जिसका समाधान किया जाएगा।



संघ ने ईओ को 12 सूत्री मांगों का सौंपा ज्ञापन संघ के अध्यक्ष मोहन उपाध्याय व उपाध्यक्ष इंद्रजीत चौबे निर्धारित समय पर ईओ आशुतोष कुमार गुप्ता से वार्ता के लिए उनके कार्यालय कक्ष में पहुंचे। इस दौरान उन्होंने 12 सूत्री मांगों का लिखित ज्ञापन ईओ को सौंपा। उन्होंने अपने ज्ञापन में श्रम संसाधन विभाग द्वारा निर्धारित मजदूरी देने, ईपीएफ का बकाया पैसा सफाई कर्मियों के खाते में देने, समय से मानदेय का भुगतान करने, सफाई कर्मियों को साल में दो जोड़ा ड्रेस, दो जोड़ा बुट, दस्ताना आदि संसाधन देने, 1 अप्रैल 2023 से लागू कुल मजदूरी अकुशल कर्मी को 388 रुपये प्रति दिन, अर्द्ध कुशल को 403 रुपये व कुशल कर्मी को 491 रुपये प्रति दिन के हिसाब से मानदेय दिया जाय।

इस तरह से कुल बारह मांगों का ज्ञापन ईओ को दिया। उन्होंने कहा कि ईओ हमारी मांगों पूरा करने का भरोसा दिया, जिस पर हड़ताल समाप्त कर दिया गया। वहीं ईओ आशुतोष कुमार गुप्ता ने कहा कि 12 सूत्री मांगों का ज्ञापन प्राप्त हुआ है। इसमें जो भी मांगें नियमानुसार है उसे मान लिया गया है।

# मानगढ़ सिंघिया पथ पर पानी का तेज बहाव

## मुंगेर में कई जगहों पर कटाव शुरू, कहीं घर तो कहीं सड़कें कटने की नौबत

निज संवाददाता। मुंगेर



मुंगेर में गंगा का जलस्तर पिछले दो दिनों से स्थिर है। जिला में कई जगहों पर बाढ़ के पानी के बीच कटाव की स्थिति उत्पन्न हो गई है। जिला में सदर प्रखंड क्षेत्र की कुतलुपुर पंचायत और धरहरा प्रखंड क्षेत्र में लगातार कटाव होने से आम लोगों की परेशानी बढ़ गई है। मानसून के कारण गंगा अपने उफान पर है। गंगा के जलस्तर में वृद्धि के बाद टाल क्षेत्र में पानी छोड़े जाने से धरहरा में बाढ़ की स्थिति हो गई है। इसका दंश एनएच-80 को जोड़ने वाली मानगढ़ सिंघिया पथ झेल रही है। इस पथ पर पानी के तेज बहाव के कारण गिरीश यादव ईंट भट्ठा और सोती पुल के पास कटाव जारी है। स्थिति यह है कि लोग जान जोखिम में डालकर पथ पर सफर करने को मजबूर हैं। स्थानीय ग्रामीण आकाश कुमार ने बताया कि भयावह स्थिति होने के बावजूद जिला प्रशासन की ओर से अब तक पथ कटाव रोकने की कोई व्यवस्था नहीं की गई है। न ही बैरिकेडिंग की गई है। ऐसे में किसी भी समय कोई बड़ा हादसा हो सकता है।

प्रशासन की ओर से सुरक्षित पहल नहीं किए जाने से लोग भयभीत हैं। शिव कुंड निवासी बलराम कुमार ने बताया इसके क्षतिग्रस्त होने से प्रखंड के हेमजापुर, वाहाचौकी, शिव कुंड पंचायत का संपर्क प्रखंड मुख्यालय से भंग हो जाएगा। जबकि ये तीन पंचायत पूर्व से बाढ़ प्रभावित है। भलार, मानगढ, महरना सहित कई गांवों मे बाढ़ का पानी घुस गया है। इससे लोगों की रोजी रोटी और काम पर असर पड़ना शुरू हो गया है। हालांकि आने वाली चुनौती से निपटने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट मोड पर है।

# भागलपुर में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित

निज संवाददाता। भागलपुर

♦ पर्यावरण का संदेश देते हुए लायंस क्लब के सदस्यों ने लगाया दर्जनों पेड़

भागलपुर में लायंस क्लब सुल्तानगंज द्वारा बुधवार को पर्यावरण की रक्षा का संदेश देते हुए वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान लायंस क्लब के सदस्यों ने इलाके में दर्जनों पेड़ लगाए। इस कार्यक्रम का नेतृत्व सुल्तानगंज लायंस क्लब के अध्यक्ष डॉक्टर रामकुमार गुप्ता के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम में लायंस क्लब के अध्यक्ष डॉ.रामकुमार गुप्ता, सदस्य निर्मल कुमार सिंघानिया, किशोर कुमार गुप्ता, राजीव कुमार गुप्ता, राजकिशोर गुप्ता, अरुण कुमार सहित कई लोगों ने पर्यावरण की रक्षा के लिए दर्जनों वृक्ष लगाकर लोगों को संदेश दिया। इस दौरान सदस्यों ने बताया कि पर्यावरण की रक्षा के लिए हर एक व्यक्ति को एक वृक्ष लगाना अति आवश्यक है। इससे पर्यावरण की रक्षा के साथ-साथ तपती धूप में मनुष्य और जानवरों की भी रक्षा हो सके। अध्यक्ष ने कहा कि टीम के सदस्यों ने उन पौधों का चुनाव किया गया। जिस पेड़ में फल होते हैं। उन फलों को खाकर ही चिड़िया और अन्य जानवर जी सकते हैं। हम जिस तरह से पेड़ों को काटते गए हैं। वातावरण को प्रदूषित करते गए हैं। चिड़ियों के लिए भी बड़ा संकट पैदा हो गया है। उन्हें भोजन नहीं मिल पा रहा है। इसलिए लायंस क्लब ने कदम और गूलर के पौधों का वृक्षारोपण किया। क्योंकि जिस तरह से कोरोना काल में स्थिति हुआ है, उससे हमें बहुत बड़ी सीख मिली है कि हमने वातावरण के साथ काफी नाइंसाफी की है।

## बाढ़ ग्रस्त इलाके से लोगों का रेस्क्यू कर रही NDRF

**भागलपुर** । भागलपुर के नवगछिया अंतर्गत गोपालपुर में कुछ दिनों पहले रिंग बांध टूटा था। इसके कारण कई गांव डूब चुके हैं। बांध के ध्वस्त होने के बाद कई गांवों में पानी फैल गया है। वहीं, जिस तरह से लगातार गंगा का जलस्तर बढ़ रहा है, लोग फंस जा रहे हैं। उन्हें NDRF की टीम रेस्क्यू कर ऊंचे स्थानों पर पहुंचा रही है। NDRF की 2 टीम 60 कर्मियों के साथ अलग-अलग जगहों पर तैनात है। टीम ने अब तक तकरीबन 400 लोगों को रेस्क्यू किया है। जहां-जहां जलस्तर बढ़ रहा है, रेस्क्यू कार्य प्रशासन की ओर से कराया जा रहा है।

पटना की NDRF टीम गंगा में तैनातः पटना NDRF की टीम कमांडर भवेश झा भुवन के नेतृत्व में गंगा में तैनात है। बता दें कि गंगा के पानी का लगातार फैलाव हो रहा है। अब गोपालपुर के कई गांव इससे प्रभावित हो गए हैं। बरसात की दोहरी मार से लोग परेशान : इधर, गोपालपुर में गंगा नदी के तेज बहाव के कारण 7 दिन पहले इस्माइलपुर बिंदटोली बांध के स्पर संख्या 8 के पास लगभग 100 मीटर के दायरे में तटबंध क्षतिग्रस्त हो गया था। इस घटना से कई घरों के निवासी बेघर हो गए हैं। बाढ़ का पानी और बरसात की दोहरी मार ने लोगों की मुश्किलें और बढ़ा दी हैं।

## लायंस क्लब ऑफ भागलपुर सिल्क सिटी ने डॉक्टरों को किया सम्मानित

**भागलपुर**। लायंस क्लब ऑफ भागलपुर सिल्क सिटी ने मंगलवार को होम्योपैथी दातव्य चिकित्सालय प्रारंभ होने की तीसरी वर्षगांठ लायंस मोती मातृ चाइल्ड हैबिटेशन सेंटर पर मनाई। लायंस क्लब का यह चिकित्सालय प्रतिदिन सुबह 9.30 बजे से 10.30 बजे तक निःशुल्क चलता है। इस अवसर अध्यक्ष लायन संजय अग्रवाल ने सभी डॉक्टर्स को सम्मानित किया। प्रसिद्ध होम्योपैथी चिकित्सक डॉ. शिशिर पंजीकार, डॉ. अलका सिंह, डॉ ऐश्वर्या लक्ष्मी, डॉ. रेहान, फिजियोथैरेपी सेंटर के डॉक्टर रमन को सम्मानित किया गया। डॉ पंजीकार ने सभी डॉक्टर को उनकी सेवा के लिए धन्यवाद दिया और बताया कि इस सेंटर पर हर माह 400 रोगियों का मुफ्त इलाज और दवा का वितरण किया जाता है।


**वाडेन, छात्र–छात्रावास,मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज, पलामू**

**अति अल्पकालीन –निविदा आमत्रंण सूचना (NIT)**

निविदा संख्या– 02/2024–25

वाडेन,छात्र–छात्रावास, मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज, पलामू के लिए चालु वर्ष 2024–25 में छात्रावास के लिऐ सामाग्री,उपकरण एवं अन्य समानों के खरीद के लिये निविदा दिनांक 30.08.2024 के अपराह्न 12:30 बजे से आमंत्रित किया जाता है।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | समाग्री,उपकरण एवं अन्य समानो के खरीद हेतु |
|---|---|---|
| 1 | निविदा प्रकाशित होने की तिथि एवं समय | दिनांक 30.08.2024,समय 12:30 PM |
| 2 | निविदा खोलने का तिथि, समय एवं स्थल | 10.09.2024 को प्राचार्य,कार्यालय प्रकोष्ठ, 12.30 P.M |
| 3 | निविदा शुल्क(डी0डी0)जो Warden Boy'Hostel Medinirai Medical College'Palamu के नाम से देय होगा। | 1000.00(एक हजार) रू0 Non-Refundable |
| 4 | अग्रधन की राशि (डी0डी0)जो Warden Boy'Hostel Medinirai Medical College'Palamu के नाम से देय होगां। | 20000(बीस हजार) रू0 Refundable |
| 4 | निविदा आमंत्रित करने वाले का नाम एवं पता | वाडेन,–छात्र–छात्रावास मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज,पलामू पोखराहा, (झारखण्ड) 822118 |
| 5 | DD /( Hard Copy) कार्यालय में स्पीड पोस्ट अथवा रजि0 पोस्ट से जमा करने की अंतिम तिथि | 09.09.2024 05 P.M तक |

1. निविदा शुल्क जमा कर निविदा का शर्ते आदि कार्यालय अवधि में वार्डन छात्र–छात्रावास, मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज,पलामू के कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है।
2. उक्त अंकित निहित समय तथा तिथि पर निविदा, क्रय समिति द्वारा तकनीकी भाग खोलते समय निविदाकर्त्ता अथवा उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि उपस्थित रह सकते हैं। निविदाओं के तकनीकी मूल्याकंन के पश्चात् ही सफल निविदादाताओं का मूल्य भाग खोला जाएगा।

PR 333884 District(24-25)#D

वाडेन, छात्र–छात्रावास
मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज,पलामू



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, डालटनगंज**

अति अल्पकालीन पुर्न ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – 01RIV/2024–25/EE/RWD/DALTONGANJ

दिनांक–27.08.2024

1. कार्य का नाम

| क्र0 | आईडेन्टीफिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | प्रखंड | | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) अंक में | अक्षर में | कार्य समाप्ति की अवधि | टेण्डर कॉल नं0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | RWD/DALTONGANJ/STPKG/ 21/2 3-24 | निलाम्बर पिताम्बरपुर | 1 | पी0डब्लू0डी0 पथ राजगड़ी से बांसदोहर तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। 4.56कि0मी0 | 1520.577 | पन्द्रह करोड़ बीस लाख संतावन हजार सात सौ रू0 मात्र | 15 माह | तृतीय |
| | | निलाम्बर पिताम्बरपुर | 2 | पी0डब्लू0डी0 पथ परसिया मोड़ से बाउराखांड तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। 3.32कि0मी0 | | | | |
| | | निलाम्बर पिताम्बरपुर | 3 | दारूडीह मेन रोड लोहरा तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। 2.10कि0मी0 | | | | |
| | | निलाम्बर पिताम्बरपुर | 4 | अम्बेदकर चौक से जुरू तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। 1.20कि0मी0 | | | | |
| | | निलाम्बर पिताम्बरपुर | 5 | पी0डब्लू0डी0 रोड से सोनेसराय तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य । 3.25कि0मी0 | | | | |
| | | निलाम्बर पिताम्बरपुर | 6 | साहद से ओरियाकला तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। 1.50कि0मी0 | | | | |
| | | निलाम्बर पिताम्बरपुर | 7 | राजोगाड़ी रोड से खैरात तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। 4.20कि0मी0 | | | | |
| | | निलाम्बर पिताम्बरपुर | 8 | पी0डब्लू0डी0 पथ मुरूमुसी से बनुआ तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य । 6.50कि0मी0 | | | | |
| | | निलाम्बर पिताम्बरपुर | 9 | पी0डब्लू0डी0 रोड रामसागर से फुलांग तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। 3.00कि0मी0 | | | | |
| | | निलाम्बर पिताम्बरपुर | 10 | दिदरी सांगबार से गोराडीह मोड़ तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। 3.00कि0मी0 | | | | |

2. बेवसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि : 31.08.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय : 07.09.2024 up to 5.00 PM
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय 09.09.2024 पूर्वाह्न 3.30 बजे
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता : कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, डालटनगंज ।
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0 –06562357595

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट Jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है ।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल,डालटनगंज।

PR 333874 District(24-25)D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल सं0–02, गढ़वा**

13 वें वित्त आयोग योजना मद, दिनांक–27.08.2024, PR 330416 (Rural Development)24-25(D)

**अल्पकालीन ई–निविदा सूचना संख्या–**

**RDD/SD/GARHWA/02/2024-25/RE(3rd Call)**

1. विज्ञापनदाता का नामः कार्यपालक अभियंता,ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल सं0–02, गढ़वा।
2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि –29.08.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय दिनांक–29.08.2024 से दिनांक–04.09.2024 को 5:00 बजे तक।
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, सं0–02,गढ़वा।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय 06.09.2024 अपराह्न 2:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :–कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, सं0–02,गढ़वा।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० –8002373581 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर)
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल **Online Mode** द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

| क्र0 | अंचल का नाम | परियोजना का नाम | आँगनबाडी केन्द्र का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | परिमाण विपत्र राशि | अग्रधन की राशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि | समूह संख्या |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मेराल | मेराल | सोहबरिया मध्य चौ. टोला, चटनाही टोला सोहबरिया, बिच हरि0 टोला चामा, सलमनवा टोला चामा, हरि0 टोला–2 दुलदुलवा कुल 05 ई0 | 55,41,000.00 | 10000.00 | 1,11,000.00 | 06 माह | Group -01 |
| 2 | धुरकी, सगमा | धुरकी | ब्रसोती, गनियारी कला, गनियारी कुड़ेसवा, सगमा पूर्व,, कटहर खूर्द कुल 05 ई0 | 55,41,000.00 | 10000.00 | 1,11,000.00 | 06 माह | Group -02 |
| 3 | खरौंधी, केतार | भवनाथपुर | सुंडी,सुंडी बहेरवा टोला, झिलियाही टोला चेचरिया, छाताकुंड,बीजडीह–1, चाँदडीह, कुल 06 ई0 | 66,49,200.00 | 10000.00 | 1,33,000.00 | 06 माह | Group -03 |
| 4 | सगमा | धुरकी | सोनडीहा उत्तर, सोनडीहा दक्षिण, सोनडीहा मध्य, घघरी उत्तर, घघरी मध्य, दुसैया, कुल 06 ई0 | 66,49,200.00 | 10000.00 | 1,33,000.00 | 06 माह | Group -04 |

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल सं0–02, गढ़वा

PR 333921 Rural Development(24-25)#D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**राष्ट्रीय उच्च पथ प्रमंडल, मेदिनीनगर**
जेलहाता, रेलवे क्रोसिंग के नजदीक, डालटनगंज, जिला–पलामू–822101
Ph. No. 06562- 231237, E-mail Id- eenhmedini-jhr@nic.in, eenhmedini@gmail.com

**अतिआवश्यक सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राष्ट्रीय उच्च पथ सं0–343 के कि0मी0 158.200 में अवस्थित डाण्डो पुल की स्थिति जर्जर होने के दृष्टिकोण से एवं सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के निदेश के आलोक में उक्त पुल का Rehabilitation का कार्य प्रारंभ करने की संभावित तिथि 01.09.2024 है, जिसकी तैयारी की जा रही है।

अत्एव सभी प्रकार के वाहनों का आवागमन उक्त पुल एवं पहुँचपथ से वर्जित रहेगा। जिसकी यातायात का परिचालन हेतु वैकल्पिक मार्ग टंडवा मोड़ से बाइपास होते हुए चिनियाँ मोड़ से शहर की ओर परिचालन का प्रावधान किया गया है। शहर से बाहर जाने वाले वाहन बाईपास का प्रयोग करेंगे।

साथ ही सूचित करना है कि नये पुल के निर्माण होने तक भारी वाहनों का आवागमन इस पुल से सदैव वर्जित रहेगा।

अनु0–वैकल्पिक मार्ग का रूट चार्ट।

निवेदक
कार्यपालक अभियंता,
राष्ट्रीय उच्च पथ प्रमंडल, मेदिनीनगर

PR 333864 District(24-25)#D



**कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (गव्य प्रभाग)**
**जिला गव्य विकास कार्यालय, पलामू**
Email – dddopalamu@gmail.com

**–ःदुधारू पशु वितरण हेतु पलामू जिला के लिये सभी सूचीबद्ध पशु आपूर्तिकर्ताओं एवं चयनित लाभुकों के लिये आवश्यक सूचनाः–**

कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग(गव्य विकास निदेशालय) झारखण्ड, राँची द्वारा पलामू जिला के लिये सूचीबद्ध दुधारू पशु आपूर्तिकर्ता को सूचित किया जाता है कि मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना एवं कामधेनु डेयरी फार्मिंग योजनान्तर्गत चयनित लाभुकों को दुधारू मवेशी उपलब्ध कराने हेतु दिनांक– 30.08.2024 से अगले आदेश तक के लिए विश्रामपुर प्रखण्ड अन्तर्गत ग्राम–डंडीला खुर्द(एस0टी0डी0) कॉलेज रोड, बी0 मोड़, रेहला, प्रखण्ड– विश्रामपुर, जिला– पलामू में प्रखण्ड स्तर पर दुधारू पशुमेला का आयोजन किया गया है।

पशुमेला में पशु आपूर्तिकर्ता को पशु लाने संबंधी आवेदन जिला गव्य विकास कार्यालय, पलामू को उपलब्ध करायेंगे एवं साथ ही जिला गव्य विकास पदाधिकारी, पलामू से सम्पर्क स्थापित करेंगे।

दुधारू पशुमेला में पशुआपूर्तिकर्ता द्वारा निम्नलिखित शर्तों का पालन करना सुनिश्चित करेंगे।

| क्र0 | विवरणी | शर्तें |
|---|---|---|
| 1. | दुधारू गाय | अधिक से अधिक संख्या में उन्नत देशी नस्ल की दुधारू गाय साहिवाल/गिर/रेड सिन्धी (लाभुक के माँग अनुसार संकर हॉलस्टीन फ्रिजियन/जर्सी)। |
| 2. | ब्यॉंत | पहली/दूसरी ब्यॉंत (अधिकतम 01 माह तक के अंदर का बाछा/बाछी। प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी द्वारा जाँचोपरान्त क्रय की कार्रवाई की जायेगी। |
| 3. | दूध देने की क्षमता | न्यूनतम 10–12 लीटर प्रतिदिन। |
| 4. | पशु स्वास्थ्य | राज्य के बाहर से जहाँ से गाय लाते हैं, के संबंधित स्थल के पशुचिक्तिक से संक्रमण बिमारी (Thileria, Redwater, HS, BQ & FMD) का टीकाकरण एवं स्वस्थ्य प्रमाण–पत्र Schedule-H पर प्रमाण–पत्र का उल्लेख/अंकित अनिवार्य होगी अथवा स्थानीय स्थानीय पशुमेला स्थल के पशुचिकित्सक द्वारा टीकाकरण कराकर Schedule-H प्रमाण पत्र अंकित कराकर Schedule-H कार्यालय को उपलब्ध कराना अतिआवश्यक होगा अन्यथा गाय की बिक्री करने की अनुमति नहीं होगी। |
| 5. | पशु व्यापारियों को राज्य के बाहर से ही दुधारू पशु बिक्री हेतु लाना है। पशु व्यापारियों (विक्रेता) द्वारा पशु–क्रय से संबंधित रसीद/वाहन संख्या के साथ नोटराईज्ड शपथ–पत्र संलग्न करना आवष्यक है | |
| 6. | दुधारू पशुओं को रखने के लिए अस्थायी शेड का निर्माण पशु विक्रेता स्वयं के खर्च पर करेंगे। | |
| 7. | लगातार तीन शाम दूध की दूहाई देखने के बाद ही पशु व्यापारियों एवं किसान/पशुपालक की आपसी सहमति के आधार पर दुधारू पशु की कीमत/मुख्य निर्धारण उपरान्त दुधारू गाय क्रय कराने की कार्रवाई की जायेगी। | |
| 8. | कम से कम 14 दिनों तक कोरेन्टाईन समय का पालन करना अति आवश्यक होगा। | |
| 9. | खून, गर्भधारण एवं संक्रमण रोग संबंधी जाँच पशु व्यापारी द्वारा अपने खर्च पर कराया जायेगा। | |

लाभुकों के द्वारा दुधारू गाय पसंद करने के उपरांत कम से कम तीन लगातार पाली में अपने सामने दुहाई कर सुनिश्चित हो लेंगे कि गाय प्रतिदिन कम से कम औसतन 12–15 लीटर दूध दे रही है। गाय का कीमत का निर्धारण लाभुक एवं दुधारू गाय विक्रेता के आपसी सहमति से ही क्रय–विक्रय का कार्य किया जायेगा।

जिला गव्य विकास पदाधिकारी
पलामू

PR 333867 Palamu (24-25)_D



**GOVERNMENT OF JHARKHAND**
**URBAN DEVELOPMENT OF DEPARTMENT**
**NAGAR PARISHAD, BISHRAMPUR**

**E-PROCURMENT NOTICE (VERY SHORT TERM NOTICE)**

| SL. | WARD NO. | REFERENCE NO. | SCHEME NAME | ESTIMATE COST | EARNEST MONEY (2% OF ESTIMATE COST) | TENDER FEE | COMPLETION OF WORK |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| शहरी परिवहन व्यवस्था मद | | | | | | | |
| 1 | 5 | UDD/NPB/04/ 2024-25 | Construction of P.C.C road on kaccha road from house of Lala Ram to house of Ram Arjun and House of Manager Ram to Suresh Saw and Kasturba Gandhi residensial school to Station road via House of Raja singh in ward no 5. | 1666341.00 | 33327.00 | 5900.00 | 90 day |
| 2 | 14 | UDD/NPB/05/ 2024-25 | Construction of P.C.C road on kachha road from Pandu main toad to Mahtawana Dham in ward no - 14. | 1615342.00 | 32307.00 | 5900.00 | 90 day |
| 3 | 4 | UDD/NPB/06/ 2024-25 | Construction of P.C .C road on kachha road with drain from house of Usman ansari (High mast light) to new P.C.C (Jalminar) via Madarsha and house of Yakub ansari in ward no 04. | 1448725.00 | 28975.00 | 5900.00 | 90 day |
| 4 | 19 | UDD/NPB/07/ 2024-25 | Construction of p.c.c road from Bhelwa nadi Devi dham to House of Maluki Yadav via house of vijay singh | 1260851.00 | 25217.00 | 5900.00 | 90 day |
| 5 | 9 | UDD/NPB/08/ 2024-25 | Construction of P.C.C road on kachha road with box culvert from house of Biltu ram to house of Bigu Ram via house of Baluki ram to house of Rajendra ram in ward no 09 | 1126127.00 | 22523.00 | 5900.00 | 90 day |
| 6 | 9 | UDD/NPB/09/ 2024-25 | Construction of P.C.C road from house of Satish chandra sukla to Pipal Tree. | 390207.00 | 7804.00 | 1180.00 | 90 day |
| नागरीक सुविधा मद | | | | | | | |
| 7 | 16 | UDD/NPB/10/ 2024-25 | Construction of R.C.C drain from house of Ashok choudhary to R.C.I.T gate (Culvert) & house of Tanvir alam to house of Baijnath yadav in ward no 16 | 2346357.00 | 46927.00 | 5900.00 | 90 day |
| 8 | 13 | UDD/NPB/11/ 2024-25 | Construction of R.C.C drain from house of Lalbachchan ram to Paswan tola teen muhan via house of Suresh yadav and house of Mahendra Yadav in ward no 13 | 1599760.00 | 31995.00 | 5900.00 | 90 day |
| 9 | 20 | UDD/NPB/12/ 2024-25 | Construction of R.C.C drain from house of Janki manjhi to Dihwar baba via house of Bigan Yadav in ward no 20 | 1493125.00 | 29863.00 | 5900.00 | 90 day |
| 10 | 15 | UDD/NPB/13/ 2024-25 | Construction of R.C.C drain from Nehal hawari to Bhandar of Kuku choudhary via house of Binod choudhary in ward no 15 | 1386506.00 | 27730.00 | 5900.00 | 90 day |
| 11 | 13 | UDD/NPB/14/ 2024-25 | Construction of R.C.C drain from house of Rafique ansari to Aahar via house of Salim ansari in ward no 13 | 1343863.00 | 26877.00 | 5900.00 | 90 day |
| 12 | 17 | UDD/NPB/15/ 2024-25 | Construction of R.C.C drain from house of Amrawati kunwar to Office of Forest department & shop of Sanjay saw to Bhelwa nala in ward no 17 | 1279842.00 | 25597.00 | 5900.00 | 90 day |
| 13 | 9 | UDD/NPB/16/ 2024-25 | Construction of R.C.C drain from house of Bigu ram to house of Sahdeo ram in ward no 09 | 1066568.00 | 21331.00 | 5900.00 | 90 day |
| 14 | 9 | UDD/NPB/17/ 2024-25 | Construction of R.C.C drain from house of Satish chandra sukla to hand pump via house of Rakesh sukla in ward no. 09 | 905161.00 | 18103.00 | 5900.00 | 90 day |
| 15 | 15 | UDD/NPB/18/ 2024-25 | Construction of R.C.C drain from house of Imteyaj khalifa to house of Chandan vishwakarma and road passes near house of taslim saudagar in ward no 15 | 853220.00 | 17064.00 | 5900.00 | 90 day |
| 16 | 20 | UDD/NPB/19/ 2024-25 | Construction of R.C.C drain from U.M.S Harheppa to Jhurha Aahar via house of Sanjay Kumar in ward no 20 | 746600.00 | 14932.00 | 5900.00 | 90 day |
| 17 | 16 | UDD/NPB/20/ 2024-25 | Construction of R.C.C drain from house of Kamrshwar ram to house of Dhruvpal Chandrawanshi in ward no 16 | 710886.00 | 14218.00 | 5900.00 | 90 day |
| 18 | 19 | UDD/NPB/21/ 2024-25 | Construction of R.C.C drain from Kosiyar Masjid to House of Abdul Rauf via Charmuhan in ward no 19 | 639948.00 | 12799.00 | 5900.00 | 90 day |
| 19 | 19 | UDD/NPB/22/ 2024-25 | Construction of R.C.C drain from house of Nejabbuddin ansari (Culvert) to house of Usman ansari in ward no 19 | 516790.00 | 10336.00 | 5900.00 | 90 day |
| 20 | Date Of Publication Of Tender On Website | | | 29.08.2024, 11:00 AM | | | |
| 21 | Date Start Of Online Submission Of Bids | | | 29.08.2024, 11:00 AM | | | |
| 22 | Last Date/Time Of Online Submission Of Bids | | | 09.09.2024, 11:00 AM | | | |
| 23 | Date Of Bid Opening | | | 10.09.2024, 11:00 AM | | | |
| 24 | Name & Address Of Office Inviting Tender | | | EXECUTIVE OFFICER NAGR PARISHAD BISHRAMPUR | | | |
| 25 | Contact No. Of Procurement Officer | | | 9525633383, 9771761820 | | | |
| 26 | Helpline Number Of E-Procurement Cell | | | 06584 299971 | | | |

**NOTE : -** 1. Only E-Tender will be accepted. Further details can be seen on website.
2. Contractors should be registered in appropriate class as per NIT.

कार्यपालक पदाधिकारी
नगर परिषद बिश्रामपुर

PR 333908 District (24-25)_D

## संक्षिप्त समाचार

### सरयू राय की बढ़ी टेंशन, गोपनीय दस्तावेज लीक मामले में विधायक को समन

**रांची, एजेंसी।** एमपी एमएलए के विशेष न्यायिक दंडाधिकारी सार्थक शर्मा की अदालत ने आपराधिक साजिश रचकर स्वास्थ्य चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग से संचिका के गोपनीय पत्रों की चोरी करने के आरोप में विधायक सरयू राय पर संज्ञान लिया है। मामले में उनकी उपस्थिति के लिए समन जारी किया गया है। अदालत ने अगली सुनवाई के लिए 13 सितंबर की तिथि निर्धारित की है। मामले में जांच पूरी करते हुए अनुसंधान पदाधिकारी सह सब-इंस्पेक्टर नागेश श्रीवास्तव ने करीब ढ़ाई साल बाद अपराध को सही पाते हुए 22 अगस्त को अदालत में भादवि की धारा 120बी एवं गोपनीय दस्तावेज लीक की धारा 30(2) के तहत चार्जशीट दाखिल की थी।



चार्जशीट में स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता के आप्त सचिव आसिफ एकराम सहित छह को गवाहों का नाम है। चार्जशीट पर एमपी एमएलए कोर्ट ने संज्ञान लेते हुए आरोपित के खिलाफ समन जारी किया है। बता दें कि विधायक सरयू राय ने गोपनीय दस्तावेज को हासिल करने के बाद प्रेस कान्फ्रेंस कर मीडिया को कोरोना काल में किए गए राशि के उपयोग की जानकारी दी थी। जिसके बाद स्वास्थ्य विभाग की ओर से उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई गई है।
हेमंत कैबिनेट में मंत्री डॉ. इरफान अंसारी को झारखंडी दोना में मूढ़ी-घुघनी की ताकत का एहसास है और उन्होंने इसकी बदौलत भाजपा का सफाया करने का दावा किया है।

### जमीन घोटाला मामले में प्रेम प्रकाश को सुप्रीम कोर्ट से मिली जमानत

**रांची, एजेंसी।** झारखंड की राजधानी रांची में कथित जमीन घोटाला मामले में प्रेम प्रकाश को भी जमानत मिल गई है. पावर ब्रोकर प्रेम प्रकाश को सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार (28 अगस्त) को जमानत दी. हालांकि, अवैध खनन मामले में उसे अभी तक जमानत नहीं मिली है. इसलिए प्रेम प्रकाश जेल से बाहर नहीं आ पाएगा. सुप्रीम कोर्ट में बुधवार को प्रेम प्रकाश की जमानत याचिका पर पिछले महीने सुनवाई हुई थी. 29 जुलाई को सुनवाई के बाद कोर्ट ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था.



जस्टिस बीआर गवई, जस्टिस प्रशांत मिश्रा और जस्टिस केवल विश्वनाथ की पीठ ने 28 अगस्त को अपना फैसला सुना दिया.
प्रेम प्रकाश पर दस्तावेजों से छेड़छाड़ करके जमीन की खरीद-बिक्री करने का आरोप था. उसे अगस्त, 2023 में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गिरफ्तार किया था. प्रेम प्रकाश को अवैध खनन से जुड़े मनी लाउंडरिंग मामले में पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका था. बाद में जमीन घोटाला मामले में भी उसकी संलिप्तता के आधार पर उसे गिरफ्तार कर लिया गया. ईडी को राजधानी रांची के चेशायर होम रोड स्थित जमीन की खरीद-बिक्री मामले में उसकी संलिप्तता का पता चला था. जांच में मालूम हुआ कि कोलकाता के रजिस्ट्री ऑफिस के दस्तावेज से छेड़छाड़ की गई. पहले गंगाधर राय को जमीन का मालिक बनाया गया. इसके बाद गंगाधर के उत्तराधिकारी राजेश राय से जमीन की पावर ऑफ अटॉर्नी ली गई और फिर उस जमीन को बेच दिया गया.

### चंपाई सोरेन पर भगवा रंग चढ़ने से असमंजस में कई करीबी

# बदलेगा सियासी समीकरण

**जमशेदपुर, एजेंसी।** पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन पर भगवा रंग चढ़ने से अब उनके करीबी रहे झामुमो नेताओं में असमंजस की स्थिति है। उनके पास या तो खुद भी भाजपा में जाने का विकल्प है या फिर झारखंड मुक्ति मोर्चा में बने रहने का, लेकिन इन सबके बीच इस बात की भी आशंका उन्हें सता रही है कि झामुमो में रहने पर कहीं उन्हें चंपाई के करीबी होने का टैग पार्टी में अलग-थलग न कर दे। ऐसे में अभी उनके करीबी वेट एंड वॉच की स्थिति में बने हुए हैं।



इस बीच झामुमो नेताओं और कार्यकर्ताओं को लेकर सोशल मीडिया पर इधर जाएं या उधर जाएं, किधर जाएं वाला मीम ट्रेंड करने लगा है। इसमें अधिकतर नेता अप्रत्यक्ष रूप से अबतक यही जता रहे हैं कि अभी तो वह इधर ही हैं, यानी झारखंड मुक्ति मोर्चा में ही हैं, लेकिन आगे देखेंगे कि किधर जाएंगे। बताते चलें कि पूरे कोल्हान में विधायकों से लेकर जिला व प्रदेश स्तर के झारखंड मुक्ति मोर्चा नेताओं तक में चंपाई सोरेन के करीबियों की संख्या अधिक है। ऐसे में उनके भी पार्टी बदल लेने से झारखंड मुक्ति मोर्चा को कोल्हान में नुकसान होने की आशंका है।

### चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहे भाजपा नेता होंगे असहज

सरायकेला सीट से चुनाव लड़ने के लिए तीन भाजपा नेता जमीन तैयार करने में दिन-रात जुटे हैं। इनमें दो बार भाजपा प्रत्याशी रहे गणेश महाली समेत रमेश हांसदा व लक्ष्मण टुडू शामिल हैं। रमेश पहले झामुमो में ही थे। झामुमो के जिलाध्यक्ष भी रहे, लेकिन चंपाई से अदावत के कारण रमेश झामुमो छोड़ भाजपा इसी लक्ष्य के साथ आए थे कि सरायकेला से चंपाई को हराकर ही दम लेंगे। अब चंपाई के भाजपा में आने से स्थिति अलग हो गई। लक्ष्मण टुडू भी यहां दावेदारी की तैयारी में थे, क्योंकि वे सरायकेला से दो बार भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़ चुके हैं।

**लोकसभा चुनाव में बदल गया था वोटरों का मूड-** सरायकेला में लोकसभा चुनाव में मतों का गणित बदल गया था। झामुमो की सिंहभूम से उम्मीदवार जोबा माझी सरायकेला विधानसभा सीट से भाजपा की गीता कोड़ा से 20285 वोटों से पिछड़ गई थीं। वह भी तब, जब राज्य में झामुमो की सरकार में खुद चंपाई सोरेन मुख्यमंत्री थे। सरायकेला विधानसभा सीट से चंपाई सोरेन अपनी प्रत्याशी को बढ़त नहीं दिला सके। उस समय सरायकेला में भाजपा उम्मीदवार गीता कोड़ा को 1 लाख 18 हजार 773 मत मिले, जबकि इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार को 98 हजार 488 मत मिले।

### सरायकेला का बदलेगा सियासी समीकरण

चंपाई सोरेन के भाजपा में जाने से पूरे कोल्हान का सियासी समीकरण तो बदलेगा ही, सरायकेला सीट का राजनीतिक गणित सबसे अधिक प्रभावित होगा। इस विधानसभा सीट से चंपाई सोरेन झामुमो में रहते पिछले चार विधानसभा चुनाव से लगातार जीत रहे हैं। हालांकि यहां वे कभी बड़े अंतर से चुनाव नहीं जीत पाए।

### बहुत कम अंतर से चुनाव जीतते रहे चंपाई

भाजपा के गणेश महाली दो विधानसभा चुनाव में चंपाई के लिए बड़ी चुनौती बने रहे। वर्ष 2014 के चुनाव में चंपाई यहां महज 1115 वोटों से महाली से चुनाव जीते थे। 2019 के चुनाव में अंतर बढ़ा, लेकिन इतना नहीं कि आसान जीत कहा जा सके। इस चुनाव में चंपाई ने 15667 की लीड से गणेश महाली को हराया। अब चंपाई के भाजपा में जाने से परिस्थितियां बदल जाएंगी। इससे कहा जा सकता है कि अपने राजनीतिक जीवन में चंपाई ने जिन भाजपा नेताओं के खिलाफ प्रचार किया और चुनाव में हराया, उन्हें ही अपनी राजनीतिक गाड़ी बढ़ाने को सारथी बनाना होगा। इनमें गणेश महाली से लेकर लक्ष्मण टुडू जैसे नाम शामिल होंगे। बताते चलें कि वर्ष 2009 में भाजपा के लक्ष्मण टुडू से चंपाई 3246 वोट से जीते थे तो 2005 में लक्ष्मण टुडू से ही महज 882 वोट के अंतर से जीते थे।

### चंपाई के जाने से फर्क नहीं पड़ेगा: पिंटू

पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन के भाजपा में जाने की घोषणा पर झामुमो पूर्वी सिंहभूम के जिला उपाध्यक्ष पिंटू दत्ता ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने मगंलवार को विज्ञप्ति जारी कर कहा कि झारखंड में झामुमो प्रशिक्षण संस्थान है, जो अपने यहां नेता तैयार करती है। इसलिए किसी भी नेता के पार्टी छोड़ने पर झामुमो को कोई फर्क पड़ने वाला नहीं है। चंपाई सोरेन के साथ उनका कोई रिश्ता नहीं है।

## सरकार ने झूठे वादों से समाज के हर वर्ग को ठगने का काम किया है : डॉ देवशरण भगत

**रांची, एजेंसी।** सरकार की वादाखिलाफी को लेकर आजसू पार्टी की जन जागरण पदयात्रा की शुरुआत हुई। पार्टी द्वारा पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत आज जन जागरण यात्रा के विभिन्न विधानसभा के प्रभारियों और पार्टी पदाधिकारियों ने अपने क्षेत्र के कई पंचायतों में पदयात्रा की और जन सभाओं के माध्यम से सरकार की विफलताओं से जनता को अवगत कराया। पार्टी के केंद्रीय मुख्य प्रवक्ता डॉ. देवशरण भगत ने जन जागरण पदयात्रा के बारे में बताया कि पदयात्रा को आम



जनता का भरपूर साथ और सहयोग मिल रहा है। जनता के साथ से हम बदलाव की पटकथा लिखेंगे। जन जागरण पदयात्रा के माध्यम से सरकार के झूठे वादों की सच्चाई को जनता के समक्ष रखा जाएगा। जनता सरकार के वादों और कार्यों के बीच जो गहरी खाई है उसकी समीक्षा करेगी।

कहा, सरकार ने अपने लोकलुभावन वादों से समाज के हर वर्ग को ठगने का काम किया है। 5 साल पहले सत्ताधारी पार्टियों ने जनता के सामने अपने मेनिफेस्टो के जरिए सैकड़ों वादे किए थे लेकिन उनमें से एक भी वादा पूरा नहीं हुआ। सरकार रोजगार के विषय पर पूरी तरह विफल रही है। इनके कार्यकाल की उपलब्धि भ्रष्टाचार, अपराध, अराजकता, बेरोजगारी, पलायन, पेपर लीक और कई तरह के घोटाले मुख्य रूप से रहे हैं। इन्होंने युवाओं के हाथों से रोजगार और गरीबों की थाली से राशन छीनने का काम किया है। जनता सब देख और समझ रही है। जनता ने ठाना है कि इस सरकार को हटाना है और नया बेहतर झारखंड बनाना है।

# सीएम हेमंत सोरेन का बड़ा एलान, इनकम टैक्स नहीं भरने वाले बिजली उपभोक्ताओं का बिल होगा माफ

**दुमका, एजेंसी।** झारखंड मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि आने वाले दिनों में उनकी सरकार राज्य के वैसे बिजली उपभोक्ताओं का बिजली बिल माफ करने जा रही है जो इन्कम टैक्स के दायरे में नहीं है।

उन्होंने कहा कि ऐसे तमाम उपभोक्ताओं का सारा बिजली बिल माफ किया जाएगा। इसके दूसरे चरण में सरकार आकलन करके उन बिजली उपभोक्ताओं को भी राहत देने की कोशिश होगी जो मध्यम वर्गीय हैं।

मुख्यमंत्री ने यह घोषणा मंगलवार को दुमका के जामा विधानसभा के पांदनपहाड़ी मैदान में आयोजित संताल परगना प्रमंडलीय मुख्यमंत्री मंइयां सम्मान योजना के लिए आयोजित वृहत समारोह में कही।

इस मौके पर हेमंत सोरेन ने संताल परगना के सभी छह जिले दुमका, देवघर, साहिबगंज, गोड्डा, पाकुड़ एवं जामताड़ा के सात लाख 32906 लाभुकों के बैंक खाते में डीबीटी के माध्यम से सम्मान राशि के रूप में 73 करोड़ 29 लाख रुपए ऑनलाइन हस्तांतरित करते हुए कहा कि इस योजना से राज्य की 21 से 50 वर्ष आयु की 50 लाख महिलाओं को आच्छादित किया जा रहा है।

चुनाव के बाद इस लक्ष्य को एक लाख तक पहुंचाया जाएगा। कहा कि इस योजना से जुड़कर राज्यभर की महिलाओं में अद्भुत खुशी व उत्साह है। उन्होंने कहा कि यही उत्साह उन्हें हर मुसीबत तथा चुनौतियों से लड़ने की ताकत देता



है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जो आधी आबादी को मजबूत एवं सशक्त करेगा वही राज्य आगे बढ़ेगा। कहा कि उनकी सरकार अंतिम व्यक्ति तक पहुंच बनाकर लगातार जनहित में काम कर रही है। जो कभी प्रखंड ऑफिस नहीं देखे थे, उनके दरवाजे तक सरकार और बड़े-बड़े अधिकारी पहुंच कर उनकी समस्याओं का समाधान कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि जिन समस्याओं का निदान तत्काल संभव नहीं है, उसकी जानकारी सरकार तक पहुंच रही है। हेमंत सोरेन ने कहा कि उनकी सरकार हेडक्वार्टर से नहीं बल्कि गांवों से चल रही है। गांवों को मजबूत किए बगैर राज्य सशक्त नहीं बन सकती है। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार व्यापारियों की नहीं बल्कि आमजन व किसानों की तरक्की के लिए काम कर रही है। किसानों को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने के लिए सरकार कई योजनाएं चला रही है। मौसम परिवर्तन को ध्यान में रखकर वैकल्पिक कृषि को बढ़ावा दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बिरसा हरित ग्राम योजना, दीदी बाड़ी योजना और मुख्यमंत्री पशुधन योजनाओं से किसानों की स्थिति बदली है। कहा कि उनकी सरकारी आदिवासी, मूलवासी, दलित, पिछड़े,अल्पसंख्यक, किसान व मजदूर, बूढ़े-बुजुर्ग,महिला व युवाओं के लिए नया आयाम गढ़ा है, जिससे भाजपा टेंशन में है। मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार के पास झारखंड की रॉयल्टी मद में एक लाख 36 हजार करोड़ रुपये बकाया है। इस मामले में सुप्रीम कोर्ट ने छह किस्तों में राशि भुगतान करने का आदेश केंद्र को दिया है। उन्होंने कहा कि हम अपना हक व अधिकार लड़ कर लेंगे। झारखंड सोने की चिड़िया है और यहां के लोग फटेहाल रहेंगे ऐसा नहीं चलेगा। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में जो कंपनियां यहां की खनिज संपदाओं का दोहन कर रही है।

## रेलवे में नौकरी दिलाने वाले गिरोह का भंडाफोड़, महिला समेत 5 गिरफ्तार

### चल रहा था फर्जी इंटरव्यू

**खड़गपुर/जमशेदपुर, एजेंसी।** रेलवे में नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी करने वाले एक गिरोह का भंडाफोड़ हुआ है। इस मामले में खड़गपुर टाउन थाने की पुलिस ने एक महिला सहित पांच आरोपितों को गिरफ्तार कर कोर्ट में प्रस्तुत किया। जहां कोर्ट ने सभी आरोपितों की जमानत को खारिज करते हुए आठ दिनों की न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। पश्चिम मेदिनीपुर के खड़गपुर स्थित वॉर्ड नंबर 15 के यंग मेन एसोसिएशन क्लब में रविवार को रेलवे में नौकरी दिलाने के नाम पर फर्जी इंटरव्यू चल रहा था। स्थानीय पुलिस के अनुसार इस इंटरव्यू में शामिल होने के लिए पड़ोसी राज्यों-शहरों से काफी संख्या में युवा शामिल हुए थे। वहीं, स्थानीय निवासियों के अनुसार शनिवार से आए कई युवक यंग मेन एसोसिएशन क्लब में ठहरे हुए थे, पूछताछ में उन्होंने इंटरव्यू होने की जानकारी दी। इसके बाद स्थानीय निवासियों ने ही क्षेत्र के टाउन थाने की पुलिस को सूचित किया। इसके बाद टाउन पुलिस की टीम ने क्लब की घेराबंदी करते हुए एक महिला सहित पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मौके से अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन का बोर्ड लगी हुई एक कार भी जब्त की है। जांच में यह बात सामने आई है कि इंटरव्यू देने आए अधिकतर युवा पश्चिम बंगाल और झारखंड के आसपास के शहरों से हैं।

इस मामले में पुलिस के अधिकारियों ने इंटरव्यू देने आए युवाओं से पूछताछ की। इसमें उनसे पूछा गया कि उन्हें किस पद के इंटरव्यू के लिए बुलाया गया था। संबधित पद के लिए उनसे कितने रुपये की डिमांड की गई थी।

## चंपाई सोरेन के गढ़ में गरजेंगे हेमंत सोरेन, 50 हजार से अधिक महिलाओं को देंगे मंईयां सम्मान योजना की सौगात

**रांची, एजेंसी।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन बुधवार (28 अगस्त) को पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन के गढ़ में पहुंच रहे हैं. सरायकेला-खरसावां जिले के गम्हरिया में आयोजित प्रमंडलस्तरीय कार्यक्रम में शामिल होंगे. यहां से झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना की राशि कोल्हान प्रमंडल की महिलाओं के अकाउंट में ट्रांसफर करेंगे.

पहले यह कार्यक्रम कोल्हान के प्रमंडल मुख्यालय चाईबासा में होना था. लेकिन, बाद में इसकी जगह बदल दी गई. चंपाई सोरेन ने जब बगावत का ऐलान किया, तो मुख्यमंत्री के कार्यक्रम स्थल को बदल दिया गया. चूंकि गम्हरिया चंपाई सोरेन का विधानसभा विधानसभा क्षेत्र है, सीएम हेमंत सोरेन ने यहां से सरायकेला-खरसावां, पूर्वी सिंहभूम और पश्चिमी सिंहभूम जिले की महिलाओं के खाते में झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना (छ्स्स्स्ड्ड) राशि हस्तांतरित करने का फैसला किया.

गम्हरिया प्रखंड के रापचा मैदान में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन करीब 4 घंटे तक रहेंगे. उनके कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी 3 जिलों के प्रशासन समेत झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के कार्यकर्ता जुट गये हैं. कार्यक्रम में सरायकेला-खरसावां, पूर्वी सिंहभूम और पश्चिमी सिंहभूम के करीब 50 हजार लाभुक शामिल होंगे.

लाभुकों को कार्यक्रम स्थल तक लाने और उन्हें वापस पहुंचाने की




व्यवस्था तीनों जिलों के प्रशासनिक पदाधिकारियों ने की है. इस दौरान कार्यक्रम स्थल पर सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतजाम किए गए हैं. कार्यक्रम से एक दिन पहले सांसद जोबा माझी और विधायकों ने रापचा मैदान का जायजा लिया.

इस अवसर पर मंत्री दीपक बिरुआ, विधायक रामदास सोरेन, दशरथ गागराई, मंगल कालिंदी, संजीव सरदार, निरल पूर्ति के अलावा सुखराम उरांव भी मौजूद थे. कार्यक्रम को लेकर झामुमो कार्यकर्ता भी काफी उत्साहित थे. दौरान कांड्रा मोड़ से आदित्यपुर तक झंडा लगाने में देर रात तक कार्यकर्ता जुटे रहे.

### बाबा के साथ झारखंड के लिए लड़ाई लड़ी

## चंपई सोरेन को लेकर हेमंत की भाभी ने दिया भावुक रिएक्शन

**रांची, एजेंसी।** झारखंड के पूर्व सीएम और झामुमो के कद्दावर नेता चंपई सोरेन 30 अगस्त को भाजपा में शामिल होंगे। इसको लेकर झारखंड में सियासत तेज हो गई है। चंपई के भाजपा में शामिल होने को लेकर अब सीएम हेमंत सोरेन की भाभी और भाजपा नेता सीता सोरेन ने रिएक्शन दिया। सीता सोरेन ने कहा कि जेएमएम पार्टी के लिए ये कोई नई बात नहीं है। एक के बाद एक बड़े नेता उनका साथ छोड़ रहे हैं। स्वर्गीय दुर्गा सोरेन जी झामुमो को ठीक से चलाना जानते थे। जो भी नेता अगर रूठ जाए, तो वह उसके घर जाकर मनाते थे। इसके चलते सभी नेता पार्टी के साथ जुड़े रहते थे। सीता सोरेन ने आगे कहा कि आज स्थिति ऐसी नहीं, जेएमएम पार्टी में आज किसी भी नेता का सम्मान नहीं है। उन्होंने कहा कि हेमंत जी को जेल यात्रा करना पड़ा, उस दौरान चंपई जी को सीएम बनाया गया, लेकिन कुछ वक्त के लिए।



सीता सोरेन ने कहा कि चंपई सोरेन बहुत बड़े नेता हैं, उन्होंने बाबा (शिबू सोरेन) के साथ झारखंड को अस्तित्व में लाने में भूमिका निभाई। दो महीने की बात थी, उन्हें (चंपई सोरेन) सम्मान दिया जाना चाहिए था। मुख्यमंत्री बने रहने देना चाहिए था।

## धनबाद रेल मंडल के 18449 कर्मी ले सकते हैं यूपीएस का लाभ : डीआरएम

**धनबाद, एजेंसी।** धनबाद रेल मंडल के 18449 कर्मचारी यूनिफाइड पेंशन स्कीम (यूपीएस) का लाभ ले सकते हैं. इनमें से अगर कोई न्यू पेंशन स्कीम में रहना चाहता है, तो वह रह सकता है. जो कर्मचारी यूपीएस में आना चाहते हैं, वे स्कीम से जोड़े जायेंगे. उक्त बातें धनबाद रेल मंडल के डीआरएम कमल किशोर सिन्हा ने कही. वह सोमवार को डीआरएम कार्यालय के सभागार में आयोजित प्रेस वार्ता में पत्रकारों को यूपीएस की जानकारी दे रहे थे. कहा कि धनबाद रेल मंडल में करीब 24 हजार कर्मचारी हैं. इनमें से करीब 75 प्रतिशत कर्मचारी यूपीएस के योग्य हैं. डीआरएम ने कहा कि धनबाद रेल मंडल में करीब पांच हजार कर्मचारी को पुरानी पेंशन स्कीम का लाभ मिल रहा है. न्यू पेंशन स्कीम पाने वाले 2620 कर्मचारी हैं. 2004 के बाद बहाल होने वाले कर्मचारियों को यूपीएस का लाभ एक अप्रैल 2025 से मिलेगा. 2004 के बाद बहाल होने वाले कर्मचारियों की संख्या 18449 है. मौके पर एडीआरएम इंफ्रा अमित कुमार, सीनियर डीपीओ अजीत कुमार आदि मौजूद थे.
डीआरएम ने बताया कि नौकरी के 25 वर्ष पूरे होने पर यूपीएस में अंतिम 12 महीनों के वेतन के औसत का आधा पेंशन तथा उसके साथ मंहगाई राहत भत्ता दिये जाने का प्रावधान किया गया है. 10 वर्षों की सेवा पर 10 हजार रुपये पेंशन मिलेगी. इसपर मंहगाई राहत भत्ता भी मिलेगा. 10 से अधिक 25 वर्षों से कम अवधि की सेवा के लिए उसी अनुपात में पेंशन मिलेगी. पेंशनधारी की मृत्यु होने पर उसकी मूल पेंशन की 60 प्रतिशत राशि पारिवारिक पेंशन के रूप में उसके आश्रित को मिलेगी.

## बिरसा हरित बागवानी योजना के नाम पर गड़बड़झाला, डाला गया फर्जी मस्टर रोल

**बरवाअड्डा, एजेंसी।** गोविंदपुर प्रखंड क्षेत्र में मनरेगा योजना के तहत चल रहे बिरसा हरित बागवानी योजना (बीएचबीवाइ) में फर्जी मस्टर रोल व गलत जमीन दिखाकर गड़बड़ी करने का मामला प्रकाश में आया है. मनरेगा के पोर्टल में दी गयी जानकारी के अनुसार बिराजपुर पंचायत में बिरसा हरित बागवानी योजना (बीएचबीवाइ) के तहत किरण देवी पति अरुण महतो के एक एकड़ भू-खंड में बिरसा हरित बागवानी योजना का काम चल रहा है. योजना संख्या

रोजगार सेवक ने मस्टर रोल संख्या 9969 में 10 व मस्टर रोल संख्या 9970 में 3 कुल 13 मजदूरों की मजदूरी निकासी के लिए फर्जी मस्टर रोल डाला है. इसमें मजदूरों को फर्जी तरीके से काम करते दिखाया गया है. जबकि इनमें से कई मजदूर दूसरी जगह काम कर रहे हैं. बुधवार को एक सप्ताह पूरा होने पर मजदूरों को मजदूरी का भुगतान किया जायेगा. इधर रोजगार सेवक के हड़ताल में रहने के बाद भी काम करने पर लोग सवाल कर रहे हैं.इस योजना का कार्यस्थल बिराजपुर गांव में दिखाया गया है. जबकि किरण देवी की बिराजपुर में जमीन नहीं है. ऐसे में किरण देवी के नाम से बिराजपुर में बिरसा हरित बागवानी योजना का क्रियान्वयन फर्जी है. नियमतः यदि स्थल चयन में गड़बड़ी हुई है तो सुधार करने के बाद ही काम करना है. लेकिन इस मामले में ऐसा नहीं किया गया है. सूत्र बताते हैं कि बिचौलिए महिला, छात्र व नौकरी पेशा लोगों का लेबर कार्ड बनाकर अपने पास रख लेते हैं. फिर इस लेबर कार्ड का उपयोग फर्जी तरीके से राशि निकासी करने में करते हैं.मधुगोड़ा गांव निवासी हीरालाल महतो का लेबर कार्ड संख्या जेएच 21-003-011-011/176 है. हीरालाल ने बताया कि मैं एक टावर में काम करता हूं. मैंने किरण देवी के बागवानी योजना में काम नहीं किया है. मुझे मजदूर दिखाकर मेरे नाम से मास्टर रोल डाले जाने की जानकारी मुझे नहीं है. वहीं राजेश कुमार का लेबर कार्ड संख्या जेएच 21-003-011-011/682 है. राजेश ने बताया = फिलहाल मैं प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी कर रहा हूं. मैंने किरण देवी के बागवानी योजना में काम नहीं किया है. मास्टर रोल में मेरा नाम है इसकी जानकारी मुझे नहीं है.हड़ताल में रहने के बाद भी कैसे काम कर रहे हैं, के सवाल पर रोजगार सेवक विश्वजीत चौधरी ने कहा कि मैं हड़ताल पर नहीं हूं. किरण देवी ने कागजात दिया है.

# विचार-मंथन

## संपादकीय

# पेंशन पर उलझन दूर

सरकारी कर्मचारियों के लिए शनिवार को घोषित एकीकृत पेंशन स्कीम (पीएस) को सही अर्थों में मध्यम मार्ग का एक अच्छा उदाहरण कहा जा सकता है। इस स्कीम के जरिए सरकार ने जहां कर्मचारियों के भविष्य से जुड़ी असुरक्षा दूर करने की कोशिश की है, वहीं बजट पर पड़ने वाले बोझ के अनुपात का भी ध्यान रखा है। निश्चित रूप से इस कदम का चुनावी पहलू खासा अहम है। हालांकि इसके पीछे सोच-विचार की लंबी प्रक्रिया दिखती है। केंद्र सरकार ने पेंशन स्कीम पर विचार करने के लिए अप्रैल 2023 में ही तत्कालीन वित्त सचिव टीवी सोमनाथ की अध्यक्षता में एक समिति बना दी थी। व्यापक विचार-विमर्श के बाद समिति ने अपनी सिफारिशें दीं, जिन पर कैबिनेट ने शनिवार को मुहर लगा दी। मगर यह मंजूरी ऐसे समय दी गई जब हरियाणा और जम्मू-कश्मीर के लिए विधानसभा चुनाव की तारीखें घोषित हो चुकी हैं। महाराष्ट्र, झारखंड और दिल्ली में अगले कुछ महीनों में चुनाव होने तय हैं। मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस ने कई विधानसभा चुनावों में ओल्ड पेंशन स्कीम की वापसी को प्रमुख मुद्दा बनाया था। हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस को मिली जीत के पीछे इस मुद्दे की प्रमुख भूमिका मानी गई थी। हालांकि मध्य प्रदेश और राजस्थान जैसे राज्यों के चुनाव नतीजों पर इसका खास असर नहीं देखा गया। एक्सपर्ट्स की तरफ से यह भी कहा जा रहा था कि ओल्ड पेंशन स्कीम देश भर में फिर से लागू करने का विचार इकॉनमी के लिहाज से खासा नुकसानदेह हो सकता है। संभवत- इन्हीं वजहों से कांग्रेस ने भी लोकसभा चुनावों में इसे उठाने से परहेज किया। इन सबके बावजूद नई पेंशन योजना खास तौर पर सरकारी कर्मचारियों के बीच बेचैनी की वजह बनी हुई थी। माना जा रहा था कि सरकारी सेवा में पूरी जिंदगी खपाने वालों को सेवानिवृत्ति के बाद जिस तरह की आर्थिक सुरक्षा मिलनी चाहिए, वह न्यू पेंशन स्कीम नहीं दे पा रही। कुछ विधानसभा चुनावों में कांग्रेस द्वारा इसे जोर-शोर से उठाने के चलते, सही या गलत, पर यह परसेप्शन भी बना हुआ था कि इस मसले पर कांग्रेस का रुख सहानुभूतिपूर्ण है। इसे बदलना सरकार और सत्तारूढ़ दल को जरूरी लग रहा था। यूनिफाइड पेंशन स्कीम को इस लिहाज से एक ठोस कदम माना जा सकता है। फिक्स्ड पेंशन, अश्योर्ड फैमिली पेंशन, अश्योर्ड मिनिमम पेंशन और इन्फ्लेशन इनडेक्सेशन जैसे फीचर्स इसे कर्मचारियों के लिए आकर्षक बनाते हैं। विपक्षी दलों की प्रतिक्रिया में भी इस फैसले की आलोचना करने के बजाय सरकार को इसके लिए मजबूर करने का श्रेय लेने का भाव ज्यादा दिख रहा है।

## मंकीपॉक्स की स्थिति चिंताजनक...

विश्व स्वास्थ्य संगठन ने मंकीपॉक्स बीमारी को लेकर विश्व स्तर पर स्वास्थ्य आपातकाल घोषित किया है। दो साल में दूसरी बार यह स्थिति पैदा हुई है और खासतौर पर अफ्रीका में मंकीपॉक्स की स्थिति चिंताजनक बताई जा रही है। चिंता की बात है कि वैज्ञानिकों ने विषमलैंगिक अंतरंग या यौन संपर्क से जुड़े संचरण समूहों का दस्तावेजीकरण किया है, जबकि 2022 के बहुदेशीय प्रकोप के दौरान ऐसा नहीं था। जेएएमए जर्नल के एक शोध पत्र के अनुसार, इन संक्रमणों के पीछे मंकीपॉक्स वायरस के क्लैड 1बी संस्करण को जिम्मेदार ठहराया जा सकता है। बुरुंडी, केन्या, रवांडा और युगांडा, ऐसे चार देश हैं, जहां संक्रमण ज्यादा है। खास बात है कि पिछली बार इन देशों में मंकीपॉक्स के मामले सामने नहीं आए थे। इस बार स्वीडन में भी संक्रमण का एक मामला दर्ज किया गया है, जिससे यूरोप में चिंता की लहर है। क्लैड1बी वायरस वास्तव में क्लैड वन वायरस की नई शाखा है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, यह पहली बार 2023 में कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य में दर्ज किया गया था। कहा जाता है कि लोगों के बीच यह यौन संपर्क से फैल रहा है। हालांकि, इसके फैलने के दूसरे माध्यम भी हो सकते हैं। आशंका जताई जा रही है कि वायरस का नया संस्करण गंभीर बीमारी और उच्च मृत्यु दर की वजह बन सकता है। वैज्ञानिक जोखिम का अध्ययन कर रहे हैं। शुरुआती अध्ययन से पता चलता है कि वायरस के नए संस्करण से वयस्कों में पांच प्रतिशत और बच्चों में 10 प्रतिशत तक जोखिम है। मतलब बच्चों को विशेष रूप से संभालने की जरूरत है। वास्तव में, यह मानव की बिगड़ती जीवन शैली के साथ ही बिगड़ते आचरण का भी मामला है। बड़ी संख्या में ऐसे लोग हैं, जो अपने आचरण को ज्यादा महत्व नहीं देते हैं। उनके लिए भोग-उपभोग ही सब कुछ है, इसके लिए वे किसी भी संयम या सीमा को नहीं मानते हैं। ध्यान देने की बात है कि मंकीपॉक्स वायरस पहली बार 1958 में डेनमार्क के कोपेनहेगन में एक पशुघर में फैला था।

# समस्या से समस्या जनता देश

**(शशि शेखर)**

रांची के अनिमुद्दीन अंसारी और उनकी पत्नी से मिलिए। ये वे बदनसीब हैं, जो 200 किलोमीटर का दुरूह सफर तय कर यहां राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान (रिम्स) में इलाज कराने आए थे। उन्हें क्या पता था कि डॉक्टर हड़ताल पर हैं और अगले 10 दिन उनकी जिंदगी एक ऐसे नरक से गुजरेगी, जिसकी उन्हें कल्पना तक न थी। श्रीमती अंसारी के हाथ पर प्लास्टर है और वह तमाम अन्य रोगों की शिकार हैं। उन्हें लगता था कि यहां निःशुल्क और अच्छा इलाज हो जाएगा। हुआ उलटा। हड़ताल की वजह से वे अस्पताल के गलियारे में पड़े रहने को अभिशप्त हो गए। रांची में बसर लायक पैसे उनके पास थे नहीं, पर गरीब की उम्मीद ही उसकी जिंदगी होती है। 'हिन्दुस्तान' में उनकी पीड़ा प्रकाशित होने के बाद आला चिकित्सा अधिकारियों की नजर उन पर पड़ी और उन्हें माकूल इलाज मिल सका। यह कहानी अकेले अंसारी दंपति की नहीं है। समूचे देश में, जहां भी डॉक्टर हड़ताल पर थे, यही हाल था। कहीं कोई गर्भवती इलाज के लिए तड़प रही थी, तो कहीं किसी नवजात की प्राण-रक्षा के लिए इमदाद की जरूरत थी, पर 'हिप्पोक्रेटिक ओथ' से बंधे डॉक्टर पसीज नहीं रहे थे। क्या उनकी मांग नाजायज थी? यकीनन नहीं। कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में जो हुआ, वह अकल्पनीय, असहनीय और अस्वीकार्य है। उसके दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा मिलनी ही चाहिए, लेकिन इसका यह मतलब नहीं कि समूचे देश के ज्यादातर डॉक्टर लंबे समय के लिए काम से अपने हाथ खींच लें? इसमें कोई दोराय नहीं कि डॉक्टरों और खासकर महिला चिकित्सकों को खास सुरक्षा की आवश्यकता है। मैं यहां डॉक्टरों के साथ समूचे पैरा-मेडिकलकर्मी दल को जोड़ना चाहूंगा। वे डॉक्टरों से कहीं अधिक संवेदनशील स्थिति में कार्य करते हैं। उन्हीं को मरीजों की तीमारदारी करनी होती है। वे ही प्रारंभिक चिकित्सा करते हैं और उन्हीं पर डॉक्टर के निर्देश के पालन की जिम्मेदारी होती है। यही वजह है कि वे मरीजों और

> *अब पढ़ी-लिखी माएं अपनी बेटियों को बचपन से ही 'गुड टच' और 'बैड टच' का फर्क बताती हैं। इसका लाभ भी हुआ है। छोटे बच्चों ने उन तमाम दुराचारियों को, जो रिश्तों की खाल ओढ़कर उनका शोषण कर रहे थे, बेपर्दा किया है। अब इस सिलसिले को मुकाम तक पहुंचाने की जरूरत है। जो लोग पुरुष प्रधान समाज का रोना रोते रहते हैं।*

उनके परिजनों के गम या गुस्से का पहला शिकार बनते हैं। डॉक्टरों की बात करते समय हमें अस्पतालों की संपत्ति और वहां काम करने वाले सभी लोगों की सलामती की चर्चा करनी ही होगी, लेकिन हम संपूर्ण विमर्श के अभ्यस्त कहां? यही वजह है कि डॉक्टरों की इस लंबी हड़ताल ने एक और जरूरी मुद्दे को मुकाम तक पहुंचने से रोक दिया। यह मुद्दा है, महिला सुरक्षा का। आपको याद होगा। वर्ष 2012 में जब 'निर्भया' के साथ दिल्ली में दरिंदगी हुई थी, तब पूरा देश अपनी उस बेटी के पक्ष में उठ खड़ा हुआ था। उस समय जो कठोर कानून बनाए गए, उससे ये आशंकाएं भी पैदा हुई थीं कि उनका दुरुपयोग किया जा सकता है। मुझे याद है कि एक सांसद ने राज्यसभा में बहस के दौरान कहा था कि मान्यवर, इसका दुरुपयोग हम सभी के खिलाफ किया जा सकता है, मगर उन जैसों की बातों पर कान नहीं दिया गया। संसद जन-भावनाओं का आईना होती है। उस उबलते वक्त में ऐसा कानून तो पास होना ही था। इस कानून के कारण क्या बलात्कार रुक गए? आरजी कर अस्पताल की घटना गवाह है कि बलात्कार, हत्या और ऐसे अन्य जघन्य अपराध कानूनों से नहीं, सिर्फ सामाजिक चेतना के जरिये रोके जा सकते हैं। समय आ गया है, जब हम प्राथमिक कक्षाओं से ही समाज में सही तरीके से रहने के तौर-तरीकों का प्रशिक्षण शुरू करें। निर्भया की घटना के बाद से एक सकारात्मक परिवर्तन शायद आपने भी महसूस किया हो। अब पढ़ी-लिखी माएं अपनी बेटियों को बचपन से ही 'गुड टच' और 'बैड टच' का फर्क बताती हैं। इसका लाभ भी हुआ है। छोटे बच्चों ने उन तमाम दुराचारियों को, जो रिश्तों की खाल ओढ़कर उनका शोषण कर रहे थे, बेपर्दा किया है। अब इस सिलसिले को मुकाम तक पहुंचाने की जरूरत है। जो लोग पुरुष प्रधान समाज का रोना रोते रहते हैं, उन्हें भी यह मालूम होना चाहिए कि समाज में पुरुष और महिला, दोनों बराबर के भागीदार हैं। बलात्कार होने के बाद कई बार घर की महिलाओं की भूमिका भी कानून के पक्ष में नहीं पाई गई है। अगर हमें शुरू से इसकी शिक्षा मिलेगी, तो प्रतिरोध की संपूर्ण शुरुआत परिवार से ही हो सकेगी। पर्याप्त सामाजिक जागरूकता के बाद ही राजनीति के उन ठेकेदारों की भी खबर ली जा सकेगी, जो हर विभीषिका को अपने स्वार्थ के लिए इस्तेमाल के लती हो चुके हैं। याद करें, जो आज कोलकाता में हो रहा है, वही कल हाथरस में हुआ था। हाथरस से पहले बदायूं में हमने ऐसा ही गुस्सा देखा था। यह किसी एक दल अथवा नेता की हुकूमत का मामला नहीं है। यह भारत की बच्चियों से जुड़ा मुद्दा है और इस पर सियासत नहीं, संजीदगी की जरूरत है। उनके इतने हो-हल्ले और कोलकाता की रोंगटे खड़े कर देने वाली घटना के बाद देहरादून, पुणे और मुजफ्फरपुर सहित देश के विभिन्न हिस्सों में बच्चियों के साथ दुराचार के तमाम मामले सामने आए। मसलन, 11 अगस्त को बिहार के मुजफ्फरपुर जिले में एक दलित किशोरी को रात्रि में गुंडे उठा ले गए। बाद में उसका शव बुरी हालत में पाया गया। पुलिस का कहना है कि यह निजी प्रेम प्रसंग का मामला है। प्रेम प्रतिशोधी हो जाए, तब भी ऐसी हिंसा को कैसे कमतर ठहराया जा सकता है? इसी तरह, 12 अगस्त को देहरादून के अंतरराज्यीय बस अड्डे पर पांच लोगों ने एक किशोरी की अस्मत लूट ली। ये सभी उत्तराखंड राज्य सड़क परिवहन निगम के कर्मचारी हैं। यह कांड सरकारी बस में हुआ। सरकारी स्थान पर हुआ और जहां हुआ, वहां 30 से अधिक कैमरे स्थापित हैं। निजी गार्ड की व्यवस्था है। इसके बावजूद भेड़ियों का झुंड अपनी मनमर्जी कर गया। कैसे? हम ऐसी घटनाओं से बजबजा ही रहे थे कि अगले दिन यानी 13 अगस्त को महाराष्ट्र के पुणे जिले में एक नया मामला सामने आ गया। वहां एक नामचीन स्कूल में चार और छह साल की दो अबोध बच्चियों का एक सफाईकर्मी ने यौन उत्पीड़न किया। इनमें से एक बच्ची ने स्कूल जाने से मना किया और जब उसकी मां ने पूछा, तो तीन दिन बाद इस सानिहे की जानकारी हो सकी। बदलापुर में तो लोग इससे आक्रोश में आ गए और उन्होंने ट्रेन का चक्का जाम कर दिया। घंटों तक न कोई ट्रेन आई और न ही गई। दुर्व्यवहार की शिकार उन बच्चियों को इंसाफ अपनी गति से ही मिलेगा, लेकिन हजारों ट्रेन यात्री इस प्रदर्शन से सांसत में पड़ गए। हमारा देश एक संकट से दूसरा संकट जनने का अभ्यस्त हो चुका है।

# शिक्षा जगत की खामियों से मुक्ति पाने का हो यह साल

**(अलख पांडे, शिक्षक एवं उद्यमी)**

पिछले दिनों पेरिस ओलंपिक में हमारे खिलाड़ियों ने अपनी कामयाबी से पूरी दुनिया का ध्यान खींचा, तो यहां भारत में हमने अंग्रेजों से मिली आजादी के सफल 77 वर्षों का जश्न मनाया। यह इस बात पर चिंतन करने का उचित मौका है कि हमारे राष्ट्र ने अपने नौजवानों की जरूरतों को कैसे पूरा किया है? क्या हमने एक समाज के रूप में ऐसा माहौल बनाया है, जिसमें सफलता को बढ़ावा दिया जाता है? क्या आर्थिक मुश्किलों की चिंता किए बगैर सबको गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल पा रही है? हाल के पेपर लीक विवाद ने हमारी शिक्षा प्रणाली की गंभीर खामियों को बेपरदा किया है। अगर इसमें छात्रों की खुदकुशी के बढ़ते मामलों का मसला भी जोड़ दें, तो ये मुद्दे एक ऐसे तंत्र की ओर इशारा करते हैं, जो छात्रों की जरूरतों को पूरा करने में विफल दिख रहा है। इन खामियों को दूर करने के लिए हमें सबसे पहले ज्यादातर भारतीय छात्रों के सच को समझना होगा। उनके लिए अच्छी शिक्षा का मतलब है, 'आर्थिक बलिदान', मतलब माता-पिता की सर्जरी को टालते जाना या कर्ज लेना, जो परिवार को बर्बादी के कगार पर पहुंचा देता है। मैं अपने निजी अनुभव से उनके संघर्ष को समझ सकता हूं। मेरा जन्म 90 के दशक में उत्तर प्रदेश में हुआ था और मेरे परिवार को गंभीर मुश्किलों से लड़ना पड़ा। यहां तक कि जीवित रहने के लिए हमने अपना घर तक बेचा। इन संघर्षों ने मुझे उद्यमिता की ओर प्रेरित किया और साल 2016 में मैंने 'फिजिक्स वाला' की नींव रखी। मैं अपनी इस सफलता को एक अपवाद मानता हूं। वास्तव में, ऐसे किसी मंच की जरूरत यदि है, तो इसका साफ अर्थ है कि बच्चों को गुणवत्तापूर्ण और किफायती शिक्षा नहीं मिल पा रही है। जाहिर है, हमें अपनी शिक्षा प्रणाली की चुनौतियों का आकलन करना होगा। इतिहास में झांकें, तो भारत अंकगणित से लेकर खगोल विज्ञान तक विद्वानों की भूमि रहा है। ज्ञान की खोज में भारत आने वाले विदेशी विद्वानों की कहानियां हम जानते ही हैं। भारत विश्वगुरु का वह रुतबा फिर से हासिल कर सकता है। इस लक्ष्य तक पहुंचने की सिफारिश कोठारी आयोग, 1966 ने अपनी रिपोर्ट में एक समान स्कूली प्रणाली (सीएसएस) के माध्यम से की थी। इसके तहत सभी सरकारी, अनुदानित और मान्यता प्राप्त निजी स्कूलों को समान मानकों के तहत एकीकृत करने की बात कही गई थी, ताकि सबको समान शिक्षा मिल सके। पिछले तीन दशकों में शिक्षण संस्थानों की संख्या में चार गुना वृद्धि तो हुई, पर उच्च नामांकन दर एक क्षणभंगुर सफलता ही है, क्योंकि सिर्फ 15 फीसदी छात्र हाईस्कूल जा पाते हैं और सात फीसदी स्नातक कर पाते हैं। देश की 20 फीसदी आबादी निरक्षर है, जो शिक्षा तंत्र की विफलता का साफ संकेत है। आज भारत में विश्व का तीसरा सबसे बड़ा शिक्षा तंत्र है। हमसे आगे सिर्फ चीन और अमेरिका हैं। फिर भी, ज्यादातर उच्च शिक्षण संस्थाएं आम जनता की जरूरतें पूरी नहीं करतीं। ऐसे में, राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 से उम्मीदें स्वाभाविक हैं, जो आलोचनात्मक नजरिया, रचनात्मकता, व्यावसायिक प्रशिक्षण और बहु-विषयक शिक्षा पर जोर देते हुए सुधार का मार्ग प्रशस्त करती है। हालांकि, इस राह में शिक्षकों की कमी एक बड़ी रुकावट बन सकती है। साल 2023 में देश के 45 केंद्रीय विश्वविद्यालयों में शिक्षकों के 30 फीसदी से भी ज्यादा पद खाली पड़े थे। अच्छे शिक्षक बेहतर मौके की तलाश में विदेशी विश्वविद्यालयों का रुख करने लगे हैं। शिक्षा प्रणाली में सुधार से देश के विकास पर दूरगामी प्रभाव पड़ेगा। दुनिया की सर्वाधिक आबादी वाले देश भारत में 68 फीसदी जनसंख्या आज 15 से 64 आयु-वर्ग की है। हमारी औसत उम्र 28.4 फीसदी है, जो चीन या अमेरिका से कम है। फिर भी यदि उद्योगों में कुशल कामगारों की कमी महसूस की जा रही है, तो मतलब यही है कि शिक्षा और प्रशिक्षण में हम कहीं न कहीं चूक कर रहे हैं। राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (एनएसडीसी) के प्रयासों के बावजूद हम इस अंतर को पाट नहीं पा रहे हैं।

## सुडोकू पहेली क्रमांक- 5475

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | | 6 | | 2 | | | | |
| | 8 | | 4 | | | | 9 | 3 |
| 3 | | | | 8 | 5 | | | 2 |
| 7 | | 9 | | | | | | 8 |
| | 5 | | | 7 | | | 4 | |
| 6 | | | | | | 7 | | 1 |
| 9 | | | 2 | 4 | | | | 5 |
| 2 | 6 | | | | 8 | | 7 | |
| | | | | 3 | | 1 | | 9 |

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 5474

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 9 | 8 | 7 | 5 | 6 | 4 | 3 | 2 |
| 3 | 2 | 6 | 1 | 9 | 4 | 8 | 5 | 7 |
| 5 | 4 | 7 | 3 | 2 | 8 | 1 | 6 | 9 |
| 2 | 6 | 9 | 5 | 1 | 7 | 3 | 8 | 4 |
| 7 | 1 | 3 | 4 | 8 | 9 | 5 | 2 | 6 |
| 4 | 8 | 5 | 6 | 3 | 2 | 7 | 9 | 1 |
| 9 | 3 | 2 | 8 | 4 | 1 | 6 | 7 | 5 |
| 6 | 5 | 4 | 9 | 7 | 3 | 2 | 1 | 8 |
| 8 | 7 | 1 | 2 | 6 | 5 | 9 | 4 | 3 |

## वर्ग पहेली 5475



**संकेतः बाएं से दाएं**

1. 2014 को कोइवों मोरालेस दोबारा इस दो के राष्ट्रपति चुने गए (4)
4. मक्के की एक इमारत जिसे मुस्लिम ईश्वर का घर मानते है (2)
5. हुल्लड़, धमा चौकड़ी (3)
6. अग्रीय, अग्रिक (3)
8. हमला, चढ़ाई, धावा, आक्रमण (4)
10. नासमझ, अनुभवहीन सरल (3)
12. मित्र, दोस्त, प्रेमपात्र (3)
15. गुणनफल, अपराध, आदि करने के लिए उपयुक्त अवसर (2)
16. मनोज कुमार-शर्मिला टैगोर अभिनीत 1966 की एक सफल फिल्म (6)
20. हिंदी के बारह महिनों में से एक (3)
21. लार, लुआबा (2)
23. पश्चिमी अफ्रीका का देश जिसकी राजधानी अकरा है (2)
24. प्रारंभ, आगाज, कार्य आरंभ (2)

**ऊपर से नीचे**

1. ज्ञान होना, प्रबुद्ध होना, सूझना (4)
2. दक्षिणी अमेरिका के प्रशांत तट पर स्थित देश पेरू की यह राजधानी है (2)
3. सम्मिश्रण, सम्मिलन, विलीनन (4)
4. पहले वाराणसी(बनारस) का नाम यह था (2)
6. पुरानी फिल्मों के दिवंगत हास्य अभिनेता (1937-89) निधन 30 अप्रैल 1992 को हुआ (2)
7. अनुसार, काव्य समस्या, कार्यविधि (3)
9. अंतिम अवसर, दशा, संयोग (3)
11. दानवों के गुरू होने के कारण शुक्राचार्य का एक नाम (5)
13. जमीन नापने की एक प्राचीन इकाई (2)
14. धनराज पिल्लै नाम इस खेल के साथ जुडा है (2)
16. पुरूषों के सिर का एक परिधान, पगड़ी (2)
17. महिला ईसाई पादरी को यह कहते है (2)
18. वंश, कुल, खानदान (3)
19. लकड़ी, भूसे आदि की दुकान (2)
22. बृहस्पति का नाम, कला सिखलाने वाला व्यक्ति (2)

### वर्ग पहेली 5474 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ने | पा | ल | | नौ | गां | व | |
| क | र | वा | | सा | व | न | |
| रा | | | शा | द | | ज | न |
| य | मु | ना | | र | फू | | ट |
| | का | ल | का | | ल | | ख |
| वा | द | | न | य | न | प | ट |
| द | म | | पु | | दे | र | |
| क | | मो | र | | वी | | |

# आज का राशिफल

### मेष
आज दिन शुभ है और आपका दिन शुभ कार्य में बीतेगा। दूसरों की सहायता करने से आपको संतुष्टि प्राप्त होगी और आपका मन काफी प्रसन्न होगा। किसी सांसारिक सुख के मिलने से आपको हर्ष होगा और परिवार के साथ इसकी खुशी मनाएंगे। ऑफिस में आपके अधिकारों में वृद्धि होने से कुछ साथी आपसे जलन महसूस करेंगे।

### वृष
आज लाभ और सम्मान से भरा होगा और सभी योजनाएं सफल होंगी। आपकी कोई पुरानी महत्वाकांक्षा पूर्ण होने से खुशी होगी। कोई भी बात संभलकर करें वरना आपका किसी उच्चाधिकारी से वाद विवाद हो सकता है। शाम के समय योजनापूर्ति से लाभ होगा। आपके घर में अतिथि के आगमन से खर्च बढ़ना संभव है।

### कर्क
आज दिन भाग्यशाली रहेगा और आपकी किस्मत भरपूर साथ देगी। किसी महान सफलता से हर्ष होगा और अधिकारियों से सहयोग मिलेगा। बड़ी मात्रा में रुपया हाथ में आने से संतोष होगा और आपको दिन के उत्तरार्द्ध में लाभ होगा। कहासुनी होने पर किसी प्रकार का तनाव न लें। रात का वक्त आनंद में बीतेगा।

### सिंह
आज करियर में लाभ होगा और आपको संतुष्टि का अनुभव होगा। दिन आपके लिए हर्षदायक है। जो लोग कारोबार कर रहे हैं उनके लिए दिन सफलता से भरा होगा। कुछ लोगों को करियर में अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा। कार्यक्षेत्र में मान प्रतिष्ठा बढ़ेगी और बॉस की तरफ से तारीफ सुनने को मिलेगी। आपको धन लाभ होने से खुशी होगी।

### मिथुन
आज हर मामले में बहुत ही सावधानी से काम करने की जरूरत है। धैर्य और मृदु व्यवहार से वातावरण को हल्का करने में कामयाब होंगे और प्रिय लोगों से मदद पाने में सफल होंगे। शाम के वक्त किसी दूसरे के कारण आपको कुछ परेशानी हो सकती है।

### कन्या
आज किसी नई डील से आपको अचानक धन लाभ होगा और एक साथ बहुत सारा पैसा मिलने से आपका बैंक बैलेंस अचानक से बढ़ जाएगा। दोस्ती में किसी पर आंख बंद करके यकीन न करें, वरना आपको नुकसान हो सकता है।

### तुला
आज भाग्य साथ दे रहा है और आपको सफलता प्राप्त होगी। करियर में मनचाहा फल प्राप्त होगा और राजनीतिक गतिविधियों में रुकावट आ सकती है। दोपहर बाद कुछ नया करने के बारे में सोच सकते हैं। आपको अच्छे कार्य करने से लाभ होगा और रुका पैसा मिलने से आपकी पुरानी योजनाएं फिर से शुरू हो जाएंगी। धन में वृद्धि होगी।

### वृश्चिक
आज करियर लाभ और सफलता प्राप्त होगी और आपका मन प्रसन्न होगा। व्यापार में पार्टनर्स आपका सहयोग करेंगे और आपको उनसे लाभ होगा। अच्छे कार्य में आपकी रुचि रहेगी और भाग्य भी आपका साथ देगा। नौकरीपेशा लोगों को उन्नति मिल सकती है। मन को शांत रखें और क्रोध करने से बचें। अत्यधिक श्रम से थकान हो सकती है।

### मकर
आज दिन मिलाजुला रहेगा। नौकरी में कोई अच्छा ऑफर मिल सकता है और किस्मत भी आपका साथ देगी। जो योजनाएं चल रही हैं उसमें थोड़ा सावधानी रखें। नौकरी में पदोन्नति के अवसर मिलेंगे और उनसे जुड़ी योजनाएं सफल होंगी। सोचे गए संकल्पित कार्य सिद्ध होंगे और कारोबार में अच्छी कमाई होने से मन प्रसन्न रहेगा।

### कुंभ
आज दिन फायदा देने वाला है। आपके सुख में वृद्धि होने के योग हैं और करियर में सफलता मिलने से मन प्रसन्न होगा। हर कार्य में जीवनसाथी का सहयोग प्राप्त होगा। व्यवसायिक प्रयास फलीभूत होंगे और आपकी मान प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। शाम को परिवार के साथ किसी यात्रा पर जाने के योग बन रहे हैं। कोई मूल्यवान वस्तु चोरी होने से आप दुखी रहेंगे। बड़ा नुकसान हो सकता है। सतर्क रहें।

### धनु
आज दिन सफलता से भरा होगा और आपको हर मामले में लाभ होगा। करियर के मामले में नए अवसर प्राप्त होंगे। ऑफिस में थोड़ा सा संभलकर काम करें, वरना किसी से विवाद और अनबन हो सकती है। आप शत्रुओं पर विजय प्राप्त करेंगे। आप अपने घर को सजाने के लिए शॉपिंग करने जा सकते हैं और शुभ कार्य पर आपका खर्च होगा।

### मीन
आज भाग्य का भरपूर साथ मिलेगा और कारोबार में उत्तम संपत्ति की प्राप्ति होगी। समाज में मान प्रतिष्ठा बढ़ेगी और भाग्य मजबूत होगा। जिम्मेदारियां बढ़ने से आप थोड़ा असहज हो सकते हैं। घबराएं नहीं और अपने काम पर फोकस करें। पुराने मित्रों से मिलकर आपको खुशी होगी और नए कार्य संपन्न होंगे।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, (डी वी कार्पो. लि.) उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, पटना में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित
**संपादक- श्रीराम अम्बष्ट**, उप संपादक- **साकेत अम्बष्ट** फोन/फैक्स-06186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, **RNI-BIHHIN/1998/3009**

## संक्षिप्त समाचार



### पत्नी से माफी मांगी, पासवर्ड और बैंक डिटेल भी बताए, फिर नोएडा में 15वीं मंजिल से नीचे कूद गया इंजीनियर

**नोएडा, एजेंसी।** नोएडा सेक्टर-75 स्थित पंचशील प्रतिष्ठा सोसाइटी के 15वीं मंजिल पर बने फ्लैट की बालकनी से कूदकर आईटी इंजीनियर ने मंगलवार को जान दे दी। पुलिस को मृतक के पास से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। आत्महत्या का कारण जानने के लिए सेक्टर-113 थाने की पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया है। मृतक के परिजनों को भी घटना की जानकारी दे दी गई है। एसीपी शैव्या गोयल ने बताया कि पंचशील प्रतिष्ठा सोसाइटी के टावर संख्या आठ के फ्लैट नंबर 1508 में 36 वर्षीय पंकज पत्नी और बच्चे के साथ रहते थे। मंगलवार शाम 3 बजे के करीब 15वीं मंजिल से कूदकर पंकज ने आत्महत्या कर ली। किसी के गिरने की आवाज सुनकर सोसाइटी के सिक्योरिटी गार्ड भागकर घटनास्थल पर पहुंचे, लेकिन तब तक पंकज की मौत हो चुकी थी। पंकज सेक्टर-126 स्थित एक कंपनी में आईटी इंजीनियर थे। पुलिस सोसाइटी के अंदर लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज को खंगाल रही है। जिस समय हादसा हुआ पंकज की पत्नी जालंधर गई हुई थीं। पत्नी को भी घटना की जानकारी दे दी गई है। वह नोएडा के लिए निकल चुकी हैं। बताया जा रहा है कि मैसेज और मेल के माध्यम से पंकज ने घटना के पहले पत्नी से संवाद भी किया था। मेल में पंकज ने अपने लैपटॉप समेत पासवर्ड और बैंक संबंधी जानकारी पत्नी को दी है। आत्महत्या के लिए इंजीनियर ने पत्नी से माफी भी मांगी है। जिस स्थान पर आईटी इंजीनियर ऊंचाई से गिरा वहां चारों तरफ खून फैला हुआ था। इस मामले में मृतक पक्ष की ओर से अब तक संबंधित थाने में कोई शिकायत भी नहीं दी गई है। स्थानीय लोगों के मुताबिक, पंकज बीते कुछ दिनों से डिप्रेशन की दवा भी ले रहे थे। वह मूलरूप से पंजाब जालंधर के रहने वाले थे।

### इन्फ्लुएंसर्स पर मेहरबान योगी सरकार; योजनाओं के प्रचार वाले ट्वीट, रील



**लखनऊ, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार ने यूपी डिजिटल मीडिया नीति 2024 का ऐलान कर दिया। योगी सरकार की नीति एक्स, इंस्टाग्राम, फेसबुक, यू-ट्यूब जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अच्छा-खासा फॉलोअर रखने वाले इन्फ्लुएंसर्स पर मेहरबान है। सोशल मीडिया के इन्फलुएंसर यूपी सरकार की योजनाओं और उपलब्धियों का गुणगान और बखान करके हर महीने 2 से 8 लाख रुपए तक की कमाई कर सकते हैं। सरकार ने इसके लिए फॉलोअर या सब्सक्राइबर संख्या के आधार पर इन्फ्लुएंसर्स की चार श्रेणियां (कैटेगरी) बनाई है। इन्हें सरकारी योजनाओं का प्रचार-प्रसार करने पर प्रति माह अलग-अलग निर्धारित रेट पर भुगतान की व्यवस्था की गई है। मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव संजय प्रसाद ने एक बयान में कहा है कि यूपी डिजिटल मीडिया पॉलिसी 2024 के जारी होने से देश-विदेश में रह रहे यूपी के लोगों को बड़ी संख्या में रोजगार का मौका भी मिलेगा। इस नीति का फायदा उठाने के लिए एजेंसी या इन्फ्लुएंसर्स को सरकार के पास रजिस्टर करना होगा जिसके बाद उन्हें विज्ञापन जारी होंगे। सरकार का मकसद है कि डिजिटल मीडिया के जरिए विकास और जन कल्याण की योजनाओं के साथ-साथ उपलब्धियों का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए। यूपी डिजिटल मीडिया नीति 2024 के तहत एजेंसी या इन्फ्लुएंसर्स को सरकार की योजनाओं और उपलब्धियों पर कंटेंट, वीडियो, ट्वीट, पोस्ट और रील्स बनाने हैं जिसके लिए उन्हें नकद भुगतान के जरिए प्रोत्साहित किया जाएगा।

# प्रवासी कार्यकर्ताओं का अनुभव हरियाणा में भाजपा की तीसरी बार सरकार बनाने में करेगा मदद: नायब सैनी

**चंडीगढ़, एजेंसी।**
रोहतक के भाजपा प्रदेश कार्यालय ''मंगल कमल'' में पड़ौसी राज्यों से आए प्रवासी कार्यकर्ताओं की बैठक में बोलते हुए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि कार्यकर्ता हमारी सबसे बड़ी ताकत है और कार्यकर्ताओं की मेहनत से भाजपा हरियाणा में हैट्रिक लगाने जा रही है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता विधानसभा चुनाव में तीसरी बार कांग्रेस का सफाया करेंगे। दिल्ली, राजस्थान, उत्तर प्रदेश से आए प्रवासी कार्यकर्ताओं का स्वागत करते हुए सीएम सैनी ने कहा कि आप सभी लोग अनुभवी हैं, चुनाव लड़ने और चुनाव लड़ाने का अनुभव हैं। उन्होंने कहा आप सभी समर्पित कार्यकर्ताओं की मेहनत और अनुभव से तीसरी बार हरियाणा में भाजपा की सरकार बनेगी। प्रवासी कार्यकर्ताओं की इस बैठक में केंद्रीय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल, प्रदेश प्रभारी डा. सतीश पूनिया, प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल कौशिक, संगठन मंत्री फणीन्द्रनाथ शर्मा, प्रदेश महामंत्री डा. अर्चना गुप्ता आदि मौजूद रहे।



नायब सैनी ने कहा कि पहले भी चुनाव के दौरान भाजपा के सभी चुनाव में सहयोग करने आए प्रवासी कार्यकर्ताओं, नेताओं, पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों का कार्य सराहनीय और प्रशंसनीय रहा है। हरियाणा के इस चुनावी समर में आप लोगों का योगदान भी काफी महत्वपूर्ण रहने वाला है। उन्होंने कहा कि हरियाणा के अंदर दूसरे राज्यों से आए प्रवासी काफी संख्या में रहते हैं। हरियाणा ऐसा राज्य है जहां प्रवासी भाईयों का पूरा मान और सम्मान होता है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों से आह्वान करते हुए कहा कि यहां के कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर आप लोग प्रवासी लोगों से मिलें और उन्हें पार्टी की नीतियों से अवगत कराएं तथा चुनाव में भाजपा के पक्ष में मतदान करने के लिए प्रेरित करें।

मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि भाजपा का कार्यकर्ता, साल के हर दिन, चौबीसों घंटे देश की सेवा करता है। अब चुनाव में समय कम बचा है, इसलिए सभी लोगों को नई ऊर्जा, नए जोश के साथ काम करना है। मुख्यमंत्री ने सभी प्रवासी कार्यकर्ताओं को सरकार की उपलब्धियों के बारे में भी बताया। उन्होंने कहा कि हरियाणा में भाजपा सरकार ने व्यवस्था परिवर्तन कर सुशासन स्थापित किया है। हरियाणा में युवाओं को बिना पर्ची और बिना खर्ची के योग्यता के आधार पर नौकरियां दी है।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि हरियाणा देश का पहला ऐसा राज्य है जहां किसानों की 100 प्रतिशत फसल को एमएसपी पर खरीदने की गारंटी भाजपा सरकार ने दी है। हरियाणा की भाजपा सरकार ने युवाओं, गरीबों, महिलाओं और किसानों के हित में अनेकों योजना बनाकर उनका मजबूती से विकास किया है और सशक्त बनाया हैं। श्री सैनी ने सभी कार्यकर्ताओं से आग्रह करते हुए कहा कि आप लोग चुनाव के दौरान अलग-अलग स्थानों पर जाएंगे, इसलिए पार्टी की नीतियों से भी लोगों को जोड़ने का काम करें। केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले 10 वर्षों में देशभर में ऐतिहासिक कार्य किए हैं। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने भी कम समय में अनेकों जनहित के निर्णय लिए हैं। मुख्यमंत्री नायब सैनी ऐसे सीएम हैं जिनके घर के दरवाजें लोगों के लिए 24 घंटे खुले रहते हैं। मुख्यमंत्री की कार्यशैली से लोग प्रभावित हैं। उन्होंने कहा कि आप सभी प्रवासी कार्यकर्ता और पदाधिकारी तीसरी बार भाजपा सरकार बनाने का सामूहिक प्रयास करते हुए भाजपा के पक्ष में मतदान कराएं। प्रवासी कार्यकर्ताओं का चुनाव प्रचार का अनुभव अवश्य ही भाजपा की तीसरी बार सरकार बनाने में काम आएगा। भाजपा के प्रदेश प्रभारी डा. सतीश पूनिया ने कहा कि प्रवासी कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रवाद की भावना के साथ चुनाव के दौरान कार्य किया है।

## आनंद मोहन ने दी राजस्थान बीजेपी में गुटबाजी को हवा



**जयपुर, एजेंसी।** राजस्थान बीजेपी में सबकुछ ठीक नहीं चल रहा है। पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र सिंह राठौड़ का कथित अपमान का मुद्दा गर्माया हुआ है। अब बिहार के नेता आनंद मोहन ने राजेंद्र राठौड़ की उपेक्षा का मुद्दा उठाकर गुटूबाजी को हवा दे दी है। बता दें हाल ही में प्रदेश प्रभारी राधा मोहन दास अग्रवाल ने राठौड़ के प्रति नाराजगी जाहिर की थी। उसके बाद से ही राठौड़ समर्थकों में गुस्सा है। अब बिहार के नेता आनंद मोहन ने राजेंद्र राठौड़ की उपेक्षा का उल्लेख कर गुटबाजी को हवा दे दी है।

दरअसल, राजधानी जयपुर के बिड़ला सभागार में आयोजित राजपूत करणी सेना के संस्थापक लोकेंद्र सिंह कालवी की जयंती समारोह को संबोधित करते हुए आनंद मोहन ने कहा कि राजेंद्र राठौड़ को राज्यसभा भेजना चाहिए। कहां- ऐरे-गैरे को राज्यसभा भेजने के बजाए.. सही आदमी को सम्मान मिले। आनंद मोहन ने इशारों में केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू को राज्यसभा बनाने का किया विरोध किया है। खास बात यह है कि जब आनंद मोहन की बात का राजेंद्र राठौड़ ने मुस्कराकर सहमति जता दी। उसी समय राजेंद्र राठौड़ के बगल में डिप्टी सीएम दिया कुमारी भी मौजूद थी। उल्लेखनीय है कि राजस्थान में राज्यसभा की एक मात्र सीट के लिए बीजेपी ने रवनीत सिंह बिट्ट को उम्मीदवार बनाया है। बिट्टू राज्यसभा के लिए निर्विरोध निर्वाचित हुए है।

हालांकि बिहार के दिग्गज नेता आनंद मोहन ने इसका विरोध किया है। उन्होंने आयोजन में राजस्थान में बीजेपी के हालातों पर चर्चा करते हुए कहा कि राजेंद्र राठौड़ की उपेक्षा ठीक नहीं है। आनंद मोहन का अब इस बयान का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।


उल्लेखनीय है कि हाल ही में हुई बीजेपी के सदस्यता अभियान की बैठक में कई सीनियर नेता, मंत्री और विधायक गायब रहे तो राजस्थान बीजेपी के प्रभारी राधा मोहनदास अग्रवाल ने क्लास ले ली। अग्रवाल ने सबसे अधिक क्लास वरिष्ठ नेता राजेंद्र राठौड़ की लगाई। राठौड़ बैठक में आए लेकिन बीच में ही चले गए। अग्रवाल ने प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ से कहा कि वो पूछे राठौड़ बैठक छोड़कर क्यों गए। चेतावनी भी दी कि उनकी नजर सब पर है किसी को बख्शेंगे नहीं। अग्रवाल का चेतावनी वाला वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हुआ। अग्रवाल के बयान से राजेंद्र राठौड़ के समर्थक भड़क गए।

## गुरुग्राम में रहने वालों के लिए राहत की खबर, 34 कॉलोनियों में घरों के ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन लाइनें हटेंगी

**गुरुग्राम एजेंसी।**
गुरुग्राम के सोहना, बादशाहपुर, पटौदी और फर्रुखनगर में विकसित 34 कॉलोनियों में घरों के ऊपर या पास से निकल रही 11केवीए क्षमता की हाईटेंशन केबल को हटाया जाएगा। इनमें से 16 कॉलोनियों में हाईटेंशन केबल को स्थानांतरित करने का काम आवंटित किया जा चुका है, जो कार्य अक्टूबर माह तक पूरा कर लिया जाएगा।

चुनाव आचार संहिता हटने के बाद 18 कॉलोनियों में हाईटेंशन केबल को स्थानांतरित करने की मंजूरी लेने के बाद उन्हें हटाया जाएगा। यह फैसला हाईटेंशन केबल के चलते हो रहे हादसों के मद्देनजर लिया है। डीएचबीवीएन से मिली जानकारी के मुताबिक खोरी खुर्द के सरकारी स्कूल के पास से 750 मीटर, गांव जौरासी में 700 मीटर, गांव सराय में 700 मीटर, मोहम्मदपुर में 500 मीटर, राधे नगर में 100 मीटर, पथरेड़ी फीडर में भगवाना के घर के पास 300 मीटर, सोहना बाईपास के जावेद कॉलोनी के पास 1400 मीटर केबल को स्थानांतरित करने का काम आवंटित किया जा चुका है। इन केबल को 31 अक्टूबर तक हटा दिया जाएगा।

इस तरह शेखपुर में तावडू से नट मोहल्ला तक 2200 मीटर, जलालपुर फीडर से डिंगरहेड़ी स्थित बीपीएल कॉलोनी तक 400 मीटर, राठीवास फीडर में कलवाड़ी गांव से 600 मीटर, फतेहपुर से 800 मीटर, झामूवास से 550 मीटर की हाईटेंशन केबल को स्थानांतरित किया जाएगा। दादू गांव में हरिजन



बस्ती 520 मीटर, धुलावट गांव में 700 मीटर, खरखड़ी गांव में एक किलोमीटर, धलावट गांव में धूलावाला के समीप 1050 मीटर, सोहना शहर में एचएफडीसी बैंक से पलवल रोड पर ढाई किलोमीटर, सोहना से तावडू रोड पर तीन किलोमीटर, दमदमा रोड पर डेढ़ किलोमीटर, भोगपुर में 650 मीटर, रायपुर में 1970 मीटर की हाईटेंशन केबल को स्थानांतरित करने की योजना है। चुनाव आचार संहिता के बाद उच्चाधिकारियों को घरों के पास से निकल रही हाईटेंशन केबल के बारे में अवगत करवाया जाएगा। मंजूरी लेने के बाद इन केबल को स्थानांतरित करने का इस्टीमेट बनाया जाएगा। अगले साल में इन केबल को हटा दिया जाएगा। इसके अलावा पटौदी और फर्रुखनगर क्षेत्र की छह कॉलोनियों से केबल को स्थानांतरित किया जाएगा।

गत 12 जुलाई को भवानी इंकलेव कॉलोनी में छत की सफाई करने के दौरान एक महिला छज्जे के पास से निकल रही 11 केवीए हाईटेंशन केबल की चपेट में आ गई थी। इससे महिला की मौके पर मौत हो गई थी। महिला को बचाने गए उसका बेटा और भाभी भी झुलस गए थे, जिन्हें इलाज के लिए दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में दाखिल करवाया गया था। पिछले सप्ताह प्रेमपुरी झाड़सा गांव में छत पर पतंग उड़ा रहे तीन बच्चे 66 केवीए हाईटेंशन लाइन की चपेट में आकर झुलस गए थे। ये लाइन इनके घर के ऊपर से निकल रही है।

## दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे के दो खंड अक्टूबर तक खोलने की तैयारी, पीएम कर सकते हैं उद्घाटन

**गाजियाबाद एजेंसी।**
दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे के दो खंड अब अक्टूबर तक खोलने की तैयारी है। अक्षरधाम से खजूरी पुश्ता और खेकड़ा तक दोनों खंड का करीब 97 फीसदी काम पूरा हो गया है। यह एक्सप्रेसवे पहले 15 अगस्त तक खोलने की तैयारी थी, लेकिन निर्माण कार्य की रफ्तार धीमी होने से परियोजना एक साल पिछड़ गई।

यह एक्सप्रेसवे अक्षरधाम से लक्ष्मीनगर, गीता कॉलोनी, लोहे का पुल (कैलाश कॉलोनी), शास्त्री पार्क न्यू उस्मानपुर, करतार नगर, खजूरी खास चौक, बिहारीपुर,अंकुर विहार, शारदा सिटी, पावी पुश्ता (लोनी), मंडोला एनबीसीसी टाउनशिप से खेकड़ा (मवीकलां) तक बनाया जा रहा है। एक्सप्रेसवे का काम दो खंड में बांटकर किया जा रहा है। बागपत के पास मवीकलां गांव में एक्सप्रेसवे को ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे से जोड़ा जाएगा। यह एक्सप्रेसवे लगभग 32



किलोमीटर लंबा है। इसमें दिल्ली में 17 किलोमीटर का हिस्सा एलिवेटेड है। शेष 15 किलोमीटर का हिस्सा गाजियाबाद और बागपत की सीमा में है। यह परियोजना वर्ष 2023 में पूरी होनी थी, लेकिन काम अब भी चल रहा है। एक्सप्रेसवे के कार्य की रफ्तार धीमी होने से परियोजना तय समय पर तैयार नहीं हो सकी। दिल्ली के हिस्से में बड़ी मशीन और मजदूर कम लगाए गए थे। वहीं, लोनी क्षेत्र में सर्विस रोड के लिए करीब 50 मीटर की जमीन पर विवाद है। यह जमीन आवास विकास परिषद को एनएचएआई को उपलब्ध करानी है। विवाद के चलते जमीन मिलने में देरी हो रही है। एनएचएआई के एक अधिकारी ने बताया कि अक्टूबर तक एक्सप्रेसवे के दोनों खंड आम लोगों के लिए खोल दिए जाएंगे। वहीं, परियोजना अधिकारी धीरज का कहना है कि निर्माण कार्य तेजी से कराया जा रहा है।

खेकड़ा तक एक्सप्रेसवे शुरू होने से लोगों की राह आसन होगी। वाहन चालकों को इस समय देहरादून जाने के लिए कई जगह जाम में फंसना पड़ता है। दिल्ली-मेरठ मार्ग पर कई जाम लग रहा है। इससे वाहन चालकों को परेशानी उठानी पड़ती है। सात से आठ घंटे देहरादून तक पहुंचने में लग रहे हैं।

सूत्रों ने बताया कि दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कर सकते हैं। उद्घाटन की तारीख पीएमओ से तय होनी है। इसे ध्यान में रखते हुए निर्माण कार्य तेजी से कराया जा रहा है। 97 फीसदी काम पूरा होने का दावा किया जा रहा है।

## हरियाणा की बादशाहपुर विधानसभा सीट पर लगी भाजपा नेताओं की लाइन

**बादशाहपुर, एजेंसी।** हरियाणा विधानसभा चुनाव नजदीक हैं और टिकटों के लिए दावेदारी पेश करने का दौर जारी है। खबर है कि राज्य के बादशाहपुर विधानसभा क्षेत्र से टिकट के लिए भारतीय जनता पार्टी के कई दिग्गज दावा पेश कर रहे हैं। हालांकि, पार्टी ने अब तक उम्मीदवारों के नामों का ऐलान नहीं किया है। आने वाले दो दिनों में भाजपा कैंडिडेट्स के लिए बड़ी बैठक करने जा रही है। जम्मू और कश्मीर के साथ हरियाणा के भी चुनाव परिणाम 4 अक्टूबर को घोषित होंगे। एक रिपोर्ट के अनुसार, पूर्व मुख्यमंत्री और मौजूदा केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर के पूर्व ह्रस्ठ जवाहर यादव, पार्टी के जिलाध्यक्ष कमल यादव और पूर्व मंत्री राव नरबीर सिंह इस सीट से दावा पेश कर रहे हैं। खास बात है कि मतदाताओं की संख्या के लिहाज से भी यह राज्य की सबसे बड़ी सीट है। गुड़गांव लोकसभा क्षेत्र के तहत आने वाली 9 सीटों में से एक बादशाहपुर सेगमेंट में 4.5 लाख मतदाता हैं।

रिपोर्ट में भाजपा के अनुमान के हवाले से बताया गया कि बादशाहपुर में करीब 1.25 लाख अहीर (यादव), 60 हजार जाट, 50 हजार अनुसूचित जाति के सदस्य, 35 हजार ब्राह्मण और 30 हजार पंजाबी हैं। साथ ही यहां गुज्जर, राजपूत और मुस्लिम वोटर भी हैं।

**क्यों है बादशाहपुर में इतनी हलचल:** रिपोर्ट के मुताबिक, हाल ही में संपन्न हुए लोकसभा चुनाव के चलते तीन उम्मीदवार इस सीट को लेकर उत्साहित नजर आ रहे हैं। दरअसल, भाजपा ने सबसे ज्यादा 1.2 लाख वोट इसी विधानसभा क्षेत्र से हासिल किए हैं। राज्य में पार्टी ने 5 लोकसभा सीटें जीतने में सफलता हासिल की थी।

## ग्रेटर नोएडा के शाहबेरी में 148 अवैध दुकानों को ध्वस्त करने का ऐक्शन प्लान तैयार

**ग्रेटर नोएडा एजेंसी।**
ग्रेटर नोएडा के शाहबेरी गांव में शत्रु संपत्ति की 10950 वर्गमीटर जमीन से अवैध अतिक्रमण हटाने का अभियान आज से शुरू हो जाएगा। जिला प्रशासन की टीम ने चार खसरा नंबर पर बनी 148 अवैध दुकानों को ध्वस्त करने की कार्ययोजना तैयार कर ली है। हालात पर काबू पाने के लिए मौके पर भारी पुलिस बल भी तैनात रहेगा। कानून-व्यवस्था एवं यातायात संबंधी परेशानी से निपटने के लिए पुलिस से सहयोग मांगा गया है।

जिला प्रशासन के एक अधिकारी ने बताया कि 28 अगस्त तक अवैध निर्माण को तोड़ने का आदेश जारी होने के बाद लेखपाल दर्शन कुमार ने टीम के साथ मौके पर जाकर निरीक्षण किया। सार्वजनिक नोटिस चस्पा कर अवैध निर्माण हटाने के लिए सात दिनों का समय दिया। समयसीमा पूरा होने के बाद भी शाहबेरी से निर्माण नहीं हटाया गया। शाहबेरी



के खसरा नंबर 13, 30, 125 और 187 में शत्रु संपत्ति है। खसरा नंबर 197 में 8790 वर्गमीटर जमीन है। इस पर करीब 148 दुकानें बनी हुई है। मार्च 2023 में प्रशासन ने 96 दुकानों को सील भी कर दिया था। खसरा नंबर 13 की 1520 वर्गमीटर जमीन पर चार भवन निर्मित हैं। खसरा नंबर 30 में 250 वर्गमीटर और 125 में 390 वर्गमीटर में भी अवैध कब्जा है। अब दादरी प्रशासन की टीम ने इस अवैध निर्माण को हटाने की तैयारी कर ली है। प्रशासन धीरे-धीरे कर यहां से अवैध कब्जे को हटाएगा। दुकानों व भवनों को खाली करने के लिए प्रशासन की ओर से पहले ही सार्वजनिक सूचना जारी कर दी गई थी। दादरी प्रशासन का कहना है कि कार्रवाई से यातायात प्रभावित नहीं होगा। जहां पर कार्रवाई होगी, वह मुख्य मार्ग से दूर है। हालांकि, शांति बहाल करने के लिए मौके पर भारी पुलिस बल की तैनाती रहेगी। प्रशासन की टीम पुलिस अधिकारियों की मौजूदगी में अभियान का शुरू करेगी। यह कार्रवाई एक सप्ताह तक चलने की संभावना है। प्रशासन ने जेसीबी इत्यादि का भी बंदोबस्त कर लिया है। शाहबेरी गांव में खसरा नंबर 13, 30, 68, 69, 124, 125, 186, 187 और 205 में करीब 10 हजार वर्गमीटर से अधिक की शत्रु संपत्ति हैं। इनमें 6 खसरा नंबर की जमीन पर अवैध निर्माण हो चुका है। वर्तमान समय में यह जमीन कई करोड़ रुपये की है।

## ममता बनर्जी ने देश में महिलाओं के खिलाफ बढ़ते हुए अपराधों पर बात करते हुए माफी मांगी

**कोलकाता, एजेंसी।**
पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बुधवार को कोलकाता में जूनियर डॉक्टर के साथ हुए और निर्मम हत्या पर अपनी संवेदनाएं व्यक्त की है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में सीएम ममता ने कहा है कि वह तृणमूल छात्र परिषद के स्थापना दिवस के कार्यक्रम को पीड़िता को समर्पित कर रही हैं। इस पोस्ट में ममता बनर्जी ने देश में महिलाओं के खिलाफ बढ़ते हुए अपराधों पर बात करते हुए माफी भी मांगी है।

उन्होंने बंगाली भाषा में एक पोस्ट में लिखा, आज तृणमूल छात्र परिषद के स्थापना दिवस पर मैं इसे अपनी बहन को समर्पित कर रही हूं जिसकी कुछ दिन पहले आरजी कर अस्पताल में दुखद मृत्यु हो गई थी। हम अपनी संवेदना व्यक्त करते हैं और उस जल्द से जल्द न्याय की मांग करते हैं। हमारी संवेदनाएं उन सभी महिलाओं के साथ हैं जो अमानवीय घटनाओं की शिकार हुई हैं। सॉरी। 9 अगस्त को कोलकाता के आर जी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल परिसर में 31 वर्षीय प्रशिक्षु डॉक्टर के बलात्कार और हत्या के बाद पूरे देश में आक्रोश है। लोग पीड़िता के लिए न्याय की मांग करते हुए विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं।

**युवाओं से की खास अपील:** ममता बनर्जी ने आगे छात्रों और युवाओं की सामाजिक भूमिका पर जोर दिया। उन्होंने कहा, समाज और संस्कृति को जागृत रखते हुए नए सपने दिखाना और नए दिन के उवल संकल्पों से सभी को प्रेरित करना युवाओं का काम है। आज मेरी सभी से अपील है कि वे इस प्रयास में आगे बढ़े। मेरे प्यारे विद्यार्थियों, स्वस्थ रहें और उवल भविष्य के लिए प्रतिबद्ध रहें।

डूरंड कप 2024

# मोहन बागान ने पेनाल्टी शूटआउट में बंगलूरू को हराया



## फाइनल मैच में नॉर्थईस्ट यूनाइटेड से मुकाबला

**नईदिल्ली, एजेंसी।** डूरंड कप 2024 के दूसरे सेमीफाइनल में मोहन बागान ने बेंगलुरू को हरा दिया। अब फाइनल में शनिवार को नॉर्थईस्ट यूनाइटेड और मोहन बागान के बीच मुकाबला खेला जाएगा।

डूरंड कप 2024 में मोहन बागान सुपर जायंट्स ने दूसरे सेमीफाइनल मैच में बंगलूरू एफसी को 4-3 से हरा दिया। मैच का समापन रेगुलेशन टाइम में 2-2 की बराबरी के साथ हुआ, जिसके बाद पेनाल्टी शूटआउट से विजेता का फैसला हुआ।

मंगलवार को मोहन बागान सुपर जायंट्स पेनाल्टी शूट-आउट में बंगलूरू से बीस साबित हुई और विवेकानंद युवा भारती क्रीड़ांगन में खेले गए रोमांचक मुकाबले में फाइनल में जगह बनाई। 133वें इंडियनऑयल डूरंड कप 2024 के फाइनल में अब मोहन बागान का सामना नॉर्थईस्ट यूनाइटेड से होगा। मोहन बागान की तरफ से पेनाल्टी शूटआउट में जेसन कमिंग्स, मनवीर सिंह, लिस्टन कोलाको और डिमिट्री पेट्राटोस ने गोल करने में कामयाबी पाई। रेगुलेशन टाइम में बेंगलुरू एफसी ने सुनील छेत्री (42वें मिनट) और युवा प्रतिभा विनीत वेंकटेश (50वें मिनट) के गोलों की मदद से 2-0 की बढ़त बना रखी थी। 2-0 से पिछड़ रही मोहन बागान ने जबरदस्त वापसी की।

डिमिट्री पेट्राटोस (68वें मिनट) और अनुरुद्ध थापा (84वें मिनट) ने गोल कर स्कोर बराबर किए। खेल खत्म होने से पांच मिनट पहले थापा के गोल ने सुनिश्चित कर दिया कि मैच पेनल्टी पर जाएगा। अब मोहन बागान का सामना शनिवार को नॉर्थईस्ट यूनाइटेड एफसी से फाइनल में होगा।



संक्षिप्त समाचार

## जय शाह की आईसीसी में एंट्री, बनाया गया उन्हें नया चेयरमैन



**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के सचिव जय शाह को आईसीसी का नया चेयरमैन नियुक्त किया गया है। वह निर्विरोध आईसीसी के नए चेयरमैन बने हैं। उनका कार्यकाल 1 दिसंबर 2024 से शुरू होगा। जय शाह से पहले भारत के जगमोहन डलमिया, शरद पवार, एन श्रीनिवासन और शशांक मनोहर आईसीसी के अध्यक्ष रह चुके हैं।



# बुमराह की सलाह से बदलेगा शिवम मावी का करियर

- 25 साल की उम्र में 4 फ्रेक्चर, फिर भी रफ्तार से समझौते को
- तैयार नहीं भारतीय वर्ल्ड चैंपियन खिलाड़ी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** क्रिकेट में तेज गेंदबाजों के लिए सबसे बड़ा खतरा विस्फोटक बल्लेबाज नहीं बल्कि इंजरी होती हैं। तेज गेंदबाजों को इंजरी का सबसे ज्यादा खतरा होता है। ऐसे में महज 25 साल की उम्र में अगर आपको चार-चार फ्रैक्चर हो जाएं तो मानसिक तौर पर खिलाड़ी बहुत टूट जाता है। हालांकि भारत के युवा तेज गेंदबाज शिवम मावी गिरकर फिर से उठने में यकीन रखते हैं और यही उनके जीवन का सिद्धांत है।

शिवम कई बार हुए चोटिल

शिवम मावी साल 2018 में अंडर19 वर्ल्ड कप जीतने वाली टीम का हिस्सा थे। अब तक टीम इंडिया के लिए केवल छह टी20 मैच खेले हैं। यह संख्या और ज्यादा हो सकती थी अगर मावी बार-बार चोटिल न होते हैं। मावी को अब तक चार स्ट्रेस फैक्टचर के अलावा घुटने में ग्रेट 2 इंजरी भी हुई है। वह बीते एक साल के क्रिकेट से दूर थे। वह घरेलू क्रिकेट के सीजन में भी नजर नहीं आएं। हालांकि उन्होंने उत्तर प्रदेश टी20 लीग के साथ लंबे समय बाद एक्शन में दिखे।

आईपीएल में चोटिल हुए थे शिवम मावी

मावी में अपनी वापसी पर कहा, 'मैंने बहुत समय बाद खेलना शुरू किया। आईपीएल के दौरान चोट लगने से मेरे रिहैब में देरी हुई। मेरी चोट उस जगह के करीब थी जहां मुझे स्ट्रेस फ्रैक्चर हुआ था। मैं पूरी तरह ठीक नहीं हुआ था और इसी कारण लखनऊ सुपर जायंट्स के कैंप में ट्रेनिंग करते हुए चोटिल हो गया। अब मैं फिट हूं और अच्छा महसूस कर रहा हूं। मैं रिदम वापस लाने कोशिश कर रहा हूं।'

तीन फॉर्मेट के लिए खेलना चाहते हैं मावी

शवम मावी ने अपने इंजरी से वापसी पर कहा, 'मैं हार नहीं मानूंगा। मैं अभी बस दौड़ना चाहता हूं और गेंदबाजी करना चाहता हूं। मुझे कुछ और नहीं आता। आप इसे जुनून और प्यार कह सकते हैं लेकिन मैं 25 साल की उम्र में हार कैसे मान सकता हूं। मेरे अंदर वह भूख है कि मैं तीनों फॉर्मेट में देश का प्रतिनिधित्व करूं। यही मेरी प्रेरणा है। गिरूंगा, उठूंगा और फिर से गिर के उठूंगा।' मावी और उनके साथी कमलेश नागरकोटी पिछले कुछ समय से एनसीए में साथ थे। उन्होंने कहा, 'हम शुभमन गिल, अर्श, अभिषेक के बारे में बात कर रहे थे कि वह टीम इंडिया के लिए खेल रहे हैं और हमें इसकी खुशी है। उन्हें देखकर हमें प्रेरणा मिलती है। हमने एक-दूसरे से वादा किया कि हम बेहतर करेंगे।'

## गुजरात टाइटन्स के स्टार तेज गेंदबाज ने गर्लफ्रेंड सारा पेथरिक से सगाई

**नईदिल्ली, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज स्पेंसर जॉनसन ने अपनी गर्लफ्रेंड सारा पेथरिक से सगाई की आधिकारिक घोषणा कर दी है। आईपीएल में गुजरात टाइटन्स के लिए खेलने वाले जॉनसन ने सोशल मीडिया पर इस खुशखबरी को साझा किया जिसमें जोड़े के खास पलों को कैद करने वाली तस्वीरों की एक श्रृंखला पोस्ट की गई।



जॉनसन ने सगाई को सार्वजनिक करने के लिए इंस्टाग्राम का सहारा लिया। उन्होंने सारा के साथ कुछ दिल को छू लेने वाली तस्वीरें साझा कीं। इस पोस्ट को 7,600 से अधिक लाइक मिले हैं जिसमें सारा गर्व से अपनी नई सगाई की अंगूठी दिखाती हुई दिखाई दे रही हैं। जोड़े ने पोस्ट को केवल मंगेतर शब्द के साथ कैप्शन दिया, जो एक-दूसरे के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। प्रशंसकों और फैंस ने कमेंट्स में बधाई जोड़े को बधाई दी।

स्पेंसर जॉनसन और सारा पेथरिक की रिलेशनशिप टाइमलाइन जॉनसन और सारा का रिश्ता एक लंबी और सहायक यात्रा रही है। वे कई सालों से साथ हैं, अक्सर क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के पुरस्कार समारोह सहित विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेते देखे जाते हैं। साराह द हंड्रेड 2024 के दौरान स्पेंसर का उत्साहवर्धन करने के लिए यूके में भी मौजूद थीं जो उनके क्रिकेट करियर के लिए उनके अटूट समर्थन को दर्शाता है। साराह को न केवल जॉनसन की पार्टनर के रूप में जाना जाता है बल्कि उनकी अपनी पेशेवर उपलब्धियां भी हैं।



## जहीर खान लखनऊ सुपर जाइंट्स के मेंटॉर नियुक्त

**कोलकाता, एजेंसी।** भारत के पूर्व बाएं हाथ के तेज गेंदबाज जहीर खान को बुधवार को कोलकाता में आरपीएसजी ग्रुप मुख्यालय में आयोजित एक औपचारिक कार्यक्रम में लखनऊ सुपर जाइंट्स (एलएसजी) का मेंटॉर नियुक्त किया गया ।

एलएसजी फ्रेंचाइजी के मालिक आरपीएसजी ग्रुप ने अपने एक्स अकाउंट पर लिखा, आपकी सारी अटकलें यहीं खत्म होती हैं! रिवर्स स्विंग के बादशाह, भारतीय दिग्गज ह्रजहीरखान ने लखनऊ टीम के मेंटॉर के रूप में कार्यभार संभाला।

आईपीएल 2023 के बाद गौतम गंभीर के बाहर होने के बाद जहीर एलएसजी में खाली हुई मेंटॉर की भूमिका निभाएंगे। गंभीर बाद में इस साल कोलकाता नाइट राइडर्स के मेंटॉर बने और उन्हें चेन्नई में अपना तीसरा आईपीएल खिताब दिलाया। जुलाई में, वह राहुल द्रविड़ के बाद भारत के पुरुष टीम के मुख्य कोच बने। 45 वर्षीय जहीर एलएसजी के कोचिंग सेट-अप में शामिल हुए, जिसमें जस्टिन लैंगर मुख्य कोच थे, साथ ही लांस क्लूजनर और एडम वोजेस सहायक कोच थे।

मोर्ने मोर्कल के भारतीय टीम में वही पद संभालने के बाद से टीम के पास अभी तक कोई गेंदबाजी कोच नहीं है। एक खिलाड़ी के रूप में, जहीर ने मुंबई इंडियंस, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और दिल्ली कैपिटल्स का प्रतिनिधित्व करते हुए 100 मैच खेले और 7.58 की इकॉनमी रेट से 102 विकेट लिए।

विभिन्न रिपोर्टों में यह भी उल्लेख किया गया है कि भारत की 2011 वनडे विश्व कप विजेता टीम के सदस्य जहीर फ्रेंचाइजी के प्रतिभा विकास कार्यक्रम प्रमुख भी होंगे, हालांकि इस पर आधिकारिक बयान आना बाकी है।



## धवन के बाद दिनेश कार्तिक भी खेलेंगे लीजेंड्स लीग

**नई दिल्ली, एजेंसी।** शिखर धवन के लीजेंड्स लीग क्रिकेट के आगामी सीजन में शामिल होने की घोषणा के एक दिन बाद, भारत के पूर्व विकेटकीपर-बल्लेबाज दिनेश कार्तिक भी इसमें शामिल हो गए हैं। कार्तिक ने इस साल जून में इंडियन प्रीमियर लीग 2024 सीज़न की समाप्ति के बाद क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास की घोषणा की। उन्होंने कैश-रिच लीग में अपने अंतिम कार्यकाल में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु का प्रतिनिधित्व किया। मध्य क्रम में अपनी विस्फोटक बल्लेबाजी के लिए जाने जाते कार्तिक कमेंटेटर के तौर पर भी असाधारण काम कर रहे हैं।

39 वर्षीय खिलाड़ी ने एलएलसी में शामिल होने के बारे में अपनी भावनाएं व्यक्त कीं और कहा कि लीजेंड्स लीग क्रिकेट में खेलना निश्चित रूप से एक ऐसी चीज है जिसका मैं अपनी सेवानिवृत्ति के बाद इंतजार कर रहा हूं। मैं मानसिक और शारीरिक रूप से इस कार्य के लिए तैयार हूं और खेलने के लिए उत्सुक हूं। दिनेश कार्तिक ने तीनों प्रारूपों के 180 मैचों में एक टेस्ट शतक और 17 अर्धशतकों के साथ 3,463 रन बनाए। उन्होंने विकेट के पीछे 172 शिकार भी किए। आईपीएल के 257 मैचों में वह 4,842 रन बनाने में सफल रहे। कार्तिक ने 17 साल में आईपीएल की 6 फ्रेंचाइजी के लिए खेला। उन्होंने 2008 में दिल्ली डेयरडेविल्स (अब दिल्ली कैपिटल्स) के साथ उद्घाटन सत्र में पदार्पण किया। वह 2011 में पंजाब चले गए और मुंबई इंडियंस, गुजरात लायंस, कोलकाता नाइट राइडर्स और आरसीबी के लिए खेलने लगे।

बता दें कि लीजेंड्स लीग सितंबर 2024 में अपना अगला सीज़न शुरू करने के लिए तैयार है।

## चोट से वापसी करना सबसे बड़ी चुनौती थी: टॉड मर्फी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलियाई स्पिनर टॉड मर्फी गर्मियों में चोट और फॉर्म में गिरावट से जूझने के बाद नाथन लियोन के असली उत्तराधिकारी के रूप में अपना दर्जा दोबारा हासिल करने के मिशन पर हैं।



अपने अंतरराष्ट्रीय करियर की आशाजनक शुरुआत के बाद, जिसमें उन्हें विराट कोहली और बेन स्टोक्स जैसे महान क्रिकेट खिलाड़ियों के साथ कंधे से कंधा मिलाते हुए देखा गया, 23 वर्षीय ऑफ स्पिनर को अपने करियर के सबसे चुनौतीपूर्ण सीज़न का सामना करना पड़ा। हालाँकि, मर्फी वापसी करने और ऑस्ट्रेलिया के अगले शीर्ष स्पिनर के रूप में अपनी जगह फिर से पक्की करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

## हॉकी इंडिया ने किया 18 सदस्यीय पुरुष टीम का एलान, इन्हें मिला गोलकीपिंग का जिम्मा

**नईदिल्ली, एजेंसी।** आठ से 17 सितंबर तक होने वाले इस टूर्नामेंट के लिए हॉकी इंडिया ने बुधवार को 18 सदस्यीय टीम की घोषणा की। भारत के अलावा टूर्नामेंट में कोरिया, मलेशिया, पाकिस्तान, जापान और मेजबान चीन भाग लेंगे।

पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने के बाद हरमनप्रीत सिंह की अगुआई वाली भारतीय पुरुष हॉकी टीम अब एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी में अपना प्रभाव छोड़ने के लिए तैयार है। आठ से 17 सितंबर तक होने वाले इस टूर्नामेंट के लिए हॉकी इंडिया ने बुधवार को 18 सदस्यीय टीम की घोषणा की। भारत के अलावा टूर्नामेंट में कोरिया, मलेशिया, पाकिस्तान, जापान और मेजबान चीन भाग लेंगे।

**कृष्ण बहादुर पाठक बने मुख्य गोलकीपर**

भारत के अनुभवी गोलकीपर पीआर श्रीजेश के संन्यास के बाद आगामी



एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी के लिए कृष्ण बहादुर पाठक को भारतीय हॉकी टीम का मुख्य गोलकीपर बनाया गया है। श्रीजेश ने पेरिस ओलंपिक में लगातार दूसरा कांस्य पदक जीतने के बाद हॉकी को अलविदा कह दिया था। पेरिस ओलंपिक में भारत के स्टैंडबाय गोलकीपर रहे पाठक अब मुख्य गोलकीपर होंगे, जबकि सूरज करकेरा रिजर्व गोलकीपर रहेंगे।

अनुभवी मिडफील्डर विवेक सागर प्रसाद को उपकप्तान बनाया गया है। नियमित उपकप्तान हार्दिक सिंह, मनदीप सिंह, ललित उपाध्याय, शमशेर सिंह और गुरजंत सिंह को आराम दिया गया है। भारत के उदीयमान ड्रैग फ्लिकर जुगराज सिंह जूनियर के लिए भी यह सुनहरा मौका होगा। वह प्रो लीग में अपनी प्रतिभा की बानगी दे चुके हैं। अराइजीत सिंह हुंडल टीम में तीसरे ड्रैग फ्लिकर होंगे।

दुनिया के पूर्व नंबर 1 टी20 बल्लेबाज

## डेविड मलान ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से लिया संन्यास

**नईदिल्ली, एजेंसी।** टी20 में दुनिया के पूर्व नंबर 1 बल्लेबाज इंग्लैंड क्रिकेट के प्रमुख क्रिकेटर डेविड मलान ने बुधवार (28 अगस्त) को विभिन्न प्रारूपों में 100 से अधिक खेलों में अपने शानदार करियर के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की।



मालन ने जून 2017 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी20आई में अपना अंतरराष्ट्रीय पदार्पण किया। बाएं हाथ के बल्लेबाज ने कार्डिफ में इंग्लैंड के लिए अपनी पहली पारी में 44 गेंदों पर 78 रन बनाए जिसमें 12 चौके और दो छक्के शामिल थे। उन्होंने 62 टी20आई में थ्री लायंस का प्रतिनिधित्व किया जिसमें 103 नाबाद के उचतम स्कोर के साथ 1892 रन बनाए।

# वेस्टइंडीज ने 10 ओवर के अंदर चेज किया 116 का टारगेट

**नईदिल्ली, एजेंसी।** वेस्टइंडीज ने टी20 सीरीज में 3-0 से क्लीन स्वीप करके इस प्रारूप में टी20 वर्ल्ड कप 2024 की उपविजेता दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अपने वर्चस्व को दर्शाया है। मार्च 2023 से वेस्टइंडीज ने टी20 क्रिकेट में दक्षिण अफ्रीका को दस में से आठ मैच में हराए हैं। टी20 वर्ल्ड कप से पहले और बाद में 3-0 की सीरीज जीत शामिल है। इनमें से आखिरी जीत त्रिनिदाद में बारिश से प्रभावित मैच में मिली।

बारिश के कारण सीरीज का अंतिम मैच निर्धारित समय से एक घंटे बाद शुरू हुआ, लेकिन ओवर में कोई कटौती नहीं हुई। दक्षिण



## टी20 वर्ल्ड कप 2024 के उपविजेता का क्लीन स्वीप

अफ्रीका की पारी के पांचवें ओवर में मैच फिर रुका और 70 मिनट और खराब हो गए। इसके बाद ओवर घटाए गए। 13-13 ओवर का मैच हुआ।दक्षिण अफ्रीका ने 4 विकेट पर 108 रन बनाए। वेस्टइंडीज के दो स्पिनर अकील होसेन और स्टैंड-इन कप्तान रोस्टन चेस ने रन नहीं बनने दिया। दोनों कुल मिलाकर पांच ओवर में 22 रन दिए। केवल ट्रिस्टन स्टब्स ने 30 से अधिक रन बनाए। वेस्टइंडीज को 116 रन का टारगेट मिला। यह टारगेट 10 ओवर के अंदर चेज हो गया।

**22 गेंद शेष रहते मैच समाप्त:** मेजबान टीम पहले ही ओवर में बैकफुट पर चली गई जब ब्योर्न फोर्टुइन ने पहले ओवर में एलिक एथनाजे को मिड-ऑन पर कैच कराया, लेकिन बाकी बल्लेबाजों ने अच्छा प्रदर्शन किया। शाई होप और निकोलस पूरन ने दूसरे विकेट के लिए 20 गेंदों पर 58 रनों की साझेदारी की। वेस्टइंडीज को मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया। फिर होप और शिमरॉन हेटमायर के बीच नाबाद 56 रनों की साझेदारी ने मैच को 22 गेंद शेष रहते समाप्त कर दिया।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉग ऑन करें
www.sonvarshavani.com
ई-पेपर
sonvarshavani.com.epaper



## न्यूज बाइट्स

### डुमरी पंचायत में हुआ जीपीपीएफटी का गठन

**अम्बा (औरंगाबाद) (का.सं.)।** आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम के तहत पिरामल फाउंडेशन द्वारा कुटुम्बा प्रखंड के डुमरी पंचायत में ग्राम पंचायत योजना सुगमकर्ता दल(जीपीपीएफटी) का गठन कराया गया। इस मौके पर फोरम के अध्यक्ष पंचायत के मुखिया रविन्द्र यादव ने अपने पंचायत को स्वास्थ्य के साथ ही शिक्षा के क्षेत्र में भी अग्रणी करने पर जोर दिया। गौरतलब है कि औरंगाबाद जिले के चार प्रखंड-मदनपुर, देव, कुटुंबा तथा नबीनगर नीति आयोग की रिपोर्ट के अनुसार आकांक्षी प्रखंडों में आते हैं। नीति आयोग के अनुसार आकांक्षी प्रखंडों के सभी 81 पंचायत में जीपीपीएफटी फोरम का गठन किया जाना है। केन्द्र सरकार और राज्य सरकार की तकनीकी सहायक संस्था पिरामल फाउंडेशन के द्वारा बिहार के सभी 61 प्रखंडों सहित पूरे राज्य में स्वास्थ्य, शिक्षा तथा पोषण पर काम कर रही है। इसके साथ ही जीपीपीएफटी फोरम को बनवाने में पंचायती राज विभाग को भी सहयोग कर रही है। पिरामल फाउंडेशन के जिला प्रतिनिधि जितेन्द्र कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि किस प्रकार पंचायत के स्थानीय लोंगो, जैसे हायपर लोकल एनजीओ, युवा स्वंय संघ, मीडिया फेथ लीडर तथा स्वयं सहायता समूह के सहयोग से इन सभी मुद्दों पर काम कर पूरे पंचायत को सक्षम पंचायत बनाया जा सकता है। बैठक में पंचायत के सभी विद्यालय के प्रधानाध्यापक, कृषि सलाहकार रोजगार सेवक, वार्ड सदस्य, आवास सहायक, आशा वर्कर, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, जीविका तथा ग्रामीण जनों ने भाग लिया। फोरम के गठन के बाद यह निर्णय लिया गया कि प्रत्येक एक से दो माह पर बैठक का आयोजन किया जाएगा और पूर्व में किये गए कर्यो की समीक्षा कर आगे की रणनीति बनाई जायेगी।

### पुण्यतिथि पर श्रद्धा के साथ याद किए गए अधिवक्ता संतोष स्नेही

**औरंगाबाद (का.सं.)।** जिला विधिज्ञ संघ, औरंगाबाद में बुधवार को दिवंगत युवा अधिवक्ता संतोष कुमार स्नेही की 10वीं पुण्यतिथि मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला विधिज्ञ संघ के अध्यक्ष विजय कुमार पांडेय ने की जबकि संचालन मीडिया प्रभारी अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने किया। कार्यक्रम के आरंभ में अधिवक्ताओं ने दिवंगत अधिवक्ता के चित्र पर माल्यार्पण कर उनके व्यक्तित्व-कृतित्व पर प्रकाश डाला। वक्ताओं ने कहा कि युवा अधिवक्ता संतोष स्नेही दीवानी मामलों के अच्छे जानकार थे। वें बड़े कर्तव्यनिष्ठा और ईमानदारी के साथ विधि व्यवसाय के प्रति समर्पित थे। उनका निधन जिला विधिज्ञ संघ के लिए अपूरणीय क्षति थी।

रोहतास से झारखंड के लिए निकली थी मृतिका, पति की 10 साल पहले हो गई है मौत

# सड़क हादसे में महिला की मौत, एक घायल

- मृतक महिला की पहचान रोहतास के बिक्रमगंज थाना क्षेत्र के जोन्हीं गांव की निवासी मीना देवी (54) के रूप में हुई, जो स्वर्गीय कृष्ण सिंह की पत्नी थीं।
- महिला अपने बेटे के साथ झारखंड के हरिहरगंज थाना क्षेत्र के सुल्तानी घाट स्थित अपने नानी घर जा रही थी।
- मृतिका मीना देवी के पति कृष्ण सिंह बिहार पुलिस में सिपाही थे, जिनकी 10 साल पहले ड्यूटी के दौरान मौत हो गई थी।



निज संवाददाता | जम्होर (औरंगाबाद)

औरंगाबाद पटना पथ चित्र गोपी मोड़ के पास तेज रफ्तार पिकअप ने पीछे से एक बाइक में टक्कर मार दी। इससे बाइक सवार एक महिला समेत चालक सड़क पर गिर गया। स्थानीय लोगों द्वारा औरंगाबाद सदर अस्पताल में दोनों को लाया गया। जहां डॉक्टर जावेद ने महिला को मृत घोषित कर दिया। वहीं, घायल की इलाज सदर अस्पताल में की जा रही है। मृतक महिला की पहचान रोहतास के बिक्रमगंज थाना क्षेत्र के जोन्हीं गांव निवासी स्वर्गीय कृष्ण सिंह की पत्नी मीना देवी(54) के रूप में हुई है। वहीं, घायल की पहचान इसी गांव के प्रिंस कुमार(25) के रूप में की गई है। घटना की जानकारी देते हुए मृतिका के छोटे बेटे राजकुमार ने बताया कि बुधवार की सुबह में मम्मी घर से नानी के यहां जाने के लिए निकली थी। नानी घर झारखंड के हरिहरगंज थाना क्षेत्र के सुल्तानी घाट में है। मां चचेरे भाई प्रिंस कुमार के साथ बाइक पर सवार होकर निकली थी।

तभी जम्होर थाना क्षेत्र के चित्र गोपी मोड़ के पास पीछे से आ रही पिकअप वाहन ने झटका मार दिया। इससे वे लोग दोनों सड़क पर गिर गए। गिरने के कारण मेरी मां को सिर में चोट लग गई। इससे मौके पर ही उनकी मौत हो गई। मृतिका के पति स्व कृष्णा सिंह की 10 साल पहले ड्यूटी के दौरान मौत हो गई थी। मृतिका के पति बिहार पुलिस में सिपाही पद पर कार्यरत थे। मृतिका के 2 बेटे हैं। बड़ा बेटा संजय सिंह श्रीनगर में इंडियन आर्मी में हैं। छोटा बेटा राज कुमार मामा के घर (हरिगंज के सुल्तान घाट) में रहकर बिजनेस करता है। वहीं, मिली जानकारी के अनुसार घायल प्रिंस कुमार को औरंगाबाद में बिहार पुलिस के सिपाही भर्ती के छठे चरण की परीक्षा में सम्मिलित होना था। इसका केंद्र औरंगाबाद गेट स्कूल में था। परिजनों के मुताबिक मृतिका औरंगाबाद से बस के माध्यम से हरिहरगंज जाती थी।

एक ही रूट पर एक किमी. के अंतर पर एक के पीछे चल सकेंगी एक ट्रेन

# अनुग्रह नारायण रोड समेत चार रेलवे स्टेशनों पर ऑटोमेटिक ब्लॉक सिगनलिंग सिस्टम की प्रक्रिया शुरू

कार्यालय संवाददाता | औरंगाबाद




पूर्व मध्य रेल में करीब 417 किमी. लंबे पंडित दीनदयाल उपाध्याय-गया प्रधानखंटा रेलखंड पर औरंगाबाद के अनुग्रह नारायण रोड समेत चार रेलवे स्टेशनों को ऑटोमेटिक ब्लॉक सिगनलिंग सिस्टम से लैस किया जाने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सरस्वती चंद्र ने बताया कि इसके तहत लगभग 61.86 किलोमीटर रेलखंड पर ऑटोमेटिक ब्लॉक सिगनलिंग सिस्टम की कमीशनिंग की जा चुकी है। वही अनुग्रह नारायण रोड-पहलेजा (23 किमी) तथा मानपुर-गुरपा (38.86 किमी) रेलखंड पर ऑटोमेटिक ब्लॉक सिगनलिंग प्रणाली की कमीशनिंग की जा चुकी है और कार्य करना प्रारंभ कर दिया गया है। जबकि 23.63 किलोमीटर लंबे पंडित दीनदयाल उपाध्याय-सैयदराजा तथा 13.4 किलोमीटर लंबे पहलेजा-सासाराम रेलखंड पर ऑटोमेटिक ब्लॉक सिगनलिंग सिस्टम की कमीशनिंग सितंबर माह के अंत तक पूरी कर ली जाएगी। गौरतलब है कि अभी परंपरागत सिगनलिंग सिस्टम चल रहा है, जिसमें एक ब्लाक सेक्शन में ट्रेन के अगले स्टेशन पर पहुंच जाने के बाद ही पीछे वाली ट्रेन को आगे बढ़ने के लिए ग्रीन सिग्नल मिलता है जिससे खाली रेल लाइनों की क्षमता का पूरा उपयोग नहीं हो पाता है। ऑटोमेटिक ब्लॉक सिग्नलिंग सिस्टम में दो स्टेशनों के मध्य लगभग प्रत्येक एक किलोमीटर की दूरी पर सिगनल लगाए जाते हैं। सिग्नल के सहारे ट्रेनें एक-दूसरे के पीछे चलती रहेंगी। अगर आगे वाले सिग्नल में तकनीकी खामी आती है तो पीछे चल रही ट्रेनों को भी सूचना मिल जाएगी जिससे जो ट्रेन जहां रहेंगी, वहीं रुक जाएंगी। ऑटोमेटिक ब्लॉक सिग्नल सिस्टम के लागू हो जाने से एक ही रूट पर लगभग एक किमी के अंतर पर एक के पीछे एक ट्रेनें चल सकेंगी। इससे रेल लाइनों पर ट्रेनों की रफ्तार के साथ ही संख्या भी बढ़ सकेगी। वहीं कहीं भी खड़ी ट्रेन को निकलने के लिए आगे चल रही ट्रेन के अगले स्टेशन तक पहुंचने का भी इंतजार नहीं करना पड़ेगा। यानी एक ब्लॉक सेक्शन में एक के पीछे दूसरी ट्रेन आसानी से चल सकेगी। इसके साथ ही कंट्रोल रूम को ट्रेनों के सही लोकेशन की जानकारी मिलती रहेगी।

# युवक ने चलाई गोली, बाल-बाल बचे पुलिस पदाधिकारी, हुआ गिरफ्तार

निज संवाददाता | रफीगंज (औरंगाबाद)



अवैध देसी कट्टा एवं जिंदा कारतूस के साथ एक युवक को औरंगाबाद के रफीगंज थाना की पुलिस ने बुधवार को गिरफ्तार किया गया है। पकड़े गए युवक की पहचान रफीगंज थाना क्षेत्र के भल्लू खैरा गांव निवासी 24 वर्षीय राशिद खान के रूप में की गई है। दरअसल पुलिस को सूचना मिली कि एक युवक के पास अवैध देसी कट्टा और जिंदा कारतूस हैं। सूचना पर मौके पर पहुंचे पुलिस पदाधिकारी पर उसने फायर कर दिया, लेकिन संयोग से फायर मिस हो गया। इस दौरान पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए युवक को धर दबोचा। उसके पास से एक देसी कट्टा एवं चार जिंदा कारतूस बरामद किया गया। औरंगाबाद सदर के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी(एसडीपीओ)-2 अमित कुमार ने बताया कि अवैध देसी कट्टा एवं जिंदा कारतूस के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि रफीगंज थानाध्यक्ष गुफरान अली को सूचना कि एक युवक के पास अवैध देसी कट्टा और जिंदा कारतूस हैं। तत्पश्चात पुलिस अधीक्षक स्वप्ना गौतम मेश्राम के निर्देशानुसार युवक के घर की घेराबंदी करते हुए उसे पकड़ा गया। इस दौरान गनीमत रही कि फायर मिस हो गया। मामले में आवश्यक पूछताछ के बाद उसे जेल भेज दिया गया। इस कार्रवाई में थानाध्यक्ष गुफरान अली, एसआई मिथलेश कुमार, पीएसआई विनोद कुमार, बीएसएपी अर्जुन उरांव, चंदन कुमार, रौशन कुमार एवं महिला सिपाही सोनी कुमारी शामिल थीं।

विश्व प्रसिद्ध देव सूर्य मंदिर में अब श्रद्धालुओं के नंगें पांवों को मिलेगी राहत

# सूर्य मंदिर में लखा ग्रेनाइट बिछाने से श्रद्धालुओं को मिलेगी राहत

निज संवाददाता | देव (औरंगाबाद)




आम तौर पर किसी भी मंदिर में श्रद्धालुओं को नंगें पैर ही जाना पड़ता है। इस स्थिति में मंदिर परिसर में गर्मी के मौसम में श्रद्धालुओं को पैरों को गर्मी और सर्दी के मौसम में ठंड का कष्ट झेलना पड़ता है। लेकिन औरंगाबाद के विश्व प्रसिद्ध सौर तीर्थ स्थल देव के त्रेतायुगीन सूर्य मंदिर में श्रद्धालुओं और भक्तों के नंगें पांवों को अब सुकून मिलेगा। ऐसा विश्वविख्यात पश्चिमाभिमुखी सूर्य मंदिर प्रांगण में लखा ग्रेनाइट बिछाए जाने से संभव हो सकेगा। लखा ग्रेनाइट की यह खासियत है कि सर्दी और गर्मी के मौसम में भी यह न ज्यादा गर्म होता है और न ज्यादा ठंड़ा होता है बल्कि इसका तापमान हमेशा सामान्य बना रहता है। मंदिर परिसर में लगाने के लिए लखा ग्रेनाइट उपलब्ध कराने का काम श्री सीमेंट द्वारा कारपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व(सीएसआर) निर्वहन के लिए संचालित श्री फाउंडेशन ने किया है। श्री सीमेंट के औरंगाबाद स्थित बिहार सीमेंट प्लांट माध्यम से यह कार्य श्रद्धालओं की सुविधा के लिए किया गया है। सूर्य मंदिर परिसर में लगाने के लिये लखा ग्रेनाइट पत्थर उपलब्ध कराने पर देव सूर्य मंदिर प्रबंधन ने बिहार सीमेंट प्लांट के यूनिट हेड सह श्री सीमेंट के सहायक उपाध्यक्ष अनिल शर्मा एवं मैनेजमेंट इंचार्ज भरत सिंह राठौर को सम्मानित किया है। मंदिर प्रबंध समिति के सदस्य व विधान परिषद के सभापति के प्रतिनिधि सह भाजपा के जिला कोषाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह ने बिहार सीमेंट प्लांट पहुंच कर फैक्ट्री के यूनिट हेड अनिल शर्मा एवं मैनेजमेंट इंचार्ज भरत सिंह राठौर को उनके कार्यालय में पुष्प गुच्छ और अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। इस मौके पर सिंह ने कहा कि देव एक ऐतिहासिक स्थल है, जिसे राज्य सरकार द्वारा पर्यटन स्थल घोषित किया है। साथ ही यहां लोक आस्था के महापर्व कार्तिक एवं चैती छठ पर लाखों छठव्रती और श्रद्धालु यहां भगवान सूर्य की पूजा करने आते है। यह मंदिर दुनिया का एकमात्र पश्चिमाभिमुखी सूर्य मंदिर है। उन्होंने देव के अन्य धार्मिक स्थलों पातालगंगा और रानी तालाब जैसे प्रमुख धरोहरों की भी चर्चा की। कहा कि लखा पत्थर(ग्रेनाइट) राजस्थान में ही पाए जाते है। यह ग्रेनाइट लगाए जाने से मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं को गर्मी के मौसम में धूप से पत्थर के गर्म नही होने पर पैरों को राहत मिलेगी और सर्दी में भी राहत मिलेगी। साथ ही मंदिर परिसर का भी आकर्षण बढ़ेगा। कहा कि श्री फाउंडेशन द्वारा फिलहाल 1150 वर्गफुट में ही ग्रेनाइट लगाने का कार्य कराया जा रहा है। उन्होंने यूनिट हेड अनिल शर्मा से आग्रह किया कि शेष बचे भाग में भी ग्रेनाइट लगाने का कार्य पूरा कराया जाए। उन्होने श्री सीमेंट द्वारा कार्तिक एवं चैती छठ महापर्व के अवसर पर देव में जिला प्रशासन के सहयोग से छठव्रतियों के लिये आवासन और पेयजल आदि सुविधा उपलब्ध कराने के लिए भी आभार जताया।

# शिक्षा के साथ बच्चों का संस्कारवान बनाना जरूरी : जितेंद्र सिंह

निज संवाददाता | मदनपुर (औरंगाबाद)

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की आनुषांगिक ईकाई एकल विद्यालय की मासिक बैठक मदनपुर प्रखंड मुख्यालय स्थित घर्मशाला में संपन्न हुई। बैठक में मदनपुर संच के सभी आचार्या के साथ ही नूतन आचार्याओं नें भी भाग लिया। बैठक में विश्व हिन्दू परिषद्के आजीवन हित चिंतक जितेंद सिंह ने कहा कि वर्तमान दौर में बच्चों को शिक्षित बनाने के साथ ही संस्कारवान बनाना जरूरी है। बिना संस्कार के शिक्षा किसी भी राष्ट्र को उच्चतम शिखर पर नहीं ले जा सकती है। अंग्रेजी शिक्षा से देश के युवाओं का मानसिक स्तर निम्न एवं कलुषित हो चुका है। आए दिन चोरी, हत्या, बलात्कार, घुसखोरी, जातीय विवाद की घटनाएं घटित हो रही है। राम एवं कृष्ण हमारे आदर्श हैं। आज हर बालक में राम एवं कृष्ण के चरित्र को गढ़ना होगा। तभी भारत एक बार फिर विश्व गुरु बन सकता है। इस काम में एकल विद्यालय मिल का पत्थर साबित होता दिख रहा है। वहीं विहिप के प्रखंड अध्यक्ष गोपाल सिंह ने कहा कि सनातन की रक्षा संस्कार से ही संभव है। भारत माता के प्रति सेवाभाव एवं सर्मपण की भावना से ही हमारा राष्ट्र समृद्ध होगा। ज्ञानदत्त पाठक नें कहा कि संस्कृत और संस्कृति राष्ट्र की निर्मात्री है। बंगलादेश के हालात से हमें सिख लेने की जरूरत है। हम सर्वे भवंतु सुखिन : के आदर्श को मानने वाले लोग हैं। हमारे डीएनए में ही राम एवं कृष्ण हैं। वहीं अनिल सिंह नें कहा कि एकल विद्यालय सुदूर क्षेत्रों में भी अभिवंचित बच्चों के बीच शिक्षा का दीप प्रज्वलित कर रहा है।

# अनुग्रह नारायण रोड स्टेशन पर लगाया गया दो एटीवीएम अनारक्षित टिकट एवं प्लेटफॉर्म टिकट खरीदना आसान

कार्यालय संवाददाता | औरंगाबाद




यात्रियों को उत्तम सुविधा प्रदान करने हेतु पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल (डीडीयू मंडल) पूर्णतया प्रतिबद्ध है। इसको लेकर डीडीयू मंडल निरंतर कार्यरत है और यात्रियों हेतु सुविधाओं को और बेहतर बनाया जा रहा है। इसी क्रम में यात्रियों को आसानी से टिकट उपलब्ध कराने हेतु डीडीयू मंडल के पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन पर 4, गया जंक्शन पर 4, डेहरी ऑन सोन स्टेशन पर 3, सासाराम स्टेशन पर 3, अनुग्रह नारायण रोड स्टेशन पर 2, भभुआ रोड स्टेशन पर 2 मिलाकर कुल 18 ऑटोमेटिक टिकट वेन्डिग मशीन (एटीवीएम) उपलब्ध हैं। यात्रियों में एटीवीएम के माध्यम से टिकट खरीदने को बढ़ावा दिया जा रहा है। यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए मंडल के स्टेशनों पर एटीवीएम के माध्यम से रेल टिकट खरीदने हेतु फैसिलिटेटर भी तैनात हैं। आधुनिक तकनीक को बढ़ावा देते हुए स्टेशनों पर लगाए गए एटीवीएम के माध्यम से रेल यात्री टिकट काउंटर पर बिना लाईन में लगे अनारक्षित टिकट खरीद कर यात्रा कर सकते हैं। एटीवीएम से प्लेटफार्म टिकट भी खरीदा जा सकता है। यात्रियों द्वारा बुकिंग कार्यालय से जारी किए गए स्मार्ट कार्ड से या एटीवीएम पर प्रदर्शित क्यूआर कोड को स्कैन करके यूपीआई के माध्यम से किराए का भुगतान किया जा सकता है। यात्री एटीवीएम से स्वयं टिकट बना सकते हैं या जरूरत पड़ने पर तैनात एटीवीएम फैसिलिटेटर के माध्यम से भी टिकट खरीद सकते हैं। एटीवीएम के माध्यम से टिकट खरीदना एकदम सरल है। एटीवीएम के माध्यम से टिकट की सुलभता बढ़ी है। इसके अलावा यात्री यूटीएस ऑन मोबाइल ऐप के माध्यम से भी अनारक्षित टिकट और प्लेटफार्म टिकट ले सकते हैं। मंडल में आधुनिक तकनीक वाली इन टिकटिंग सुविधाओं से यात्रियों को काउंटर पर लंबी कतार में देर तक खड़े होने से भी मुक्ति मिल रही है।

# नो पार्किंग में खड़े वाहनों से वसूला गया 96 हजार रूपये जुर्माना



कार्यालय संवाददाता | औरंगाबाद

यातायात पुलिस द्वारा रमेश चौक पर नो पार्किंग में खड़ी वाहन में व्हील लॉक लगाया गया और 96 हजार रूपये जुर्माना वसूला गया। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में यातायात पुलिस उपाधीक्षक मनोज कुमार के द्वारा की गई। यातायात पुलिस उपाधीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि यह कार्यवाही आगे भी जारी रहेगा। विदित हो कि शहर में अवैध पार्किंग से जाम की समस्या उत्पन्न हों जाती हैं। इस कार्रवाई का उद्देश्य नो पार्किंग में खड़े होने वाले वाहनों में कमी लाने के साथ-साथ लोगों को ट्रैफिक नियमों के प्रति जागरूक करने के लिए यह किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बिना हेमलेट और सीट बेल्ट नहीं लगाए 26 वाहन चालकों से 26000 रूपये, नो पार्किंग में खड़े 16 वाहन चालकों से 8000, ट्रिपल राइडिंग 10 वाहन चालकों से 10000 रूपये, बीना लाइसेंस के 6 वाहन चालकों से 30000 रूपये एवं अन्य 22 वाहन चालकों से यातायत नियम उल्लंघन मामले में 22000 रूपये जुर्माना वसूला गया है। उन्होंने बताया कि इस दौरान कुल- 81 वाहनों से 96000 रूपये जुर्माना वसूला गया है।

# दानिका द्वारा मनाई गई पार्श्व गायक मुकेश कुमार की 48वीं पुण्यतिथि



कार्यालय संवाददाता | औरंगाबाद

जिला मुख्यालय औरंगाबाद की महत्वपूर्ण संगीतिक संस्था दानिका संगीत महाविद्यालय के प्रांगण में भारत के महान पार्श्व गायक सदाबहार अभिनेता मुकेश चंद्र माथुर की 48 वीं पुण्यतिथि मुकेश की यादें कार्यक्रम के तहत मनाई गई। दानिका के डायरेक्टर डॉ रविंद्र कुमार के अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम का संचालन संगीत शिक्षक मास्टर विकास कुमार सिंह ने किया। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी कुमार पप्पू राज,विशिष्ट अतिथि राजीव रंजन सिंहा,जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन के उपाध्यक्ष सुरेश विद्यार्थी,अरविंद कुमार सिंह, कवि एवं लेखक शिव प्रसाद सहित अन्य लोगों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। सर्वप्रथम मुकेश के तैल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित किया। तत्पश्चात,उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए वक्ताओं ने कहा कि उनके द्वारा गाए गए गीत मानवीय संवेदना को जगाने वाले होते हैं। मुख्य अतिथि तुम्हारा पप्पू राज ने संबोधन के क्रम में कहा कि औरंगाबाद जिला कला एवं संस्कृति विभाग द्वारा कलाकारों के कल्याण के लिए कोष का निर्माण किया गया है। कलाकारों को किसी तरह की कोई समस्याएं हो तो वे जिला कार्यालय में अपनी समस्याओं कोका निदान करा सकते हैं। सांस्कृतिक कार्यक्रम के प्रस्तुति में राजीव कुमार सिन्हा द्वारा एक दिन मिट जाएगा माटी का मोल,अरविंद कुमार द्वारा मेरी तमन्नाओं की जिंदगी संवार दो, मास्टर विकास द्वारा कभी-कभी मेरे दिल में ख्याल आता है,कंचन मिश्रा द्वारा फूल तुम्हें भेजा है खत में, पूनम मिश्रा द्वारा दुनिया बनाने वाले, अंजली सिंह द्वारा प्यार का एक नगमा है, शिवांगी सिंह ने किसी राह में, गायक अमित कुमार सिंह ने चल अकेला चल, गुनगुन कुमारी, सारिका सिंह, खुशबू कुमारी, निहारिका कुमारी पल्लवी कुमारी, प्रिंस कुमार,मनीष कुमार, धनंजय कुमार सहित अन्य कलाकारों में बेहतरीन प्रस्तुति दी।

